चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

वर्ष 5, अंक 142, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप 16

हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते रणबीर 15

रमज़ान मुबारक
उन्तीसवां रोज़ा इफ्तार - 09 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:40 बजे | शिया- 06:45 बजे
तीसवां रोज़ा सहरी - 10 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:26 बजे | शिया- 04:21 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।

डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

शोपियां में आतंकियों ने दिल्ली के टैक्सी चालक को मारी गोली

श्रीनगर, एजेंसी

- घायल चालक परमजीत को अस्पताल में कराया गया भर्ती
- पुलिस ने इलाके को घेरकर शुरू किया तलाशी अभियान

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार को आतंकवादी हमले में एक गैर कश्मीरी चालक घायल हो गया। शोपियां के हीरपोरा में आतंकियों ने एक टैक्सी ड्राइवर पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। तलाशी अभियान जारी है।

आतंकवादियों ने दिल्ली निवासी परमजीत सिंह को गोली मार दी। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इलाके को घेर कर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। परमजीत गाड़ी लेकर शोपियां इलाके में आया था। सोमवार देर शाम को आतंकियों ने उसे निशाना बनाकर गोलीबारी की। उसे पास से गोली मारी गई है। गोली चलने की आवाज सुनकर लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हमले के बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया है।

महाराष्ट्र की जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ- दंगा करने वालों को पता है कि यूपी में उल्टा लटका दिए जाएंगे

मुंबई हमलों के आतंकी अब पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं

वर्धा/भंडारा, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि अब मुंबई हमलों के आतंकी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं। महाराष्ट्र के वर्धा और भंडारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहला चुनाव है जिसके परिणाम को लेकर पूरे देश में एकमत है।

- कहा कि 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने देश को पहचान, सुरक्षा सम्मान और समृद्धि दी

जनता भी जानती है कि आएंगे तो मोदी ही।

योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी और बाला साहब ठाकरे के सपनों को केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी की सरकारें पूरा कर रही हैं। कहा कि उत्तर प्रदेश में अब दंगा नहीं होता, क्योंकि दंगा करने वालों को पता है कि यूपी में उलटा लटका दिए जाएंगे। वर्धा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम हर ओर पूरे देश में एक ही भाव है। आजादी के बाद संभवतः यह पहला आम चुनाव है, जिसके परिणाम के बारे में जनता अवगत है कि आएंगे तो मोदी ही। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में मोदी जी ने भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि दी है, गरीब कल्याण के अनेक कार्यक्रम किए हैं। इन्हें ध्यान में रखकर विश्वास से कह सकता हूं कि फिर से आएंगे तो मोदी ही। सीएम ने कहा कि महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। यहां के जरिए उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमूत के चूलों को हिलाने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया गया था।

यूपी में अब उपद्रव नहीं, हर ओर कानून का राज

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जिसे पहले उपद्रव प्रदेश कहा जाता था, आज वहां कानून का राज स्थापित हो चुका है। दंगा करने वाले दंगा करना भूल चुके हैं क्योंकि उन्हें पता है कि दंगा किया तो उलटा लटका दिए जाएंगे। हमने जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर तुष्टिकरण नहीं जनता की संतुष्टि के आधार पर काम किया है। उन्होंने कहा कि मध्यकाल में जब यह देश मुगल आक्रांताओं की कुदृष्टि से त्रस्त था तो महाराष्ट्र में एक शक्तिपुंज के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना करते हुए पूरे हिन्दुस्तान को एक नई ज्योति और नई ऊर्जा दी। महाराष्ट्र से निकले उस तेज की आज भी पूरे देश में गूंज है।

घोषणापत्र पर मोदी की टिप्पणी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे भी रखे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष कहा कि वह इस पर कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा तथा गुरदीप सिंह सप्पल ने यहां निर्वाचन भवन जाकर आयोग से मुलाकात की और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि आयोग के समक्ष मोदी की सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग, घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताना तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे रखे। खुर्शीद ने आयोग से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह दुखद है। आप किसी पार्टी से मतभेद रख सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में ऐसा कहना दुखी करने वाली बात है। मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं। हम समझते हैं कि मोदी को ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है। सप्पल ने कहा कि पिछली बार हमने आयोग के सामने फ्री-स्पीच और भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए जाने वाले विभाजनकारी पोस्ट का मुद्दा उठाया था। आज हमने आयोग से कहा है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय कई यू-ट्यब चैनल्स को बंद कर रहा है। आयोग ने कहा है कि वो फ्री-स्पीच चाहते हैं। हमने तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के एफिडेविट का मामला भी आयोग के सामने रखा है। त्रिपुरा में उम्मीदवारों के सामने चुनाव अधिकारियों द्वारा खड़ी की जा रही बाधाओं पर बात रखी है।

टीएमसी नेता डेरेक ओ 'ब्रायन को हिरासत में लेते दिल्ली पुलिस के जवान।

धरने पर बैठे टीएमसी नेता हिरासत में लिए गए

नई दिल्ली। सीबीआई, एनआईए, ईडी और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टीएमसी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दबाव बनाने के लिए आयोग की पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की प. बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में लिया गया। आयोग के प्रवक्ता ने टीएमसी के धरने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं ली गई थी।

ईडी ने केजरीवाल के पीए और आप विधायक से की पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आप विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया गया। ईडी इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। केजरीवाल को पिछले महीने ईडी ने गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कुमार सहित 36 आरोपियों ने घोटाले में हजारों करोड़ की रिश्वत के सबूत छुपाने को 170 फोन नष्ट किए या बदल दिए।

पिछले साल एक स्थानीय अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई सितंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला गया। समझा जाता है कि राजिंदर नगर विधायक पाठक को एजेंसी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 2021-22 चुनाव के संबंध में पूछताछ को बुलाया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 'साउथ ग्रुप' द्वारा दिए 100 करोड़ में से 45 करोड़ का प्रयोग आप ने प्रचार में किया था।

उपराज्यपाल की बैठक से दूर रहे मंत्री : पेज 14

आबकारी नीति : धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया बयान

केजरीवाल पर दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला आज

दिल्ली हाईकोर्ट धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा दोपहर 2 :30 बजे याचिका पर आदेश सुनाएंगी।

मुख्यमंत्री पद से हटाने की तीसरी याचिका भी रद

दिल्ली हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी याचिका भी सोमवार को रद कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आप के पूर्व विधायक संदीप की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने यह अपने 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर की थी। हाईकोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

कविता की जमानत याचिका खारिज

दिल्ली की विशेष अदालत ने शराब नीति घोटाला से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया।

पीलीभीत में प्रधानमंत्री की चुनावी सभा आज

पीलीभीत। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पीलीभीत में जनसभा को संबोधित करेंगे। राजकीय ड्रमंड इंटर कॉलेज में सभा के लिए प्रधानमंत्री दिल्ली से 10 :25 बजे बरेली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां चेंजओवर के बाद पीलीभीत रवाना होंगे। सुबह 10 :55 बजे पीलीभीत के मोमिनगंज में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां से कार द्वारा सुबह 11 बजे जनसभा स्थल पहुंचेंगे।

देश देखेगा रामलला का सूर्याभिषेक

रामनवमी पर दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर 5 मिनट तक पड़ेंगी सूर्य की किरणें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी पर रामलला के सूर्याभिषेक के लिए चल रहा परीक्षण सोमवार को सफल हो गया। परीक्षण में जुटे सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बधाई दी है।

राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव ने सोमवार को बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रीराम का जन्मोत्सव होगा। उस दिन सूर्य की किरण प्रभु श्रीराम के मस्तिष्क पर पांच मिनट तक अभिषेक करेंगी, जिसे पूरे देश के भक्त लाइव देख सकेंगे। रामनवमी के दिन सुबह चार बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक होगा। दोपहर में अभिषेक और शृंगार के लिए 20 मिनट कपाट बंद होंगे और 12 बजे आरती के साथ पुनः मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान सूर्य की किरण रामलला के मस्तक को सुशोभित करेंगी। मंदिर के गर्भगृह में चांदी के तख्त पर चांदी के कलश की स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान को 11 वैदिक ब्राह्मण संपन्न कराएंगे। इसमें रामार्चा, दुर्गा सप्तसती का पाठ, वेद की ऋचाओं का पाठ होगा। अनुष्ठान मंडप के यज्ञशाला में मंत्रोच्चार से आहुतियां डाली जाएंगी। रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला की दिव्य महाआरती होगी। पूर्वाह्न 11:40 से दोपहर 12 बजे तक के लिए दर्शन थम जाएगा। गर्भगृह के पट खुलते ही शंखनाद के साथ महाआरती होगी।

- शृंगार के दौरान 20 मिनट के लिए थम जाएंगे दर्शन-पूजन
- सफल परीक्षण पर सीबीआरआई रुड़की की टीम को ट्रस्ट की बधाई

सेंसेक्स 75 हजार के करीब, सोने ने भी आकाश छुआ

मुंबई। सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। विदेशी निवेशकों के निवेश और रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स 494.28 अंक यानी 0.67% की बढ़त से 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। वह 621.08 तक चढ़कर 74,869.30 अंक तक पहुंचा था। निफ्टी भी 152.60 अंक यानी 0.68% की बढ़त से 22,666.30 अंक पर बंद हुई। वहीं सोना भी 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर पहुंचा। चांदी भी 800 रुपये उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किग्रा की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

चलती कार में मॉडल से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गाजियाबाद के रहने वाले हैं तीनों आरोपी, जयपुर से मुरादाबाद लौट रही थी किशोरी
- आरोपियों ने पीड़िता को धौलकुआं से मुरादाबाद लाते समय दिया घटना को अंजाम
- सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट में दर्ज किया गया मामला

अमृत विचार : दिल्ली से मुरादाबाद आते समय चलती कार में किशोरी से दुष्कर्म करने मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी भरत सिंह, अनिल व सोनू के विरुद्ध नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वह मॉडलिंग करती है। मॉडलिंग के लिए ही वह 5 अप्रैल को जयपुर गई थी। छह अप्रैल को वह बस से धौलकुआं आई, वहां मेट्रो स्टेशन पर भरत सिंह पुत्र मान सिंह, अनिल पुत्र अग्गन व सोनू पुत्र बसीर मिल गए। भरत के पास कार थी। पीड़िता ने बताया है कि वह भरत को पहले से जानती है। भरत सिंह ने उसका पहले भी फोटोशूट कराया था। भरत ने कहा वह भी मुरादाबाद जा रहा है, उसे भी छोड़ देगा, इस पर वह कार में बैठ गई। वह तीनों के साथ गाजियाबाद पहुंची, भरत व उसके साथियों के साथ एक होटल से खाना खाया व कोल्ड ड्रिंक पी। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद उसे नशा होने लगा। इसके बाद सोनू कार ड्राइव करने लगा और भरत व अनिल उसके कपड़े उतारने लगे। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गई।

होश आने पर उसे समझ आया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। इस पर उसने एक पेट्रोल पंप पर कार रुकवाई और वाशरूम जाने के बहाने फोन से यूपी डॉयल-112 को कॉल किया, फिर आकर कार में बैठ गई थी। तीनों लोग उसे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के पास होटल में लाए, जहां पहले से बुक किए कमरे में छोड़कर चले गए। कुछ देर बाद होटल में पुलिस आई। पीड़िता ने अपने माता-पिता को भी बुला लिया था। इसके बाद वह माता-पिता के साथ कोतवाली नगर पहुंची और पुलिस को आपबीती बताया।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों अभियुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

अध्ययन | एरीज की टीम में प्रो. दीपांकर बनर्जी, डॉ. एस कृष्णा प्रसाद व डॉ. टीएस कुमार शामिल

भारतीय युवा वैज्ञानिक खोलेंगे सूर्य के कोरोना का रहस्य

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : भारतीय युवा वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना रहस्य को गहराई से समझने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे हुए हैं। कोरोना वह पहेली है जिसे सूर्य ग्रहण के दौरान ही देखा जा सकता है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के दो युवा वैज्ञानिक डॉ. एस कृष्णा प्रसाद और डॉ. टीएस कुमार के साथ निदेशक दीपांकर बनर्जी भी मौजूद रहेंगे। साल का पहला पूर्ण सूर्यग्रहण भारत से नहीं देखा जा सकेगा। अमेरिका पहुंचे वैज्ञानिकों ने ग्रहण के अध्ययन को लेकर रूपरेखा साझा की है।

ज्ञातव्य हो कि भारत का समर्पित सौर अंतरिक्ष मिशन, आदित्य-एल1 के हालिया लॉन्च ने देश के भीतर सौर भौतिकी अनुसंधान को वैश्विक सुर्खियों के साथ स्थापित कर दिया है। जिस कारण विश्व की नजर भारत के इस मिशन में लगी हुई हैं। आदित्य के इस वर्ष जनवरी में एल1 कक्षा में सफल प्रवेश के बाद सभी 7 पेलोड ने सूर्य और हेलियोस्फीयर की जांच शुरू कर दी है। सूर्यग्रहण के साथ सूर्य के अंदरूनी रहस्य को समझने के लिए यह बेहद उत्तम समय है।

आने वाले महीनों में आसन्न सौर मैक्सिमा के साथ उच्च महत्व की एक और खगोलीय घटना हमारे सामने आने वाली है। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरन चंद्रमा एक पूर्ण गुप्त भूमिका निभाता है, इसलिए पूर्ण सूर्य ग्रहण सौर वातावरण, विशेष रूप से आंतरिक कोरोना, जहां महत्वपूर्ण गतिशीलता उत्पन्न होती है। जिस कारण सूर्य ग्रहण निरीक्षण के लिए शानदार अवसर है। जिसके ऑब्जरवेशन के लिए एरीज के युवा शोधकर्ताओं की एक टीम उच्च आवृत्तियों पर सूर्य की आंतरिक कोरोना की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए डलास, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में अभियान चला रही है। ग्रहण के दौरान उत्पन्न होने वाली हरी उत्सर्जन रेखा में सौर कोरोना के उच्च-ताल नैरोबैंड इमेजिंग अवलोकन को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में लाइन उत्सर्जन और निकटवर्ती सतह को देखने के लिए ऑन-बैंड और ऑफ-बैंड का प्रयोग करेंगे। साथ ही ग्रहण के दौरान पृथ्वी के ग्रहण क्षेत्र के वातावरण का अध्ययन भी किया जाएगा।

प्रो. दीपांकर बनर्जी

डा. टीएस कुमार

डा. एस कृष्ण प्रसाद

सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में छा गया अंधेरा

रारोटोंगा (अमेरिका)। उत्तरी अमेरिका में सोमवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में आसमान में अंधेरा छा गया। पूर्ण सूर्यग्रहण कुछ स्थानों पर 4 मिनट, 28 सेकंड तक रहा। महाद्वीपीय उत्तरी अमेरिका में पूर्ण सूर्यग्रहण का अनुभव करने वाला पहला स्थान मेक्सिको प्रशांत तट रहा। उत्तरी अमेरिका में मेक्सिको के प्रशांत तट से लेकर पूर्वी कनाडा तक लाखों लोग इस खगोलीय घटना को देखने के लिए जुटे रहे। भारतीय शोध टीम भी सूर्य ग्रहण के अध्ययन के लिए डलास व टेक्सास में मौजूद रही।

बनना था डॉक्टर, अपने ही अपहरण की साजिश करने में पहुंच गया जेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दो दोस्तों की मदद से परिवार से मांगी थी पांच लाख की फिरौती
- ऑनलाइन गेम में 1.80 लाख रुपये हार गया था आरिज

अमृत विचार : नीट के छात्र ने दो दोस्तों के साथ मिलकर अपने ही अपहरण की कहानी रची। उसी कहानी के जाल में फंस गया। पुलिस ने छात्र और उसके दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। एक माह पूर्व ऑनलाइन गेम में वह 1 लाख 80 हजार रुपये हार गया था। घर से रुपये मांगने के लिए उसने यह षड्यंत्र रचा था।

हरदोई के शाहाबाद के मोहल्ला दिलावर निवासी अनीस खां का बेटा आरिज खां यहां चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हयातपुरा में नीट की कोचिंग कर रहा था। उसके पिता कुवैत में रहते हैं। वहां से बेटे के खाते में ऑनलाइन पैसा भेज देते हैं। सात अप्रैल को छात्र के ताऊ सगीर खां ने शाहाबाद थाने में तहरीर दी कि आरिज के मोबाइल से किसी का फोन आया है और पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी है। फिरौती नहीं देने पर आरिज को जान से मारने की धमकी दी। शाहाबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। हरदोई पुलिस ने शाहजहांपुर पुलिस से संपर्क किया। एसपी ने एसओजी, सर्विलांस टीम तथा चौक कोतवाली टीम का गठन कर खुलासे के निर्देश दिए। एसओजी और कोतवाली पुलिस ने आरिज को सोमवार की दोपहर दो बजे नगरिया मोड़ के पास एक ढाबे से पकड़ लिया। उसका मोबाइल पानी भरे गड्ढे से बरामद कर लिया।

एएसपी सिटी संजय कुमार के अनुसार पूछताछ में आरिज ने बताया कि ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान उसके खाते से 1 लाख 80 हजार रुपये कट गए थे। रुपये वापस मिलने का कोई तरीका नहीं था तो उसने दो दोस्तों राजा व अरबाज के साथ साजिश रच अपने ताऊ को अपने अपहरण का फोन कराके पांच लाख की फिरौती मांगी थी।

सियासी हलचल

चुनाव में पूरी मेहनत के साथ काम करें कार्यकर्ता

बरेली, अमृत विचार : सांसद संतोष गंगवार ने सोमवार को बरेली लोकसभा क्षेत्र के भोजीपुरा विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने चुनाव में पूरी मेहनत से कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की। जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियां लोगों को बताईं। भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा और जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने भी विचार रखे। पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार वीरू, प्रशांत पटेल, महिपाल सिंह गंगवार, ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल, अरुण जेठली आदि मौजूद रहे।

छत्रपाल गंगवार बोले, कार्यकर्ताओं के साथ हूं

बरेली, अमृत विचार : बरेली संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने कैंट विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बैठकें कर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी पार्टी के जिम्मेदार कार्यकर्ता हैं। उनकी हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करुंगा। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ चुनाव में लगें। शहर विधानसभा कार्यालय और कैंट विधानसभा कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। संयोजक डॉ. सीपीएस चौहान, मंडल अध्यक्ष कन्हैया राजपूत, स्वर्णकार वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दयाशंकर वर्मा, दीपांकर राठौर, अजय मौर्या, अरुण कश्यप, विष्णु शर्मा, सूर्यकांत मौर्य, अमरीश कटेरिया, बंटी ठाकुर मौजूद रहे।

प्रशासन की तैयारी

मतदेय स्थलों पर सुविधाएं हों चाक चौबंद

बरेली, अमृत विचार : चुनाव में मतदेय स्थलों पर खिड़कियों और रोशनदानों में जाली लगाई जाएंगी। इसके अलावा कमरों में पंखे, रोशनी और पेयजल की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि पोलिंग पार्टियों को कोई परेशानी न हो। बीएसए संजय सिंह ने सोमवार को जसौली स्थिति मॉडल स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी और एआरपी की बैठक कर सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। 5 मई तक प्रधानाध्यापकों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करानी होगी। बीईओ भानू शंकर गंगवार, तौसीफ अहमद, प्रेमसुख गंगवार, धर्मवीर, योगेश गंगवार, अरविंद, डॉ. लक्ष्मी शुक्ला, लक्ष्मी कांत शुक्ला मौजूद रहे।

मंडल के सभी जिलों में लागू होगा 'माय बूथ एप'

बरेली, अमृत विचार : मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की मुश्किलों को कम करने के लिए तैयार किए गए 'माय बूथ एप' को बरेली के बाद मंडल के पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर में भी लागू किया जाएगा। सोमवार को कमिश्नरी में वीडियो कांफ्रेंसिंग में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम से चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए एप को विकसित करने के आदेश दिए। मंडलायुक्त ने जिलों में चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों का फीड बैक लिया। उन्होंने कहा कि माय बूथ एप को जिलों में लागू कराएं, जिससे मतदान में वोटरों को मदद मिलेगी। बूथों पर जाने की लोकेशन और वहां की कतार की पूरी जानकारी घर बैठे मिलेगी। गर्मी के मौसम में घंटों तक लाइन में लगकर मतदाताओं को वोटिंग के लिए परेशान नहीं होना पडेगा। डीएम रविंद्र कुमार, अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार, सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे आदि मौजूद रहे।

बरेली के वोटरों को निर्दलीय नापसंद हैं...

1967 में निर्दलीय आरआर खान ने पाए थे 69,399 वोट, इसके बाद भी रहे तीसरे नंबर पर

अनुपम सिंह, बरेली

- आरआर खान के बाद किसी प्रत्याशी का वोट प्रतिशत नहीं पार कर पाया दहाई का आंकड़ा
- हर चुनाव में घटता गया वोट प्रतिशत, फिर भी बढ़ती गई निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या

24 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह



अमृत विचार : बरेली के 72 साल के चुनावी इतिहास में कुल 123 निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे लेकिन मतदाताओं के दिल में एक भी उतर नहीं पाया। इस अवधि में हुए 17 चुनावों में कोई निर्दलीय कभी दूसरे नंबर पर भी नहीं पहुंच पाया। निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर सबसे ज्यादा वोट पाने का रिकॉर्ड आरआर खान के नाम दर्ज है जो 1967 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे थे। बरेली का चुनावी इतिहास यह भी बताता है कि आरआर खान के अलावा किसी निर्दलीय उम्मीवार का वोट प्रतिशत दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंचा।

बरेली में 1952 और 1957 में हुए पहले दो चुनाव में सतीश चंद्र चुने गए थे। इन दोनों चुनावों में कोई निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में नहीं उतरा। 1962 के चुनाव मैदान में उतरे सात प्रत्याशियों में पहली बार दो निर्दलीय थे। इस चुनाव में जनसंघ के ब्रजराज सिंह जीते थे। दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों को कुल मिलाकर 8.5 फीसदी वोट मिले थे। इसके बाद 1967 के चुनाव के भी पांच प्रत्याशियों में से दो निर्दलीय थे। इनमें से आरआर खान 69,399 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। यह कुल वोटों का 24.4 फीसदी हिस्सा था। इस चुनाव में भी जनसंघ के ब्रजभूषण लाल 112698 वोट पाकर चुने गए। कांग्रेस प्रत्याशी सतीश चंद्रा 72050 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे थे।

इसके बाद 1971 में हुए चुनाव के पांच प्रत्याशियों में भी दो निर्दलीय थे। इसमें 115495 वोट पाकर सतीश चंद्र तीसरी बार सांसद बने। दोनों निर्दलीय प्रत्याशियों को कुल मिलाकर 4.7 प्रतिशत वोट ही मिले। 1977 के चुनाव में भी चार में से दो निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में उतरे। इस बार दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों को और कम वोट मिले और उनका कुल मत प्रतिशत 1.6 ही रहा। इसके बावजूद 1980 में बरेली के चुनाव मैदान में 15 निर्दलीय प्रत्याशी उतर पड़े। दलीय प्रत्याशियों की संख्या पांच ही थी। जनता पार्टी के मिसरयार खान 75448 वोट पाकर सांसद बने। निर्दलियों में सबसे ज्यादा 3.2 प्रतिशत वोट गुलाब प्रसाद को मिला था।

इसके बावजूद 1984 में भी कुल 17 प्रत्याशियों में से 14 निर्दलीय और तीन दलीय थे। इसमें 156904 वोट पाकर आबिदा अहमद सांसद बनीं, निर्दलियों में सबसे ज्यादा 2.0 प्रतिशत वोट डाल चंद्र झा को मिले। बाकी सभी उनसे भी काफी पीछे रहे। 1989 में 15 प्रत्याशियों में से 7 निर्दलीय थे। इसमें संतोष गंगवार 159502 वोट पाकर सांसद बने। निर्दलियों में रजा खान को 5.2 प्रतिशत वोट मिले। 1991 में 25 प्रत्याशियों में 19 निर्दलीय मैदान में थे। इस बार कोई निर्दल प्रत्याशी एक प्रतिशत भी वोट नहीं पा सका। 1996 में 36 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा जिसमें सर्वाधिक 29 उम्मीदवार निर्दलीय थे।

इस चुनाव में भी किसी निर्दलीय को एक फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिला। 1998 में 12 में से छह प्रत्याशी निर्दलीय थे। इस बार भी किसी को एक फीसदी वोट तक नहीं मिल पाया। 1999 में नौ प्रत्याशियों में 4 चार निर्दलीय, 2004 में 15 प्रत्याशियों में 8 निर्दलीय, 2009 में आठ उम्मीदवारों में 2 निर्दलीय, 2014 में 14 प्रत्याशियों में 6 निर्दलीय और 2019 में 16 उम्मीदवारों में 5 निर्दलीय उतरे, मगर कोई भी एक-डेढ़ फीसदी से ज्यादा वोट नहीं ले सका।

अलर्ट: पीलीभीत में प्रधानमंत्री की जनसभा, बरेली में करेंगे चेंजओवर

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत में चुनावी जनसभा के लिए प्रधानमंत्री का मंगलवार को बरेली एयरपोर्ट पर चेंजओवर होगा। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सोमवार को हेलीकॉप्टर से भी सुरक्षा परखी गई। एसपीजी ने तीन दिन से एयरपोर्ट पर डेरा डाल रखा है। प्रधानमंत्री मंगलवार की सुबह 9.35 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होकर 10.25 बजे बरेली एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। पांच मिनट के चेंजओवर के बाद 10.30 बजे वह पीलीभीत के लिए रवाना हो जांएगे। वहां से वापस वह एयरपोर्ट पर 12.25 बजे आएंगे। यहां पर चेंजओवर के बाद 12.30 बजे रवाना होंगे। प्रधानमंत्री की सभा के लिए रिजर्व की गई गाड़ियों को पुलिस लाइन में खड़ा किया गया है।

निष्क्रिय खाते चुनाव में सक्रिय हुए तो आयोग को भेजी जाएगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निर्वाचन आयोग की ओर से एलडीएम को निगरानी के जारी किए निर्देश
- जिले में 41 बैंकों के करीब साढ़े तीन लाख से अधिक निष्क्रिय खाते हैं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में सामान्य से अधिक लेनदेन वाले और निष्क्रिय खातों के अचानक सक्रिय होने पर बैंकों की ओर से नजर रखी जा रही है। निर्वाचन आयोग ने एलडीएम को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

वर्तमान में जिले में 41 बैंकों में करीब साढ़े तीन लाख से अधिक निष्क्रिय खाते हैं, जिनकी रिपोर्ट प्रति तिमाही रिजर्व बैंक को भेजी जाती है। इनमें करीब 50 करोड़ से अधिक की धनराशि पर पिछले दस साल से किसी ने दावा नहीं किया है। जिला अग्रणी प्रबंधक इसकी अपडेट रिपोर्ट आरबीआई को भेजते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान ऐसे खाते अगर सक्रिय होते हैं, तो इसमें चुनाव को लेकर लेनदेन माना जाएगा। इनमें अगर 5-10 लाख रुपये का लेनदेन रहा तो उस खाते की सूचना आयकर विभाग को दी जाएगी। इस काम के लिए प्रत्येक शाखा के प्रबंधक को जिम्मेदारी दी गई है। प्रबंधक ऐसे खातों को चिह्नित करेंगे जो पिछले कई महीने से बंद हैं या उनमें महज न्यूनतम राशि ही जमा की जा रही है। इनमें अधिक लेनदेन होने की स्थिति में बैंक प्रबंधन की ओर से एलडीएम को सूचना दी जाएगी। इसके बाद जिले का डाटा एकत्र कर एलडीएम यह रिपोर्ट राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को सौंपेंगे। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि निष्क्रिय खातों की जानकारी के साथ ही तमाम खाते जिनमें यूपीआई के माध्यम से अनियमित लेनदेन किया जा रहा है, उनकी भी सूची तैयार की जाएगी।

जनता का मंच

नेताओं के वादों में बार-बार फंस जाती है जनता?

बरेली, अमृत विचार : सुनहरे सपने दिखाकर नेता जनता से वोट लेते हैं और फिर अपने वादों को भुला देते हैं। अगले चुनाव में उनकी झोली में फिर नए वादे होते हैं। जनता पुराने वादों का हिसाब लेने के बजाय उन्हें फिर नए वादों पर वोट देती है, यही वजह है कि नेता चुनाव जीतने के बाद अपने वादों की ज्यादा परवाह नहीं करते। लोग कहते हैं कि नेताओं के झूठे वादों को झेलना उनकी मजबूरी है। उनके पास इसके लिए कोई और विकल्प ही नहीं होता।

जनता अब अच्छी तरह समझती है

कि ज्यादातर नेता चुनाव जीतने के लिए उससे झूठे वादे करते हैं। उदाहरण यह है कि बरेली में इस समय तीन पहिये की सरकार चल रही है, फिर भी सरकारी विभागों में सामंजस्य न होने से अक्सर पूरे शहर को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। - **अभिराज**, प्रभातनगर

समस्याओं से जूझने वाली गरीब जनता

आसानी से नेताओं के झांसे में आ जाती है। नेता जो वादे करते हैं, वह उन्हें सच मानने लगती है और उम्मीदों के भरोसे वोट दे देती है। झूठ बोलने में माहिर नेता उससे हर बार कोई न कोई बहाना कर देते हैं। असल में वे पूरी तरह सत्ता के लालच में रहते हैं। - **ब्रजपाल**, सिविल लाइंस

नेताओं पर अब किसी को भरोसा नहीं

रह गया है। नेता तो आज इस दल में होते हैं और कल किसी और दल में। हर चुनाव में पुराने चेहरे होते हैं, इसलिए जनता के पास कोई विकल्प भी नहीं होता। इसलिए हम सिर्फ दल के नाम पर वोट देते हैं। हालांकि कोई नतीजा इससे भी नहीं निकलता। - **शिवकुमार**, नीम की चढ़ाई

नेता हर चुनाव में जनता से नए वादे

करते हैं। पुराने वादे क्यों पूरे नहीं कर पाए, इसका जिक्र भी नहीं करते। जनता को ऐसे मुद्दों में भी उलझाते हैं जिनसे उसका कोई भला नहीं होना होता। पढ़े-लिखे लोग तो इस झांसे में ज्यादा नहीं आते लेकिन ग्रामीण परिवेश के लोग नेताओं के इस जाल में फंस जाते हैं। - **नीतू**, सनसिटी

जनता खुद ही अपने वास्तविक और बड़े मुद्दों को पूरी तरह नहीं समझ पाती। अधिकांश लोगों ने कुछ चेहरों से भावनात्मक जुड़ाव बना लिया है, इसी कारण झांसे में बार-बार फंस जाते हैं। लोगों को जल्द भूलने की भी आदत होती है। वास्तविक मुद्दों को बनावटी मुद्दों के नीचे दबा दिया जाता है। कुछ ही प्रतिशत लोग महंगाई और बेरोजगारी की बात करते हैं, इन मुद्दों पर समाज में भी कम चर्चा होती है। पढ़ा-लिखा वर्ग राजनीति से दूर रहना चाहता है। ग्रामीण झूठ में फंस जाते हैं। अगर लोग कहते हैं कि वे दल को वोट देते हैं तो फिर जनप्रतिनिधि के चुनाव का क्या मतलब रह जाएगा। क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं एक योग्य प्रतिनिधि ही सदन तक ले जा सकता है। यही लोकतंत्र की रस्म है, लेकिन लोग धीरे-धीरे इसे भूल रहे हैं। - **अश्विनी कुमार**, असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली कॉलेज

आधी आबादी की आवाज...

महिला ही बेहतर समझ सकती है महिलाओं के मुद्दे

महिला के मन में महिलाओं के प्रति एक सॉफ्ट कार्नर होता है और वह महिलाओं के संवेदनशील मामलों पर ज्यादा ध्यान देती है। इसलिए अगर ज्यादा महिलाएं राजनीति में आएंगी तो इससे

आधी आबादी को उन तमाम मुद्दों पर काफी राहत मिलेगी जिन्हें अभी सिर्फ वादों में दोहराया जाता है लेकिन राजनीतिक दल महिलाओं का सिर्फ इस्तेमाल करते हैं। पहले से स्थिति कुछ बेहतर है लेकिन अब भी राजनीति महिलाओं का नेतृत्व बहुत कम है। हालांकि ऐसा नहीं है कि महिलाएं राजनीति के लिए अनुपयुक्त हों। अगर कोई महिला किसी राजनीतिक दल में है तो वह दल और अपने पद की जिम्मेदारियों को ही पहले निभाती है। ग्रामीण इलाकों में स्थिति इसलिए अलग है क्यंकि वहां उन्हें खुलकर काम नहीं करने दिया जाता। उनका काम पुत्र या पति संभालते हैं। एक तरह से पूरा परिवार उनके नाम पर राजनीति करता है। शहरों में महिलाएं कुछ हद तक जागरूक हैं। - **डॉ. अनुपमा मेहरोत्रा**, प्राचार्य साहूराम स्वरूप महिला महाविद्यालय

जब्त नकदी, सामग्री को छुड़ाने के लिए समिति के सामने करें प्रत्यावेदन

बरेली, अमृत विचार : चुनाव में चेकिंग के दौरान पकड़ी गई नकदी और सामग्री को छुड़ाने के लिए जिला शिकायत समिति के सामने प्रत्यावेदन करना होगा। व्यय अनुवीक्षण सेल के नोडल अधिकारी मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि लोग जल्द प्रत्यावेदन करें ताकि उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो।

आचार संहिता लगने के बाद जिले में एसएसटी और एफएसटी की 84 टीमें सक्रिय हैं। चेकिंग के दौरान विवरण न देने पर नकदी और सामग्री जब्त की जा रही है। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि अब तक दो लोगों से छह लाख रुपये जब्त किए गए हैं। इसमें एक से पांच लाख रुपये किए गए थे। उस शख्स ने रुपयों के दस्तावेज दिखा दिए हैं, जिसमें कोई कमी नहीं मिली है।

मतदाता पर्ची के साथ घर पहुंचेगी वोटर गाइड

बरेली, अमृत विचार : चुनाव में मतदान से पहले सभी वोटरों तक जागरूक करने के लिए पहली बार आठ पन्नों की वोटर गाइड (बुकलेट) पहुंचायी जाएगी। निर्वाचन आयोग की ओर से तैयार की गई वोटर गाइड को बीएलओ घर-घर पहुंचाएंगे। जिले में 33 लाख 54 हजार 696 मतदाता हैं, इसमें 17 लाख 96 हजार 60 पुरुष हैं और 15 लाख 58 हजार 544 महिला वोटर हैं। सात मई को मतदान है। मतदान से पहले घर-घर मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ की मदद से पहुंचाई जाती है। इस बार चुनाव आयोग की ओर से मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए पर्ची के साथ वोटर गाइड भी बीएलओ साथ लेकर जाएंगे। इसमें मतदाता को क्या करना है, मतदान केंद्रों पर क्या सुविधाएं रहेंगी, वोटिंग के दौरान परेशानी आने, मतदान, मतगणना के दिन क्या करना है, मतदान के लिए मान्य पहचान दस्तावेजों की जानकारी भी होगी। इसके अलावा दिव्यांग, बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं का भी जिक्र है। वोटर गाइड के पहले पन्ने पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता शपथ दर्ज है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1950, ऑनलाइन पंजीकरण करने, विवरण जानने की जानकारी है। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वोटर गाइड शत प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचाने की तैयारी है। मतदाता सूचना पर्ची के साथ ही बीएलओ वोटर गाइड वितरित करेंगे।

मेडिकल सुपरिटेंडेंट के कक्ष में बैठेगा मेडिकल बोर्ड

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में मेडिकल सुपरिटेंडेंट के कक्ष में मेडिकल बोर्ड बैठेगा और चुनाव ड्यूटी कटवाने वालों के स्वास्थ्य की जांच करेगा। बैठने की जगह न होने की वजह से डॉक्टरों और ड्यूटी कटवाने वाले परेशान हो रहे थे। पहले मेडिकल बोर्ड विकास भवन में बैठता था लेकिन मरीजों की सुविधा के लिए बोर्ड को जिला अस्पताल में ही बैठने के निर्देश दिए गए थे लेकिन यहां पर कोई स्थान निर्धारित नहीं किया गया था। अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो अधिकारियों ने जगह निर्धारित की। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एलके सक्सेना के कक्ष में बोर्ड कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण करेगा।

सपा :अब शुरू होंगे विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन

पहला कार्यकर्ता सम्मेलन बरेली में 12 को, अब तक चल रहा था बैठकों का दौर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी में अब तक बैठकों का दौर चल रहा था, लेकिन अब पार्टी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलनों की शुरुआत करने जा रही है। पहले सम्मेलन 12 अप्रैल को शहर विधानसभा क्षेत्र में होगा। इसमें सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल होंगे।

चुनाव प्रचार की शुरुआत करने में भाजपा से पिछड़ चुकी सपा ने अब मजबूत ढंग से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी की है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सम्मेलनों में कार्यकर्ताओं को बताया जाएगा कि इस चुनाव में उन्हें किस रणनीति के तहत काम करना है। सपा प्रत्याशी की जीत के लिए उनसे सुझाव भी लिए जाएंगे। सम्मेलन में विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी भी शामिल होंगे जो अपने चुनाव में सामने आईं समस्याओं को कार्यकर्ताओं के साथ साझा करेंगे। कार्यकर्ताओं को यह भी बताया जाएगा कि मतदान के दौरान उन्हें फर्जी वोटिंग रोकने के लिए किस तरह की सतर्कता बरतनी है।

सपा की भाजपा के प्रभाव वाले इलाकों में ताबड़तोड़ बैठकें

शहर विधानसभा क्षेत्र में सीबीगंज, परसाखेड़ा, किला, कर्मचारीनगर, इज्जतनगर, हार्टमैन, चौधरी मोहल्ला, राजेन्द्रनगर, प्रेमनगर, भूड़, माधोबाड़ी, इंदिरा नगर, डीडीपुरम, गांधीनगर, कोहाड़ापीर, कुतुबखाना, चौपुला आदि इलाकों को भाजपा के प्रभाव वाला माना जाता है। सपा ने अब तक अपनी पूरी ताकत इन इलाकों में अपनी जगह बनाने में लगाई है। इन इलाकों में पार्टी ने अब तक तमाम बैठकें की है। कार्यकर्ताओं को मजबूत बूथ टीम के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं।



चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र मंगलवार 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बुधवार को माता का आगमन अश्व पर और 17 अप्रैल को प्रस्थान हाथी की सवारी से होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। रामनवमी 17 अप्रैल को है। 18 अप्रैल को नवरात्र का पारण होगा।

प्रथम शैलपुत्री

नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए यह बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं शिवायै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

संतोष गंगवार के आवास पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को घेरकर हंगामा

मेयर की संतोष और कुर्मी बिरादरी पर कथित टिप्पणी पर भड़का गुस्सा, सैकड़ों समर्थकों ने आधा घंटा रोके रखकर की जमकर नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी के आगे लेटे, करीब आधे घंटे तक नहीं निकलने दिया
- संतोष ने भीड़ को समझाकर निकलवाई गाड़ी, बवाल के बाद भाजपा में सन्नाटा

अमृत विचार : अपने कैंप ऑफिस पर रविवार को ब्राह्मण समाज की बैठक में मेयर उमेश गौतम की सांसद संतोष गंगवार के खिलाफ की गई कथित अप्रिय टिप्पणी ने तूल पकड़ लिया। रविवार से ही इसका ऑडियो पूरे जिले में माहौल सुलगाता रहा और सोमवार देर शाम जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह संतोष गंगवार से मिलने उनके आवास पर पहुंचे तो मामला विस्फोटक हो गया। संतोष के सैकड़ों समर्थकों ने मेयर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को घेर लिया। फिर धरने पर भी बैठ गए। संतोष को खुद आकर प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी निकलवानी पड़ी। इस घटना के बाद भाजपा में सन्नाटा छा गया है।

सोमवार शाम करीब आठ बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सांसद संतोष गंगवार के भारत सेवा ट्रस्ट स्थित आवास पर उनसे मिलने पहुंचे थे। फतेहगंज पश्चिमी की जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार के साथ सैकड़ों समर्थक यहां पहले से मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचते ही सांसद के आवास के बाहर उनके समर्थकों ने मेयर के खिलाफ हंगामा करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। धीरे-धीरे हंगामा बढ़ता गया। प्रदेश अध्यक्ष सांसद के आवास से निकले तो गुस्साए समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। कुछ लोग जबरन उनकी गाड़ी में भी बैठ गए जिन्हें बमुश्किल बाहर निकाला गया।

गुस्साए समर्थकों ने संतोष गंगवार को बेहद सरल, सहज और समर्पित नेता बताते हुए उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। हंगामा बढ़ा तो संतोष गंगवार बाहर आए और जैसे-तैसे प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी को भीड़ के घेरे से निकलवाया। संतोष गंगवार ने प्रदेश अध्यक्ष के जाने के बाद भीड़ को शांत किया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला प्रभारी देवेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा और महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना भी थे लेकिन भीड़ का गुस्सा देखकर सब एक तरफ खड़े रहे।

अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना,..कहा पूरे देश में असंतोष

सांसद के आवास पर हुए हंगामे के कुछ ही देर बाद पूरे घटनाक्रम के वीडियो और फोटो तेजी से वायरल होने शुरू हो गए। एक फोटो को एक्स पर पोस्ट कर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर निशाना साधा। लिखा, उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाजपा के अंदर असंतोष उबाल पर है। हालिया मामले में उत्तर प्रदेश के बरेली शहर में भाजपा सांसद के कार्यालय में भाजपा अध्यक्ष को भाजपा के ही कार्यकर्ताओं ने घेर लिया क्योंकि उनके अपने भाजपाई मेयर ने कुर्मी समाज के खिलाफ अपमानजनक और अभद्र बात कही थी। पूरे देश में इसी तरह की बात के लिए क्षत्रिय-ठाकुर-राजपूत समाज भाजपा को हराने के लिए गंगाजल उठाकर संकल्प ले रहा है या देवी मां की कसमें खा रहा है। गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी, पूर्वी उत्तर प्रदेश सब जगह भाजपा हार रही है। भाजपा का अहंकार जनता तोड़ देगी।

संतोष गंगवार के आवास से बाहर निकल रहे प्रदेश अध्यक्ष को भीड़ ने गेट बंद करके रोक दिया। ● अमृत विचार

पहले भोजीपुरा में गरमाया मामला, फिर सांसद आवास पर

रविवार को मेयर उमेश गौतम ने अपने कैंप ऑफिस में ब्राह्मण समाज की बैठक बुलाई थी। इसी बैठक में मेयर के कथित संबोधन का जो ऑडियो वायरल हुआ, उसमें सांसद संतोष गंगवार और कुर्मी बिरादरी के लोगों पर टिप्पणी की गई थी। ऑडियो वायरल होने के बाद सोमवार को भोजीपुरा में विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान भी मामला गरमाया। यहां सांसद संतोष गंगवार के साले वीरेंद्र गंगवार वीरू ने माइक पर मेयर की टिप्पणी का सार्वजनिक रूप से विरोध किया। उन्होंने तमाम सारी बातें भी कहीं।

संतोष जी हमारे नेता हैं। उनके ही नेतृत्व में चुनाव लड़ा जा रहा है। प्रयास है कि भाजपा को इस बार 400 के पार कर दिया जाए। वायरल ऑडियो विपक्षियों की साजिश का एक हिस्सा है। मैंने कोई टिप्पणी नहीं की है। – **उमेश गौतम**, मेयर

मेयर उमेश गौतम का वायरल हुआ ऑडियो मैंने अभी नहीं सुना है। सुनूंगा तभी कुछ कह पाऊंगा। इस पर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मेरी मुलाकात हुई है। – **संतोष गंगवार**, सांसद



मेयर के खिलाफ संतोष गंगवार के आवास के बाहर धरने पर बैठे उनके समर्थक।

टिकट कटने के बाद संभाले नहीं संभल रहे हालात

पीलीभीत में प्रधानमंत्री की जनसभा से ऐन पहले हुए विवाद ने भाजपा की चिंता बढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई दिनों से अंदर ही अंदर चल रही थी रार, टिप्पणी के बाद फूट पड़ा गुस्सा
- मुख्यमंत्री के आने से एक दिन पहले बरेली इंटर कॉलेज भी हुआ था विवाद

अमृत विचार : आठ बार सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट काटने के बाद भाजपा की मुश्किल लगातार बढ़ती जा रही है। पार्टी ने संतोष की जगह कुर्मी बिरादरी के ही छत्रपाल सिंह गंगवार को प्रत्याशी तो बना दिया है लेकिन इसके बाद शुरू हुई उथलपुथल शांत होने में नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीलीभीत में जनसभा से ऐन पहले सोमवार देर शाम संतोष गंगवार के आवास पर हुई घटना ने पार्टी की चिंता और बढ़ा दी है।

प्रधानमंत्री की जनसभा की वजह से ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सोमवार को बरेली में थे और शाम आठ बजे संतोष गंगवार से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बारे में ही बात करने कई भाजपा नेताओं के साथ भारत सेवा ट्रस्ट स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे। मेयर की संतोष गंगवार और कुर्मी समाज पर टिप्पणी का मामला इससे पहले ही काफी गर्मा चुका था लेकिन भाजपा नेताओं को इसका एहसास नहीं था। संतोष गंगवार के आवास पर जब उनके समर्थकों ने मेयर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को घेरकर हंगामा शुरू किया तो भाजपा नेता सकते में आ गए। मेयर की कथित टिप्पणी को लेकर संतोष गंगवार के समर्थक कितने भड़के हुए थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने नारेबाजी करते हुए करीब आधे घंटे तक प्रदेश अध्यक्ष को घेरे रखा।

भीड़ को हटाकर प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी बाहर निकलवाते संतोष गंगवार।

मरी खाल से लोहा भस्म हो जाता है... मैं तो जिंदा हूं

दरअसल, पार्टी में इस रार की शुरुआत संतोष का टिकट कटने से पहले ही शुरू हो गई थी। कहा जा रहा है कि पार्टी के ही कुछ नेताओं ने संतोष गंगवार के खिलाफ पहले से शीर्ष स्तर पर माहौल बनाना शुरू कर दिया था। बरेली इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रबुद्ध सम्मेलन से एक दिन पहले तैयारियों के दौरान भी यह कलह तब खुलकर सामने आ गई थी, जब दो नेता इस मसले पर तमाम पार्टी पदाधिकारियों और अफसरों के सामने उलझ गए थे। वायरल ऑडियो को भी अंदर ही अंदर चल रही इस कड़ुवाहट का परिणाम बताया जा रहा है।

तौकीर रजा हाजिर हुए न गिरफ्तार, अदालत नाराज

विधि संवाददाता, बरेली

- 2010 के दंगे के केस में फरार वसीम हुआ हाजिर, 39 और आरोपी हुए पेश
- कड़ी सुरक्षा में हुई सुनवाई, अदालत ने 20 अप्रैल नियत की अगली तारीख

अमृत विचार: शहर में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त मौलाना तौकीर रजा खां तीन-तीन बार गैरजमानती वारंट जारी होने के बावजूद न खुद अदालत में हाजिर हुए न पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। सोमवार को केस की सुनवाई के दौरान जिला जज विनोद कुमार ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख नियत की है।

जिला जज की अदालत में केस की सुनवाई के दौरान सोमवार को 39 आरोपी पेश हुए लेकिन मौलाना तौकीर रजा खां गैरहाजिर रहे। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने तौकीर को फरार घोषित कर दिया था। इस मामले में एक अन्य आरोपी बानखाना निवासी वसीम को सरेंडर करने के बाद अदालत ने जेल भेज दिया। दो आरोपी अबरार और आरिफ को पुलिस गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज चुकी है। सुनवाई के दौरान सभी मुल्जिमों को आधार कार्ड देखकर कोर्ट में प्रवेश दिया गया। दंगे के केस से संबंधित वकीलों और आरोपियों के अलावा बाकी सभी वादकारी और उनके वकीलों को सुनवाई के दौरान अदालत में प्रवेश नहीं करने दिया गया। इस बीच सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

कोर्ट की फटकार पड़ने के बाद पुलिस का तौकीर के ठिकानों पर दबिश देने का दावा

बरेली, अमृत विचार : वर्ष 2010 दंगे के मुख्य आरोपी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट की फटकार के बाद पुलिस फिर सक्रिय हो गई है। पुलिस का दावा है कि तौकीर के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने रविवार को इस मामले में दो आरोपियों आरिफ और अबरार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस दंगे के मुख्य आरोपी तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी के लिए शुरू से दावा कर रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमें दिल्ली, अजमेर, अहमदाबाद, लखनऊ, प्रयागराज समेत अन्य स्थानों पर दबिश दी थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मौलाना तौकीर और वसीम के खिलाफ 82 की कार्रवाई की थी। प्रेमनगर पुलिस को नोटिस आरोपियों के घरों पर चस्पा करने के अलावा सभी नोटिस का प्रकाशन अखबार में कराना था, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। वसीम अपना कुर्की वारंट वापस कराने के लिए कोर्ट में पेश हुआ, लेकिन कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तौकीर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें दबिश दे रही हैं।

रस्सी से गला कसकर युवती की हत्या, शव हाईवे किनारे फेंका

बिथरी के गोपालपुर नगरिया गांव के पास मिला शव, नहीं हुई पहचान

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर नगरिया गांव के पास 25 साल की युवती शव हाईवे किनारे गेहूं के खेत में बोरे में पड़ा मिला। युवती का रस्सी से गला कसकर हत्या की गई। युवती की पहचान नहीं हो सकी है।

लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर इन्वर्टिस जीरो पॉइंट के पास सोमवार को गोपालपुर नगरिया गांव में शंकर लाल मिश्र के गेहूं के खेत में एक प्लास्टिक के बोरे में युवती का शव मिला। युवती के गले में रस्सी बंधी हुई थी। सोमवार सुबह जब शंकर लाल खेत पर गए तो बोरा देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी देहात उत्तरी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा, सीओ हाईवे और थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जब बोरा खोलकर देखा तो उसमें युवती का शव मिला। पुलिस ने फील्ड यूनिट की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवती के हाथ में लिखा था पुष्पा-अजय : युवती की दाहिनी कलाई पर पुष्पा और अजय लिखा हुआ था। युवती ने श्रृंगार कर रखा था मगर उसके सिर में सिंदूर नहीं था। पुलिस इस मामले को प्रेम-प्रसंग से भी जोड़कर देख रही है। हत्या में किसी जानने वाले का भी हाथ हो सकता है।

घटनास्थल पर शव को सील करके ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

बैग में मिले कपड़े, शाही का लिखा था पता

युवती के शव से कुछ दूरी पर एक बैग मिला है, जिसमें कुछ फ्रॉक और अन्य कपड़े हैं। बैग पर शाही मार्केट का पता लिखा हुआ था। बैग पर दुकानदार आरिफ का नाम और नंबर लिखा हुआ था। आरिफ ने बताया कि उनकी शाही मार्केट में आरिफ-राशिद क्लॉथ हाउस के नाम से दुकान है। वह महिलाओं और पुरुषों के कपड़े बेचते हैं। दुकान पर शाही कस्बे के आसपास स्थित गांवों के लोग ही खरीदारी करने आते हैं। पुलिस को आशंका है कि युवती शाही के आसपास की हो सकती है।

बिथरी क्षेत्र की फैक्ट्रियों में की जा रही छानबीन

पुलिस अधिकारियों के अनुसार बिथरी चैनपुर में कई फैक्ट्री हैं। जहां पर बाहरी लोग भी आकर काम करते हैं। ऐसे में पुलिस फैक्ट्रियों में काम करने वालों की डिटेल खंगाल रही है, ताकि युवती की पहचान हो सके।

युवती की रस्सी से गला कस कर हत्या की गई है। युवती की पहचान के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। – **मुकेश चन्द मिश्रा**, एसपी देहात उत्तरी

शहर में आज

- झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में सिंधु नगर स्थित झूलेलाल मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 8 बजे।
- चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में पूजा अर्चना और आरती।
- बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 7 बजे से।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेंज ओवर को लेकर एयरफोर्स रोड पर सुरक्षा व्यवस्था।

निदा की अपील पर 20 को होगी सुनवाई

बरेली, अमृत विचार : समाजसेवी निदा खान के घरेलू हिंसा मामले में निचली अदालत के फैसले के विरुद्ध जिला जज विनोद कुमार की अदालत में विचाराधीन अपील पर सुनवाई के दौरान शीरान और उनके परिजन सोमवार को पेश नहीं हुए। कोर्ट ने सुनवाई को 20 अप्रैल की तिथि नियत की है। शीरान पक्ष के अधिवक्ता शशीकांत शर्मा ने बताया कि निचली अदालत के फैसले के विरुद्ध उनकी ओर से भी दो अपील की गई हैं। निदा की अपील में वह विपक्षी हैं। वहीं उनकी ओर से इन अपीलों को अन्य कोर्ट में ट्रांसफर के बाबत उच्च न्यायालय इलाहाबाद में टीए अर्जी दी गई है। उन्होंने सोमवार को सेशन कोर्ट में अर्जी देकर अपील सुनवाई स्थगित किए जाने की याचना की।

जनसेवा एक्सप्रेस से मवेशी टकराया, वंदेभारत को रोका

बरेली, अमृत विचार : बरेली और सीबीगंज के बीच रविवार रात जनसेवा एक्सप्रेस से गायों का झुंड टकरा गया, जिसमें एक गाय की मौत हो गई। इसकी वजह से वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन भी प्रभावित हो गया। ट्रेन लेट होने पर लोगों ने नाराजगी जाहिर कर एक्स पर अधिकारियों से शिकायत की तो उन्हें पशु टकराने की सूचना दी गई।

बीकानेर से दरभंगा के बीच चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 04707/04708 बीकानेर-दरभंगा-बीकानेर स्पेशल ट्रेन का संचालन करेगा। दोनों तरफ की यात्रा में ट्रेन का ठहराव बरेली जंक्शन पर भी होगा। 04707 बीकानेर-दरभंगा स्पेशल ट्रेन 14 और 21 अप्रैल को बीकानेर से 12:15 बजे चलकर दूसरे दिन देर रात बरेली जंक्शन से 00.52 बजे रवाना होगी।

बरेली कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति को हाईकोर्ट से राहत

विधि संवाददाता, बरेली

- गबन मामले में मुकदमा निस्तारण तक जमानत की जरूरत नहीं होगी

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में निर्माण कार्यों में गबन मामले में आरोपी प्रबंध समिति सचिव देवमूर्ति को हाईकोर्ट से राहत मिल गई। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के निर्णय तक देवमूर्ति की अग्रिम जमानत को सशर्त मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट के इस आदेश से अब मुकदमे के निस्तारण तक देवमूर्ति को जमानत कराने की जरूरत नहीं होगी।

हाईकोर्ट में अर्जी पर सुनवाई के दौरान देवमूर्ति ने सुनवाई में पूरा सहयोग देने का विश्वास दिलाया। वहीं महाधिवक्ता ने देवमूर्ति के नौ अन्य मामलों के आपराधिक इतिहास को रखते हुए अग्रिम जमानत का विरोध किया। हाईकोर्ट ने देवमूर्ति की सशर्त अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए आदेश दिया कि वह ट्रायल कोर्ट की अनुमति के बगैर भारत नही छोंडेंगे। यदि उनके पास पासपोर्ट हो तो तुरंत ट्रायल कोर्ट को सौंप देंगे। मामले से जुड़े गवाहों को किसी भी तरह से प्रभावित नहीं करेंगे। शर्तों का पालन न करने पर जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग मानते हुए ट्रायल कोर्ट कानून के अनुसार उचित कार्यवाही कर सकता है। ज्ञात हो कि बरेली कालेज में परीक्षा भवन निर्माण में कई करोड़ रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने तत्कालीन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश प्रकाश से शिकायत की थी। उन्होंने मामले की जांच के बाद वर्ष 2018 में बारादरी थाने में धोखाधड़ी, गबन, जालसाजी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना में प्रबंध समिति सचिव देवमूर्ति, उपाध्यक्ष काजी अलीमुद्दीन, मकसूद खां और योगेन्द्र मोहन सक्सेना के नाम प्रकाश में लाते हुए चारों के खिलाफ पिछले साल चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। देवमूर्ति चार्जशीट दाखिल होने तक अग्रिम जमानत पर थे।

असत्य पर सत्य की जीत

प्रकरण में कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति ने इसे असत्य आरोप पर सत्य की जीत बताया। कहा कि अदालत के सामने भ्रष्टाचार के आरोप झूठे साबित होंगे, क्योंकि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं। नियमानुसार ही कॉलेज प्रबंध समिति ने सभी फैसले किए।

कुतुबखाना पुल के नीचे पार्किंग के लिए लगाए निशान

- पुल के नीचे तीन जगह पर बनाई जाएगी पार्किंग

बरेली, अमृत विचार : कुतुबखाना पुल बनने के बाद भी बाजार में जाम की समस्या समाप्त नहीं हो रही है। इसके समाधान के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी पुल के नीचे तीन जगहों पर पार्किंग बनाएगा। इसके लिए सोमवार को निशान भी लगा दिए गए हैं। अधिकारियों का दावा है कि पार्किंग बनने से जाम से काफी हद तक लोगों को राहत मिलेगी। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 111 करोड़ रुपये की लागत से कुतुबखाना पुल बनकर तैयार हुआ है लेकिन पुल के दोनों छोर और नीचे जगह-जगह जाम लग रहा है। इस समस्या के निदान के लिए पिछले सप्ताह आईजी, कमिश्नर और नगर आयुक्त ने प्लान तैयार करने का निर्देश दिया था। ई-रिक्शों पर अंकुश लगाने को कहा था। अब पुल के नीचे पंजाबी मार्केट, इंदिरा मार्केट पानी की टंकी वाली जगह और कुतुबखाना मंडी के सामने आयुर्वेदिक अस्पताल की जमीन पर पार्किंग बनाने पर सहमति बनी है।

जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए तीन स्थानों पर पार्किंग बनाने के लिए निशान लगाने का काम किया गया है। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। –**निधि गुप्ता वत्स**, नगर आयुक्त

भुगतान न करने पर निगम के एक्सईएन कोर्ट में तलब

बरेली, अमृत विचार : तमाम दावों के बाद भी नगर निगम ठेकेदारों का भुगतान नहीं कर पा रहा है। शहर के विभिन्न जगहों पर सड़क, नाली का निर्माण पूरा होने के बाद भी कार्यदायी संस्था का भुगतान न करने पर नगर निगम के एक्सईएन को हाईकोर्ट ने तलब किया है।

हाईकोर्ट में वाद दाखिल करने वाले ठेकेदार अनिल कुमार ने बताया कि निगम से निर्माण ठेका लेने के बाद 2021 में कार्य पूरा कर दिया। कार्यपूर्ति जमा करने के बाद भी नगर निगम ने एक करोड़ से अधिक का भुगतान नहीं किया है। इसके कारण श्रमिकों को भुगतान करने में दिक्कतें आ रही हैं। कई बार नगर निगम इंजीनियरों से गुहार लगाई लेकिन अनदेखी कर दी गई।

किसानों पर दबाव बनाने में जुटा इफको

संवाददाता, बरेली/आंवला

- कहा- किसानों की सभी मांगें की जा चुकी हैं पूरी, अब कोई घटना हुई तो हम नहीं होंगे जिम्मेदार
- एसडीएम को पत्र भेजकर इफको संयंत्र को संवेदनशील बताकर 20 किमी तक खतरा बताया

अमृत विचार: इफको में रोजगार पाने को 59 दिन से तहसील कार्यालय के सामने धरना दे रहे भूदाता किसानों को जमीन के बदले नौकरी न देना पड़े, इसके लिए इफको प्रबंधन बचाव में नए-नए हथकंडे अपना रहा है। एसडीएम ने भूदाताओं को रोजगार देने के निर्देश दिए तो इफको प्रबंधन ने एसडीएम को पत्र भेजकर किसानों में आक्रोश भर दिया है।

उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने रविवार को एसडीएम को भेजे पत्र में कहा कि बीते दिसंबर माह में हुई बैठक में 275 भूमिदाताओं को चरणबद्ध तरीके से रोजगार उपलब्ध कराने का समझौता हुआ था। जिसके तहत वास्तव में जो भूदाता है, उन सभी को रोजगार मुहैया करा दिया गया। वहीं, किसानों का आरोप है कि इफको प्रबंधन झूठ की सभी सीमाएं पार कर चुका है। किसानों को नौकरी न देनी पड़े। इसलिए पत्र में कहा गया है कि इफको संयंत्र अत्यंत संवेदनशील रासायनिक प्रक्रिया वाला उर्वरक संयंत्र है। जिसमें घातक अमोनिया का बड़ी मात्रा में विशाल टैंकों में भंडारण किया गया है। यदि किसी कारण कोई दुर्घटना घटती है तो संयंत्र से लगभग 20 किमी तक का क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। किसानों के साथ अनहोनी की जिम्मेदारी भी उनकी नहीं होगी। उधर, किसान नेता ओमशंकर सक्सेना, महाराज सिंह, ऊदल सिंह वर्मा आदि का कहना है कि इफको ने किसानों की जमीन ले लीं और सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया। शिकायत पर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

किसान संगठनों पर राजनीति करने का आरोप

एसडीएम को भेजे पत्र में इफको प्रबंधन ने कहा है कि भाकियू एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों की ओर से विभिन्न माध्यमों से अक्सर लोक निर्माण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रशासन में नव नियुक्त या स्थानांतरित प्रशासनिक अधिकारियों को वास्तविक तथ्यों से विपरीत पत्र लिखकर मात्र राजनीतिक उद्देश्य से भ्रमित करना है। इनकी ओर से पूर्व में उच्च न्यायालय में कई रिट दायर की गईं, जिसे खारिज किया जा चुका है।

जंक्शन से पहली बार दौड़ी मेमू ट्रेन

बरेली, अमृत विचार: बरेली जंक्शन से पहली बार मेमू ट्रेन सोमवार से चलनी शुरू हो गई। बरेली से रोजा और मुरादाबाद से बरेली के लिए ट्रेन चली।

बरेली जंक्शन से मुरादाबाद और रोजा के लिए चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रैक में बदला गया है। इन ट्रेनों से आईसीएफ कोच हटा दिए गए।सोमवार को मुरादाबाद जंक्शन से 04366 मुरादाबाद-बरेली और बरेली जंक्शन से 04380 बरेली-रोजा मेमू रैक से चलाई गई। मंगलवार को 04365 बरेली-मुरादाबाद और 04379 रोजा-बरेली मेमू रैक से चलाई जाएगी। मेमू ट्रेन में इंजन की शंटिंग नहीं होने से समय की बजत होगी और अधिक यात्री भी सफर कर सकेंगे।

मुफ्त राशन देकर गरीबों को भिखारी बना रही है भाजपा सरकार : आकाश आनंद

बिशप कॉलेज मैदान पर मंडलस्तरीय जनसभा में बोले बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का दावा करने वाली केंद्र सरकार 10 साल में 80 लोगों को रोजगार नहीं दे पाई है। इस लोकसभा चुनाव में जनता को भाजपा के नेताओं से पूछना चाहिए कि शिक्षा और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया। मुफ्त राशन देकर तो गरीब लोगों को भिखारी बनाने का काम किया जा रहा है। यह बात सोमवार को बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने बिशप मंडल कॉलेज के मैदान पर पार्टी की मंडलस्तरीय जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

आकाश आनंद ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर सर्वाधिक हमला करते हुए उसे आर्थिक नीतियों, शिक्षा, रोजगार, भ्रष्टाचार और राष्ट्रीय सुरक्षा तक के मुद्दों पर घेरा। आकाश ने कहा कि सरकार अगर गरीबों की हितैषी है तो उन्हें रोजगार और शिक्षा देकर मजबूत बनाए। उसने अगर रोजगार दिया होता तो मुफ्त राशन देने की नौबत ही न आती। आकाश ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए 25 दलों को साढ़े 16 हजार करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला है। इसमें बसपा को एक रुपया नहीं मिला। पूरे देश में बसपा किसी धन्नासेठ के सहारे नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ता के दम पर चुनाव लड़ेगी। सरकार अखंड भारत का दावा करती है लेकिन उससे बड़ा देशद्रोही कोई नहीं है।

मंडलस्तरीय जनसभा में राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को हाथी का चिह्न देकर स्वागत करते बसपा नेता।

भाजपा के प्रत्याशी को बताया बाहरी

बरेली से बसपा के प्रत्याशी मास्टर छोटे लाल गंगवार ने भाजपा के प्रत्याशी को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बताते हुए सपा प्रत्याशी पर भी तंज कसा। कहा, वैसे तो वह विदेश में रहते है लेकिन अब चुनाव के समय में खुद को स्वदेशी बताने में लगे है। आंवला के प्रत्याशी आबिद अली ने कहा कि बसपा ने उन्हें मुस्लिम और दलितों पर भरोसा करके टिकट दिया है जिस पर वह खरा उतरेंगे। पीलीभीत के उम्मीदवार अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू ने कहा कि सपा ने मंडल में एक भी मुस्लिम नेता को उम्मीदवार नहीं बनाया है।

बिशप मंडल कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में मौजूद बसपा कार्यकर्ता।

रोजगार देने की जगह पेपर हो जाता है लीक

आकाश आनंद ने कहा कि सरकार रोजगार देने की जगह पर पेपर लीक करा देती है। इसके बाद पूरी भर्ती रद्द कर दी जाती है। बोले, कांग्रेस कहती है कि आरक्षण दिलाएंगे लेकिन उन्हें पता नहीं कि बहन जी ने उन्हें आरक्षण दिला दिया है। बोले, राहुल गांधी पता नहीं कौन सा फेविकोल लेकर भारत जोड़ने निकले है।

मंच पर ही प्रत्याशी को आ गई झपकी

मंच पर उम्मीदवार छोटेलाल गंगवार को झपकी आ गई। सभा में मौजूद लोगों ने ही उनका वीडियो बनाना शुरू किया तो मंच पर बैठे और लोगों की नजर उन पर पड़ी। आननफानन उन्हें उठाया गया, लेकिन कुछ ही देर उनका वीडियो वायरल होने लगा।

आकाश आनंद ने कहा कि सरकार ने तो जिनके सर पर छत थी, वह भी छीन ली। इसके बाद भी सरकार गर्व से बोलती है कि वह बुलडोजर की सरकार है। लोगों ने भाजपा को इसलिए वोट नहीं दिया था कि वह उनकी छत उजाड़कर हाथ में कटोरा दे दे। समाजवादी पार्टी की लाल टोपी पर यह कहकर तंज कसा कि ये लाल टोपी वाले कब किसे टोपी पहना दें, कहा नहीं जा सकता। जो इनके लिए वोट डालता है, उसके लिए ये लड़ नहीं सकते। उत्तर प्रदेश के प्रभारी शमशुद्दीन राइन, बरेली-मुरादाबाद-अलीगढ़ मंडल के प्रभारी राजकुमार गौतम, मुरादाबाद-बरेली मंडल इंचार्ज जाफर मलिक, मंडल कोआर्डिनेटर ब्रह्मस्वरूप सागर, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, ओमकार कातिब, जयपाल सिंह, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक) डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
Piles, Fissure, Fistula, Avan, Pancreas, ITP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 9149172383
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
● मेडिसिन विभाग ● सर्जरी विभाग ● स्त्री एवं प्रसूति विभाग ● मानसिक रोग विभाग ● हड्डी रोग विभाग ● न्यूरो विभाग ● बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध

डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

सार-संक्षेप

मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार का दिया संदेश

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। इसमें 450 छात्रों ने मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के नारे का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 12 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने एमबीबीएस के छात्रों का मनोबल बढ़ाया। संचालन कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण सिंह, कोऑर्डिनेटर डॉ. मेधावी अग्रवाल और डॉ. गौरी सारस्वत ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. शरद सेठ, डॉ. नितेश मोहन, डॉ. मिथिला बिष्ट, डॉ. दीपक उपाध्याय, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

लोक कल्याण का कार्य करने वाले सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : नव संवत्सर के स्वागत एवं महर्षि गौतम जयंती के उपलक्ष्य में यथार्थ गीता दिव्य ज्ञान ट्रस्ट ने सोमवार को रानी महालक्ष्मी बाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर मेयर डॉ. उमेश गौतम और सचिव डॉ. नितिन सेठी ने लोक कल्याण का कार्य करने वाले शैलेश पाठक, सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा, सीता रसोई से पंकज पाठक, पूर्व प्रधानाचार्य ब्रज मोहन शर्मा, नीलकमल पाठक, अश्वनी ओबराय, सुरेंद्र पटवा, राजनारायण गुप्ता, महेश पंडित, ब्रह्म कुमारी विश्व विद्यालय से डा. आरके मौर्य, मयंक शंखधर, सुशील पाठक, कवि राम कुमार कोली, विष्णु देव पाठक आदि को गीता लोक विभूति सम्मान से सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम गौतम, संजीव अवस्थी राम शर्मा, अजय गौतम, योगेश गौतम, राम बाबू वर्मा, प्रभु दयाल शर्मा, अमर सिंह परमार, ब्रज किशोर शर्मा, विनोद उपाध्याय, बिजेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग में अश्व पर पधारेंगी मां, मंदिरों में धूमधाम

चैत्र नवरात्र आज से, घटस्थापना के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 6:02 से 10:16 बजे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मंगलवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो जाएंगे। सोमवार को पूरे दिन मंदिरों में साफ सफाई और श्रृंगार होता रहा। बिजली की झालरों से मंदिरों को सजाया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग अलग मंदिरों में व्यवस्था की गई है।

नवरात्र में नौ दिन मां भगवती के नौ दिव्य स्वरूपों की उपासना की जाती है। शुक्ला वैदिक ज्योतिष संस्थान के पंडित पीसी शुक्ला बताते हैं कि घटस्थापना मंगलवार को की जाएगी। शुभ मुहूर्त सुबह 6:02 से सुबह 10:16 के मध्य है। वहीं अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना के लिए उत्तम समय पूर्वाह्न 11. 50 से दोपहर 12. 48 के बीच है। इस बार इस बार मां का वाहन अश्व होगा। प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत योग का निर्माण हो रहा है।

बड़ाबाग रोड पर एक दुकान पर पूजन सामग्री खरीदते लोग। ● अमृत विचार

पूजन विधि

कलश को भगवान श्री गणेश का प्रतिरूप माना गया है। इसलिए सबसे पहले कलश का पूजन किया जाता है। कलश स्थापना करने से पहले पूजा स्थान को गंगा जल से शुद्ध किया जाना चाहिए। पूजा में सभी देवताओं को आमंत्रित किया जाता है। कलश में सात प्रकार की मिट्टी, सुपारी, मुद्रा रखी जाती है। देवी दुर्गा की प्रतिमा पूजा स्थल के मध्य में स्थापित की जाती है।

घट स्थापना विधि

पंडित पीसी शुक्ला के अनुसार पवित्र स्थान की मिट्टी से वेदी बनाकर उसमें जौ, गेहूं बोएं। फिर उनके ऊपर अपनी इच्छा अनुसार सोने, तांबे अथवा मिट्टी के कलश की स्थापना करें। कलश के ऊपर सोना, चांदी, तांबा, मिट्टी, पत्थर या चित्रमयी मूर्ति रखें। मूर्ति न हो तो कलश पर स्वस्तिक बनाकर देवी दुर्गा का चित्र पुस्तक तथा शालीग्राम को विराजित कर भगवान विष्णु का पूजन करें। नवरात्रि व्रत के आरंभ में स्वस्तिक वाचन-शांतिपाठ करके संकल्प करें और सबसे पहले भगवान श्रीगणेश की पूजा कर मातृका, लोकपाल, नवग्रह व वरुण का सविधि पूजन करें। फिर मुख्य मूर्ति का पूजन करें।

सोशल मीडिया पर हिंदू नववर्ष के बधाई संदेशों की बाढ़

बरेली, अमृत विचार : चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा मंगलवार को है। इस दिन हिंदू नववर्ष यानी नवसंवत्सर की शुरुआत होगी। सोमवार देर शाम लोगों ने फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से परिचितों को हिंदू नववर्ष की बधाई देनी भी शुरू कर दी। देवी शंकर ने ग्रुप में संदेश भेजा कि विक्रम संवत 2080 वर्ष का अंतिम दिन... धन्यवाद... जीवन भर आपका ऐसा ही साथ बना रहे। एसपी शर्मा ने भी सोशल मीडिया के जरिये विक्रमी संवत् 2081 की सभी को शुभकामनाएं दीं।

नवरात्र और ईद की खरीदारी से बाजारों में बढ़ी रौनक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नवरात्र और ईद को लेकर बाजार गुलजार है। सोमवार को कपड़ा और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखी।

ईद पर नए कपड़े पहने जाते हैं, इसलिए कपड़ा बाजार में ज्यादा रौनक है। कुतुबखाना, बड़ा बाजार, सिविल लाइंस आदि स्थानों पर दुकानों पर लोग खरीदारी करते नजर आए। दुकानदारों के अनुसार कुर्ता पायजामा की मांग अधिक है। रेडीमेड में भी आकर्षक डिजाइन वाले लखनवी कुर्ता पायजामा बाजार में हैं, जिस लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

● **कपड़े और पूजन सामग्री की दुकानों पर उमड़ी ग्राहकों की भीड़**

वहीं, नवरात्र को लेकर पूजा सामग्री और फलाहार की बिक्री बढ़ गई है। मूर्तियां, चुनरी, श्रृंगार, हवन सामग्री की खूब बिक्री हुई। हालांकि गत वर्ष की तुलना में हर सामान में 10 से 20 रुपये की बढ़ोतरी होना बताया गया, लेकिन आस्था के आगे महंगाई का असर नहीं दिखा।

फलों के दाम और चढ़े

नवरात्र आते ही फल के दामों में भी तेजी दिखने लगी है। फल मंडी में सोमवार को केला 70 से 80 रुपये दर्जन बिका, जबकि कुछ दिन 60 रुपये दर्जन था। अनार 120 से 160 रुपये किलो तक पहुंच गया है। मौसमी 80 से 90, सेब 90 से 120 रुपये किलो बिक रहा है। मेवा में बादाम 700 से 850, काजू 900 से 1200, किसमिस 250 से 400, मुनक्का 650 से 850, मखाना 850 से 1100, साबुदाना 90 से 100 रुपये किलो बिक रहा है। सिंघाड़े का आटा 160 से 180 रुपये किलो बाजार में है।

बाजार में भीड़ और नो एंट्री में ई रिक्शों से लगा जाम

बाजार में ग्राहकों की भीड़ और नो एंट्री वाले स्थानों में ई रिक्शों के पहुंचने से जाम के हालत बन गए। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। कोतवाली के सामने कुतुबखाना पुल के नीचे ई-रिक्शा चालकों की नो एंट्री थी, लेकिन यहां ई रिक्शा चालकों के आने से जाम लग गया।

निजी प्रकाशकों की किताबों के बोझ से अभिभावकों को नहीं मिल रही राहत

बरेली, अमृत विचार : निजी स्कूलों में प्रबंधन और निजी प्रकाशकों के साठ गांठ का खेल लगातार जारी है, लेकिन इस खेल का खामियाजा अभिभावकों की जेब पर पड़ रहा है। तमाम शिकायतों के बाद भी विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है। स्कूल प्रबंधन के दबाव में अभिभावक महंगी कापी-किताब और स्टेशनरी खरीदने को मजबूर हैं। इसके लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से पहले ही दुकानें तय की जा चुकी हैं।

ऐसे में अभिभावक दूसरी दुकानों से किताब कॉपियां नहीं खरीद पा रहे हैं। स्कूलों को कमीशन देने के फेर में अभिभावकों से इन किताबों का मनमाना दाम वसूला जा रहा है। वहीं, यूनिफार्म भी तय दुकानों से खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। अभिभावक संघ के अध्यक्ष अंकुर सक्सेना ने बताया कि निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली और अपने निजी लाभ के लिए तय दुकानों से खरीदारी के लिए अभिभावकों को विवश करने का खेल लंबे समय से चल रहा है। इस संबंध में डीआईओएस से कार्रवाई की मांग की गई है।

● **शिकायतों पर भी विभाग कार्रवाई करने को तैयार नहीं**

> अभिभावकों की शिकायत को लेकर सभी स्कूलों को चेतावनी दी गई है। जल्द ही इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। – **देवकी सिंह, डीआईओएस**

बरेली कॉलेज में छुट्टी वाले दिन भी हजारों छात्रों की परीक्षा से बढ़ी परेशानी

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने छुट्टी वाले दिन भी परीक्षाएं रखीं हैं। इसकी वजह से छात्रों के साथ शिक्षकों को भी दिक्कत हो रही है। बरेली कॉलेज के अस्सी से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगी है, इसकी वजह से अधिक दिक्कत हो रही है।

मंगलवार को झूलेलाल जयंती का अवकाश है। बरेली कॉलेज में स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा में सुबह की पाली में करीब 25 सौ, दूसरी पाली में 32 सौ और तीसरी पाली में चार हजार छात्र शामिल होंगे। कॉलेज के अस्सी से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा में लगी है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि मंगलवार को परीक्षा में काफी छात्र शामिल होंगे। अवकाश के दिन परीक्षा में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए पूरे इंतजाम किए जाएंगे।

परास्नातक की परीक्षा आज से, 1.33 लाख से अधिक छात्र होंगे शामिल

रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा में एमए, एमएससी और एमकॉम के 1 लाख 33 हजार 420 छात्र शामिल होंगे। इससे पहले स्नातक की परीक्षा 19 मार्च से, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 अप्रैल से और बीएड, एमएड, बीएलएड आदि पाठ्यक्रमों की परीक्षा 5 अप्रैल से शुरू हुई हैं।

कक्षा एक में बच्चों के प्रवेश में फंसा उम्र का पेच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आयु 6 साल से कम होने पर स्कूलों में नहीं दिए जा रहे प्रवेश**

● **ऐसे में बच्चों को दोबारा करनी पड़ेगी यूकेजी की पढ़ाई**

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक में दाखिला कराने के लिए बच्चों की आयु सीमा 6 साल किए जाने से अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। प्री प्राइमरी की कक्षाएं पूरी कर चुके बच्चों को दोबारा से उसी कक्षा में दाखिला लेना पड़ रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर यह परिवर्तन किया गया है।

पहले कक्षा में एक में प्रवेश के लिए बच्चों की आयु सीमा साढ़े पांच साल थी, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। प्रवेश के लिए बदले नियमों के मुताबिक प्री प्राइमरी कक्षाओं में दाखिले के लिए न्यूनतम आयु 31 मार्च 2024 तक तीन साल और कक्षा एक में दाखिले के लिए न्यूनतम 6 वर्ष की आयु पूरी होनी अनिवार्य है।

बीईओ तौसिफ अहमद ने बताया कि 2 या 3 अप्रैल को भी यदि बच्चे की आयु पूरी हो रही है, तब भी उसे कक्षा एक में दाखिला नहीं मिल सकेगा। यानी सरकारी या निजी स्कूलों में प्री प्राइमरी की पढ़ाई पूरी कर चुके निर्धारित आयु से कम छात्रों को कक्षा एक में दाखिला नहीं मिल पाएगा। बीएसए संजय सिंह का कहना है कि यदि बच्चों के दाखिले के लिए कोई फर्जी दस्तावेज या प्रमाण पत्रों का प्रयोग करते पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अभिभावकों को बताए जा रहे हैं उम्र के नए नियम

आलमपुर जाफराबार के पथरा उच्च प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापक सारिका सक्सेना ने बताया कि नया सत्र शुरू होने के बाद से स्कूल में बच्चों का प्रवेश कराने के लिए अभिभावक पहुंच रहे हैं। कई बच्चों की आयु नए नियम के अनुसार कम है तो अभिभावकों को प्रतीक्षा करने के लिए समझाया जा रहा है।

बच्चे के मसूढ़ों से आए खून तो तुरंत लें डॉक्टर की सलाह

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि मसूढ़ों से खून निकलने की समस्या बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

मुंह की अच्छे से सफाई न होना, सूजन, विटामिन की कमी, किसी कारण चोट लगाने या फिर रक्त संबंधित समस्या के चलते भी मसूढ़ों से खून आ सकता है। अगर खून आने की समस्या है तो तुरंत दंत चिकित्सक से संपर्क करें। इसके साथ ही खून बहने की रोकथाम के लिए सही तरीके से ब्रश कराएं, दिन में दो बार ब्रश करें, फ्लशिंग का उपयोग करें, सही पोषण दें और बच्चों को ज्यादा मीठा खाने वाले पदार्थों से परहेज कराएं।

मिशन एकेडमी बहेड़ी और विद्या वर्ल्ड स्कूल ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत हुए मैच**

अमृत विचार : एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सोमवार से शुरू हुआ। पहले मैच में मिशन एकेडमी बहेड़ी ने बासुबरल सरस्वती की टीम को 77 रन और दूसरे मैच में विद्या वर्ल्ड ने एसआर इंटरनेशनल की टीम को 86 रन से हराया।

पहले मैच में मिशन एकेडमी बहेड़ी के कप्तान असद नदफ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 193 रन बनाए। जवाब में बासुबरल की टीम 17.2 ओवर में 116 रन ही बना सकी और 77 रन से मैच हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। 17 चौकों और एक छक्के की मदद से 59 गेंदों पर 110 रन बनाने वाले मिशन एकेडमी के असद नद्दफ को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में विद्या वर्ल्ड स्कूल के कप्तान अमन कुमार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 6 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। जवाब में एसआर इंटरनेशनल की टीम 7 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 113 बना पाई। विद्या वर्ल्ड ने 86 रन से जीत हासिल की। आठ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 58 गेंदों पर 100 रन बनाने वाले विद्या वर्ल्ड के लक्ष्य शर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया। मंगलवार को पहला मैच पीएमश्री केवी एनईआर और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी और दूसरा मैच बेदी इंटरनेशनल स्कूल और जमुना प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के बीच होगा।

जीपीसीए अंडर-19 क्रिकेट लीग का ट्रायल आज

बरेली, अमृत विचार : जीपीसीए अंडर-19 क्रिकेट लीग का आयोजन 15 से 24 अप्रैल तक होगा। टूर्नामेंट सचिव सोनू अधिकारी ने बताया कि इसमें 10 टीमें भाग लेंगी। ये टीमें ट्रायल के आधार पर बनाई जाएंगी। टूर्नामेंट निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब डोहरा रोड के खेल मैदान पर खेला जाएगा। बरेली, बदायूं, मुरादाबाद, पीलीभीत के खिलाड़ियों के ट्रायल मंगलवार को सुबह 9 बजे से होंगे। इच्छुक खिलाड़ियों को जन्म तिथि प्रमाण पत्र की एक कॉपी साथ लेकर आना अनिवार्य है।

सारथी एप से घर बैठे करें प्रतियोगिता के लिए आवेदन

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से खेल सारथी एप के प्रचार प्रसार के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम को निर्देशित किया गया है। इस एप के माध्यम से खिलाड़ी घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से जिला, मंडल स्तरीय पर होने वाली प्रतियोगिताओं में आवेदन कर सकेंगे।

सनातन मेले में साधु बैंड की धुनों पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से बरेली क्लब में चल रहे तीन दिवसीय सनातन नववर्ष मेले के अंतिम दिन सोमवार को शिवम चौरसिया और राशि परिहार ने राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी..., जरा चलकर वृंदावन देखो, श्याम बंसी बजाते मिलेंगे... भजन के जरिये ऐसा समां बांधा कि श्रोता झूम उठे। साधु बैंड के कलाकारों ने भी धूम मचाई। कृष्ण को समर्पित लेजर शो के साथ मेले का समापन हो गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि आरएसएस के क्षेत्र संघ संचालक सूर्य प्रकाश और प्रांत संचालक बृज क्षेत्र शशांक भाटिया रहे। बच्चों के लिए रामायण, महाभारत और महापुरुषों के जीवन ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी, सस्वर संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिताएं भी हुईं।

मेला डायरेक्टर रोहित जिंदल, डॉ. पवन अग्रवाल, मनोज दीक्षित, रमेश जैन, राजन जैन, मुकेश जैन, डॉ. विनोद पागरनी, अनुपम खंडेलवाल, भावेश अग्रवाल, अमित भारद्वाज, आलोक अग्रवाल, मनीष जैन, डॉ रविंद्र भास्कर, डॉ. रुचिन अग्रवाल, माधव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

बरेली क्लब में आयोजित सनातन नववर्ष मेले में कृष्ण के स्वरूप में कलाकार के साथ भजनों पर नाचते गाते लोग। ● अमृत विचार

● **सनातन नववर्ष मेले के अंतिम दिन साधु बैंड ने मचाई धूम**

● **कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति कई प्रतियोगिताएं भी हुईं**

बाइक स्टैंड लगाया पर निगम को शुल्क नहीं दिया : मेले में बाइक स्टैंड लगाया गया, लेकिन नगर निगम को इसका शुल्क नहीं दिया गया। मेला डायरेक्टर ने बताया स्टैंड के बारे में जानकारी नहीं है। नामित पूर्व पार्षद बताने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि मेले में बाइक स्टैंड का ठेका लिया था, लेकिन कमाई नहीं हुई।

सनातन नववर्ष मेले में भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Growth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolactin Hormone
- Suger/ • B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

ईद पर लखनऊ और दिल्ली रूट पर रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाई

बरेली, अमृत विचार : ईद पर घर आने वालों की सुविधा के लिए रोडवेज ने लखनऊ और दिल्ली रूट पर बसों की संख्या बढ़ाई है। इसके अलावा छोटे रूटों पर भी यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसें चलाई जाएंगी। सोमवार से शनिवार तक अतिरिक्त बसें चलेंगी।

ईद पर लोगों का घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। यात्रियों को बसों का इंतजार न करना पड़े, इसके लिए सोमवार से लखनऊ और दिल्ली रूट पर बसें बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा रामपुर, बदायूं, पीलीभीत, संभल और छोटे रूट पर यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों का संचालन किया जाएगा। इस संबंध में एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ईद पर यात्रियों की संख्या के आधार पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

इंतजार: आज दिखा चांद तो कल मनाई जाएगी ईद

मरकजी रुयते हिलाल कमेटी ने ईद के चांद की शहादत के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दरगाह आला हजरत स्थित मरकजी रुयते हिलाल कमेटी ने ईद के चांद की शहादत को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। मंगलवार को चांद के दीदार हुए तो बुधवार को ईद मनाई जाएगी। कमेटी ने अपील करते हुए कहा है कि मंगलवार को मगरिब के बाद सभी लोग ईद का चांद देखने की कोशिश करें। जैसे ही ईद का चांद नजर आए तो रुयते हिलाल कमेटी के मुफ्तियों के नंबरों पर जानकारी दें।

मरकजी दारुल इफ्ता में पहुंचकर काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खां कादरी के सामने शहादत (गवाही) दें।मरकजी दारुल इफ्ता के मुफ्ती अब्दुर्रहीम नश्तर फारुकी ने कहा कि मोबाइल पर दी गई शहादत का शरीयत में कोई भरोसा नहीं है। शहादत के लिए सलमान मियां के 8126500700, मुफ्ती अब्दुर्रहीम नश्तर फारुकी के 9411090486, कारी काजिम के 9548291535, मुफ्ती कौसर अली के 9411472901, मुफ्ती सैयद अजीमुद्दीन के 7055078621 के नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं ईद को लेकर सैलानी बाजार में जमकर खरीदारी हुई।

पुराना शहर के सैलानी बाजार में ईद के लिए खरीदारी करतीं महिलाएं।

बाजार में खरीदारी को उमड़ी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

प्रशासन से मांग, ईदगाह में सफाई, पेयजल और बिजली व्यवस्था को चाक चौबंद किया जाए

बरेली, अमृत विचार : बाकरगंज स्थित ईदगाह में ईद की नमाज की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट में सोमवार को बैठक हुई। ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के नेतृत्व में अपर जिला अधिकारी नगर सौरभ दूबे से मुलाकात की और ईदगाह में नमाज की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। बैठक में ईदगाह की सफाई, पानी और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की गई। खलील अहमद अध्यक्ष, मेहताब मियां उपाध्यक्ष, अशरव अली, इरशाद अहमद, साहिल रजा कादरी आदि मौजूद रहे।

ईद मिलन समारोह स्थल की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग

बरेली, अमृत विचार : ईद मिलन समारोह स्थल की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के लिए मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि हर साल ईद मिलन समारोह स्थल इस्लामिया मैदान की साफ सफाई नगर निगम कराता चला आ रहा है। इस साल 11 से लेकर 21 अप्रैल तक ईद मिलन समारोह मनाया जाएगा। लिहाजा, पेयजल, साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था को चाक चौबंद किया जाए। ईद मिलन समारोह के अध्यक्ष अब्दुल वाजिद खान नूरी, सचिव वसी अहमद वारसी, शीरोज सैफ कुरैशी, पाशा मियां निजामी, सलीम सुब्हानी, मिर्जा शाहाब बेग, सलीम रजा, सलमान शम्शी आदि मौजूद रहे। इस दौरान ईद मिलन समारोह स्थल का निरीक्षण भी किया गया।

धूल उड़ने से बढ़ी स्टेडियम में टहलने वालों की दिक्कत

स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुंह पर रुमाल बांधकर टहलते लोग।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सिंथेटिक ट्रैक निर्माण के चलते स्पोर्ट्स स्टेडियम में धूल उड़ रही है। इस वजह से टहलने वालों की संख्या कम हो गई है। सुबह और शाम को पहुंचने वाले लोग मुंह पर रुमाल रखकर टहलते हैं।

स्टेडियम में मॉडल टाउन, डीडीपुरम, राजेंद्र नगर समेत आसपास के इलाके के लोग टहलने के लिए आते हैं। वर्तमान में सिंथेटिक ट्रैक का कार्य चल रहा है। इससे धूल उड़ रही है। अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को परेशानी हो रही है।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते थोड़ी समस्या है। हालांकि अभ्यास के समय निर्माण कार्य नहीं होता है।

चुनाव ड्यूटी पर भड़के वेतन न मिलने से रुष्ट शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने वेतन न मिलने और परीक्षा के दौरान चुनाव ड्यूटी लगाने पर नाराजगी जताते हुए प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव किया। शिक्षक संघ ने प्राचार्य को छह सूत्री मांग सौंपकर जल्द से जल्द समाधान की मांग की। नगर निगम ने कॉलेज पर 23 करोड़ से अधिक का बकाया होने पर सभी खाते सीज कर दिए हैं, इसमें वेतन खाता भी है। प्राचार्य ने इस मामले में नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से बात की। प्राचार्य का कहना है कि एक समिति बनाई है। वेतन की समस्या का जल्द समाधान निकाला जाएगा।

बरेली कॉलेज शिक्षक संघ ने सोमवार को कार्यकारिणी की बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुए कि डीएम से अनुरोध किया जाए कि जिन शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है, उन्हें एजीपी के अनुसार जिम्मेदारी दी जाए। इसके अलावा परीक्षाओं और कक्षाओं के दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाए। शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक महीने की पांच तारीख तक मिल जाए। मार्च का वेतन दो दिन में दिया जाए, नहीं तो शिक्षक संघ कठोर कदम उठाएगा। पिछले सत्र की लेखापर्ची 10 दिन में दिलाई जाए। शिक्षकों का अवशेष एरियर का जल्द भुगतान किया जाए। किसी भी परीक्षा से पहले परीक्षा समिति की बैठक बुलाई जाए और शिक्षकों की वरिष्ठता के क्रम में ड्यूटी लगाकर उन्हें एक सप्ताह में बताया जाए और ड्यूटी चार्ट जारी किया जाए। व्हाट्सएप पर ड्यूटी की जानकारी बंद की जाए। महासचिव प्रो. वीपी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के किसी भी शिक्षक की ड्यूटी नहीं लगी है। कई शिक्षकों की ड्यूटी प्रतिदिन 60 से 80 किलोमीटर तक की दूरी पर लगी है, उनके जाने-आने की कोई व्यवस्था नहीं है। सभी शिक्षक काफी परेशान हैं। कई शिक्षकों की ड्यूटी उनके पद और वेतनमान के अनुरूप नहीं लगाई गई। बैठक में अध्यक्ष प्रो. गजेंद्र पाल सिंह, रूटा महामंत्री प्रो. स्वदेश सिंह, शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष प्रो. अविनाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. आशारानी, संयुक्त सचिव प्रो. शिखा सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में प्राचार्य डॉ. ओपी राय के साथ बैठक करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

● शिक्षक संघ ने प्राचार्य का घेराव कर दो दिन में वेतन देने की मांग की

इनकम टैक्स ने वापस भेजा चेक

खाते सील होने की वजह से शिक्षकों का इनकम टैक्स भी जमा नहीं हो पा रहा है। प्राचार्य ने 35 लाख का चेक भी इनकम टैक्स भेजा था लेकिन खाते सीज होने से इसे वापस कर दिया गया। इसकी वजह से क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के यहां से वेतन जारी नहीं हो रहा है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए नगर आयुक्त से वार्ता की गई। इसके अलावा प्रो. वीपी सिंह के नेतृत्व में एक समिति बनाई है। समिति इस मामले में रिपोर्ट देगी, जिसे प्रबंध समित के पास भेजा जाएगा। इस मामले में सोमवार को प्रो. वंदना शर्मा और अन्य भी नगर निगम पहुंचे लेकिन नगर आयुक्त से मुलाकात नहीं हो सकी। इस पर कर निर्धारण अधिकारी ललतेश सक्सेना को जरूरी कागजात सौंपे।

गर्मी : आंखों में सूजन और जलन के रोगी बढ़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मौसम में बदलाव की वजह से वायरल, बुखार के अलावा आंखों की बीमारी के मरीज बढ़ गए हैं। तीन सौ बेड अस्पताल में नेत्र रोग की ओपीडी में लंबी लाइन लग रही है। करीब दस दिनों से रोजाना 20 से 30 मरीज पहुंच रहें, जो आंखों में जलन, सूजन समेत अन्य समस्या बता रहे हैं।

● तीन सौ बेड अस्पताल में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लंबी लाइन

जिला अस्पताल में सोमवार को 1154 मरीजों को परामर्श दिया गया, जिसमें 155 मरीज बुखार से ग्रसित मिले। कई मरीजों को डॉक्टर ने शरीर में दर्द की वजह से खून की जांच की सलाह दी। वहीं, पैथोलॉजी लैब के बाहर जांच के लिए मरीजों की कतार लगी नजर आई।

पैथोलॉजी लैब के बाहर लगी लाइन पुलिस चौकी के बाहर तक पहुंची। ● अमृत विचार

एनसीडी क्लिनिक का विस्तार के साथ होगा सौंदर्यीकरण

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में संचालित एनसीडी क्लिनिक का विस्तार होने के साथ सौंदर्यीकरण भी होगा। गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, ब्लड प्रेशर आदि के इलाज के लिए यह क्लिनिक स्थापित की गई है। यहां फर्नीचर, उपकरण न होने से व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। हालांकि, यहां आने वाले मरीजों की जांच करने के साथ परामर्श दिया जा रहा है। बीते दिनों एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने एनसीडी क्लिनिक के विस्तार के लिए सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को पत्र भेजा था। जरूरी उपकरण मुहैया कराने को कहा था। सोमवार को सीएमओ स्तर से क्लीनिक के लिए फर्नीचर और कंप्यूटर भेज दिए गए। वहीं, क्लीनिक का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा।

सीएमओ कार्यालय के बाहर ही लेट गईं बुजुर्ग

सीएमओ कार्यालय के बाहर दिव्यांग शिविर में एक बुजुर्ग महिला को जब बैठने की जगह नहीं मिली तो वह थक कर सीएमओ कार्यालय के बाहर ही लेट गईं। इस दौरान कई बार अफसर वहां से गुजरे लेकिन किसी ने महिला की सुध नहीं ली।

शिविर में दिव्यांगों को करना पड़ा इंतजार

सीएमओ कार्यालय में सोमवार को शिविर में सुबह 8 बजे से ही दिव्यांग प्रमाण पत्र संबंधी कार्य कराने को पहुंचे लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

गर्मी में बच्चे डायरिया की चपेट में, 20 भर्ती

जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: गर्मी में डायरिया का हमला तेज हो गया है। इसकी चपेट में बच्चे अधिक आ रहे हैं। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड फुल हो गया है। इसकी वजह से एक बेड पर दो बच्चे भी भर्ती करने पड़ रहे हैं। सोमवार को बच्चा वार्ड में 26 बेड पर 28 बच्चे भर्ती थे, जिसमें 20 डायरिया और आठ वायरल बुखार से ग्रसित थे। दो महीने में बच्चा वार्ड में दो सौ से अधिक बच्चे भर्ती हो चुके हैं। इसके अलावा 10 बच्चों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया जा चुका है। डायरिया से बचाव के लिए पानी उबाल कर पीएं। दस्त लगने पर ओआरएस का घोल दें।

सार-संक्षेप

चौरासी घंटा मंदिर पर मतदान करने की ली शपथ

बरेली, अमृत विचार : बदायूं रोड स्थित चौरासी घंटा मंदिर पर सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें लोगों ने शपथ ली कि सभी खुद मतदान करेंगे, साथ ही आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करेंगे। इस मौके पर सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन दिनेश यादव, आईसीओ राजेन्द्र मोहन गर्ग, मनोज कुमार, मंदिर व्यवस्थापक रविन्द्र मोहन गर्ग, स्वदेश कुमारी, नीरज कुमार, अंकित तिवारी, अदिति सिंह, विवेक सक्सेना, सतवीर यादव, ऐश्वरन मौर्या आदि मौजूद रहे।

नरमू ने नए सीएमएस का किया स्वागत

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के मंडलीय चिकित्सालय के नए सीएमएस डॉ. यूएस नाग से नरमू के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुलाकात की। नरमू के मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन ने बताया कि एनई रेलवे मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी और मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा मंडलीय चिकित्सालय इज्जतनगर में कार्यरत कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। सीएमएस ने समस्याओं का निस्तारण का आश्वासन दिया। शाखा मंत्री सोमनाथ बनर्जी, आरके पांडेय, राजेश चरन लाल, गजेंद्र सिंह, विप्रेन्द्र ठाकुर, नत्थू सिंह राना, मोहम्मद युनुस, जितेन्द्र आदि उपस्थित थे।

पीएनबी एम्पलाइज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बने दिनेश

बरेली, अमृत विचार : बरेली के दिनेश सक्सेना को ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सोमवार को मथुरा में आयोजित अधिवेशन में उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का पंजाब नेशनल बैंक में विलय हो जाने के बाद यह इस संगठन का पहला अधिवेशन था। वह उत्तर प्रदेश ओरिएंटल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के तीन बार प्रेसिडेंट और डीजीएस रह चुके हैं। वर्तमान में वह पीएनबीएसयू के प्रदेश के चेयरमैन हैं। यहां आने पर साथियों ने उनका स्वागत किया। प्रदेश के असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी चरण सिंह यादव, बरेली अध्यक्ष अरुण कुमार, संगठन मंत्री आकाश बत्रा, अमित खंडेलवाल, प्रदीप कुमार, चंद्रशेखर,अशोक पाल आदि ने उन्हें बधाई दी है।

केन्द्रीय कारागार में महिलाओं को किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर स्थित केंद्रीय कारागार में सोमवार को बौरिया प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका राखी गंगवार ने महिलाओं को रोजगार के प्रति जागरूक करते किया। इस दौरान रेनू पटेल, स्वाति गंगवार, रजनी गंगवार, छाया पटेल, नेहा रस्तोगी, दीक्षा सिंह, रश्मि मिश्रा, विनती छाबड़ा, रिद्धि खन्ना आदि उपस्थित रहीं।

डिवाइडर से टकराया लोडर एक की मौत, सात घायल

बेटे की शादी के लिए दिल्ली से लौट रहा था परिवार, अमरोहा में हुआ हादसा

संवाददाता, बरेली/ अमरोहा

अमृत विचार : बेटे की शादी के लिए दिल्ली से बरेली कैंट निवासी परिवार लौट रहा था रास्ते में अमरोहा कोतवाली क्षेत्र में चौधरपुर के पास हाईवे पर सोमवार सुबह पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पिकअप सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को बेटे मोनू की शादी है, जिसमें शामिल होने के लिए पूरा परिवार घर लौट रहा था, रास्ते में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया, जिसमें मोनू के छोटे भाई राज की मौत हो गई और मां भाग्यवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनका इलाज चल रहा हैं। पिकअप में सवार सभी आठ लोग बुरी तरह घायल हो गए। इलाज के दौरान राज (12) पुत्र चंद्रपाल ग्राम उमर सिया थाना कैंट बरेली की मौत हो गई। जबकि अंकित, बेबी सिंह, चंद्रकली, चंद्रपाल सिंह, भाग्यवती, प्रियंका, मोनू, सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चंद्रपाल सिंह का परिवार दिल्ली में मजदूरी का कार्य करता है। पिकअप मोनू ही चला रहा था।

घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

भमोरा, अमृत विचार : बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव रिसौली मोहनपट्टी निवासी मुन्ना लाल ने बताया कि 31 मार्च को उसकी पत्नी धन देवी देवर ओमशंकर के साथ बरेली से दवा लेकर बाइक से घर लौट रही थी। रास्ते में मकरंदपुर धराजीत गांव के पास पीछे से आए एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी 2 अप्रैल को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पति मुन्ना लाल की तहरीर पर सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही हैं।

दुष्कर्म के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज, अमृत विचार : महिला ने कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि एक युवक उसे फोन करके परेशान करता है। जब उसने फोन करने से मना किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। 10 नवंबर को जब वह बाजार जा रही थी तो रास्ते में आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर और कुछ सुंघाकर अपने घर ले गया और दो दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। मौका देखकर पीड़िता उसके घर से निकलकर आई और अपने पति को 6 दिसंबर को फोन करके हरियाणा से बुलाया और सारी बात बताई। पीड़िता ने 14 दिसंबर को मीरगंज थाने में शिकायत की, इसके साथ ही एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने आरोपी बबलू निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करना सबका दायित्व

बहेड़ी, अमृत विचार : कस्बे के रिछा स्थित संघटक राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य केके तिवारी ने कहा , मतदान करना सभी का लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार है, पर शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना हम सबका नैतिक और सामाजिक दायित्व है। मतदाताओं के अपने दायित्व का निर्वहन करने पर ही देश में एक सशक्त व आत्मनिर्भर सरकार अस्तित्व में आ सकेगी। इस अवसर पर डॉ. तरुण प्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

पोलिंग बूथ पर नहीं होनी चाहिए अव्यवस्था

भमोरा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अधिकारियों के साथ बरेली बदायूं बॉर्डर का निरीक्षण कर ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक में तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा पोलिंग पार्टियों को बूथ तक पहुंचाना और चुनाव समाप्त होने पर ईवीएम जहां जमा होनी है फोर्स के साथ पहुंचना पोलिंग पार्टियों के आने से पहले प्रत्येक पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर सुनिश्चित करें की जहां पोलिंग पार्टियां रुकेंगी वहां खिड़की और रोशनदान खुले होने चाहिए।

जिलाधिकारी ने पिंक बूथ का किया उद्घाटन

बिशारतगंज, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान, सीडीओ जग प्रवेश, एसडीएम आंवला नहनेराम ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। स्थानीय जूनियर हाई स्कूल में बने पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया, सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली। शिक्षिका दिप्ती माहेश्वरी की बनाई गई मतदान जागरूकता रंगोली को सराहा। छात्रों ने मतदान जागरूकता गीत और नाटक के मंचन से कम समय में ही सब को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संदेश दिया गया। जिला अधिकारी ने 'माई बूथ बरेली ऐप' के बारे में जानकारी दी।

क्लेश दूर करने का झांसा देकर 48 सौ की ठगी

आंवला, अमृत विचार : एक भिक्षुक ने गृह क्लेश दूर करने का झांसा देकर तीन घरों से 48 सौ रुपये ठग लिए। शाम के समय रुपये न मिलने पर लोगों को ठगी का एहसास हुआ। मोहल्ला ताड़गंज में सोमवार सुबह एक भिक्षुक आया और एक दरवाजे पर बैठकर परिवार को कुछ बाते बताकर उन्हें विश्वास में ले लिया। थोड़ी देर में भिक्षुक ने परिवार के मुखिया से 16 सौ रुपये लिए और कागज में लपेट कर कहा कि यह रुपये अपने शरीर के ऊपर से उतारकर घर के मंदिर में रख दो। शाम को उठा लेना। इससे गृह क्लेश दूर हो जाएंगें। इसी तरह दो और घरों में भी यहीं प्रक्रिया की। शाम के समय परिजनों ने मंदिर से उस कागज को खोलकर रुपये निकाले तो उसमें कागज ही बंधे मिले रुपये गायब थे।

एक ही रात दो घरों से हजारों की चोरी

आंवला, अमृत विचार : चोरों ने एक गांव के दो घरों के ताले तोड़कर नकदी समेत जेवर चोरी कर लिए। दोनों परिवार घर लौटे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उरला गांव निवासी मुकेश कुमार की पत्नी बबली ने बताया कि 6 अप्रैल को वह जेठ की होली मिलने के लिए दवतोरी बिसौली बदायूं गई थी।

वापस लौटने पर देखा तो चोर घर खंगाल कर जेवर और नकदी चुरा कर ले गए। पीड़िता ने बताया कि चोर गहने समेत 38 हजार रुपये चुरा कर ले गए। वहीं गांव के ही जैवेंद्र पाल ने बताया कि दो दिन पूर्व वह अपनी बीमार बहन को देखने परिवार के साथ संभल गया था। लौटने पर उसके घर से चोर दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी करके ले गए। पीड़िता ने बताया कि चोर 30 हजार की नकदी और जेवर ले गए। पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

गल्ला चुराते समय चोर पकड़ा, पुलिस को सौंपा

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे के बरखन मार्ग पर जाहिद उर्फ जावेद का किसान सेवा केंद्र नाम से मिली प्लांट और स्पेलर है। प्लांट से बार-बार चोरी होने से परेशान व्यापारी ने सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। रविवार रात 11 बजे के लगभग जाहिद ने अपना मोबाइल खोला तो सीसीटीवी में एक चोर प्लांट में घुसते दिखाई दिया। जिसे उन्होंने पकड़ कर उसकी पिटाई करने के बाद डायल 112 को बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया, और कैमरे की फुटेज सहित पुलिस को नामजद तहरीर दी है। यहीं आरोपी एक बार पहले कड़ा गया था, उस समय समझौता हो गया था।

पुलिस ने दुष्कर्म की तहरीर पर दर्ज की मारपीट की रिपोर्ट

सिरौली, अमृत विचार : एक महिला ने पड़ोस के ही युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने तहरीर बदलवाकर दुष्कर्म की रिपोर्ट के बजाय मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो दिन पहले उसके दो पड़ोसी शराब पीकर उसके घर में घुस आए। उसने आरोप लगाया कि एक युवक ने उससे दुष्कर्म किया। वहीं पुलिस ने महिला के घर में घुसकर गाली गलौज करने और मारपीट करने का मामला बताकर गुड्डू और सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि घटना की सूचना पर पीड़िता का भाई घर आया तो आरोपियों ने उसके ऊपर हमला करके घायल कर दिया। सिरौली थानाध्यक्ष लव सिरोही ने बताया कि दुष्कर्म की बात गलत है, मारपीट हुई थी। महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सार-संक्षेप

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ फ्यूचर ओलंपिक शुरू

बरेली, अमृत विचार : फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट में सोमवार को दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट फ्यूचर ओलंपिक की शुरुआत की गई। सबसे पहले प्रतिभागी छात्रों की मार्च पास्ट किया। छात्रों ने स्पोर्टस बीट्स सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने संस्थान के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, एमडी दीप गुप्ता के साथ गुब्बारे और कबूतर उड़ाकर ओलंपिक मशाल प्रज्ज्वलित की। कोर्डिनेटर डॉ. मनीष कुमार सिंह ने छात्रों को ओलंपिक के नियम और अनुशासन की शपथ दिलाई। क्रिकेट, वालीबॉल, एथलेटिक्स समेत कई खेलों का आयोजन हुआ। पूर्व ओलंपिक चैंपियन कपिल सिंह, सानिध्य वर्मा, हर्षित धोनी, देवांश तिवारी आदि मौजूद रहे।

खाटू श्याम की निशान यात्रा के बाद हुआ संकीर्तन

फरीदपुर, अमृत विचार : श्याम चित्र मंडल के सौजन्य से खाटू श्याम की निशान यात्रा कस्बे में सोमवार को निकाली गई, जिसका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रात 7 बजे से द्वितीय वार्षिक संकीर्तन महोत्सव हुआ, जिसका भक्तों ने आनंद लिया। शोभायात्रा के बाद भजन गायक कुकी अरोड़ा, देव एवं विपिन श्याम दीवाना, हार्दिक अरोड़ा ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान इत्र वर्षा, 56 भोग, भव्य दरबार, अखंड ज्योति आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान मुख्य रूप से नितिन गुप्ता, दीपक गुप्ता, पूर्व पालिका अध्यक्ष पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता, राजीव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजा गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सामाजिक संस्था ने गरीबों को बांटे कपड़े

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : कस्बे में नूरी वेलफेयर ट्रस्ट ने गरीबों को साप्ताहिक बाजार में कपड़े बांटे गए। इस मौके पर ट्रस्ट के फाउंडर हाजी जहीर अहमद अंसारी, हाफिज जाकिर हुसैन, मौलाना राशिद रज़ा मरकजी, सभासद वसीर अहमद, सोनू सिद्दीकी, नवैद कादरी, हबीब भाई, ताज मोहम्मद, हाफिज अब्दुल खालिद समेत अन्य मौजूद रहे।

सेवानिवृत शिक्षकों को किया सम्मानित

आंवला, अमृत विचार : सेवानिवृत्ति शिक्षकों को सोमवार को विभिन्न शिक्षक संगठनों ने सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक ओमकार शर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर, भूदेव तिवारी प्राथमिक विद्यालय नवाबपुरा, चंद्रपाल प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा भूड़, इसरार खान प्राथमिक विद्यालय साहपुर मुस्तकिल, अनीता सक्सेना उच्च प्राथमिक विद्यालय जगन्नाथपुर को सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. जगदीश कुमार ने कहा सभी शिक्षकों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बच्चों और विभाग को दिए। इस मौके पर यूटा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप वर्मा, शशिकांत, सत्यार्थ पाराशरी, बृजेश कौशल, कृष्ण मुरारी, पवन दिवाकर, कुलदीप आर्य, राम प्रकाश सागर समेत अन्य मौजूद रहे।

सरस काव्य गोष्ठी में रमेश और प्रताप का सम्मान

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : श्रीमती पुष्पादेवी स्मृति सम्मान समिति के तत्वावधान में रविवार शाम मोहल्ला साहूकारा स्थित कवि रणधीर गौड़ 'धीर' की अध्यक्षता में सरस काव्य गोष्ठी और सम्मान समारोह हुआ। डॉ. रामशंकर प्रेमी ने पत्नी श्रीमती पुष्पा देवी की पुण्य स्मृति में लगातार 15वें वर्ष शहर के दो कवियों रमेश गौतम और प्रताप मौर्य को माला पहनाकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. रामशंकर प्रेमी, कार्यक्रम अध्यक्ष रणधीर गौड़, मुख्य अतिथि रमेश गौतम और विशिष्ट अतिथि गणेश 'पथिक' ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर गोष्ठी का आरंभ किया। इस दौरान कवियों ने रचनाओं को सुनाकर भाव विभोर कर दिया।

डीएम से ढकिया डैम को बनवाने की मांग

शीशगढ़, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने शीशगढ़ इंस्पेक्टर को जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर ढकिया डैम बनवाने और धनेटा शीशगढ़ मार्ग पर हो रहे सड़क चौड़ीकरण के कारण सड़क की दोनों तरफ हुए गड्ढों को जल्द से जल्द भरवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। भाकियू अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने कस्बे में युवा जिलाध्यक्ष संजीव रस्तोगी के निवास पर बैठक की। जिसमें क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। किसान नेताओं ने बताया कि धनेटा शीशगढ़ मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। जिसकी वजह से सड़क की दोनों तरफ गड्ढे हैं, इसलिए हादसे हो रहे हैं। इसके साथ ही ढकिया डैम 1906 में अंग्रेजों के समय में बनाया गया था। जो अब जर्जर हालत होने की वजह से उस पर लोगों का आवागमन बंद हो गया है। जिसकी वजह से किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिले में छुट्टा पशुओं की संख्या बहुत बढ़ी हुई है, जिनकी वजह से हादसे हो रहे है, साथ ही किसानों की फसल बर्बाद हो रही हैं। भाकियू के कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन शीशगढ़ इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार को सौंपा।

हादसे में घायल गोवंशीय पशु दिन भर तड़पता रहा

दुनका, अमृत विचार : दुनका के बसई गांव में रविवार रात सड़क पार करते समय गोवंशीय पशु को ईको ने टक्कर मार दी, जिससे उसका एक पैर टूट गया। रात भर वह वहीं तड़पता रहा। सुबह गांव के सत्यप्रकाश ने प्रधान सतीश गंगवार को इसकी सूचना दी। प्रधान ने पशु चिकित्सा अधिकारी सहोड़ा को जानकारी दी। सूचना पर डॉ. अवधेश कुमार ने पहुंचकर इलाज किया और गोशाला भिजवाने को कहा। दिन भर गोवंशीय पशु वहीं पड़ा रहा। शाम को सत्य प्रकाश स्कूल से वापस आए तो पशु को तड़पते देख 112 नंबर पर सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप मंगाकर गोवंश को मयूड़ी बुजुर्ग गोशाला भिजवा दिया।

पुजारी ने किसान का सिर फोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

भमोरा, अमृत विचार : खेत में काम कर रहा किसान पानी लेने के लिए मंदिर परिसर में लगे नल पर चला गया। जूते पहने होने के कारण पुजारी ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया। ग्राम नितोई निवासी सुनील के परिजन मकरंदपुर रेलवे लाइन के पास खेत में गेहूं काट रहे थे, सुबह 9 बजे के करीब सुनील परिजनों को खाना ले कर पहुंचा, पास में ही बने मंदिर परिसर में नल पर पानी लेने गया, जहां जूते पहने होने के कारण पुजारी से विवाद हो गया, पुजारी ने लोहे के पाइप से मारकर किसान का सिर फोड़ दिया, जिससे किसान सुनील घायल हो गया। उसने 112 पर फोन करके मारपीट की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल किसान और पुजारी के साथ लोहे का पाइप को लेकर थाने आई, पुलिस ने आरोपी बाबा पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

किसान के घर से सप्ताह में दूसरी बार भैंसें चोरी

भोजीपुरा, अमृत विचार : एक किसान के घर से सप्ताह में दूसरी बार भैंसें चोरी हो गई। रविवार रात चोर दो भैंसे चुराकर ले गए। इससे पहले 30 मार्च को भैंसें चोरी हुई थी। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा करीम बख्श निवासी पूर्व कनिष्ठ प्रमुख गंगाराम रविवार की रात परिवार के साथ घर में सोए थे। रात में चोरों ने पशुशाला से उनकी दो भैंसें चुरा ली। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया पुलिस अभी बीआईपी ड्यूटी में लगी है। शीघ्र चोरों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम समाज की भूमि पर खड़े पेड़ को चोरी से बेचा

शीशगढ़, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव बंजरिया में ग्राम समाज की जमीन पर खड़े 60 वर्ष पुराने पाकड़ के पेड़ को कुछ ग्रामीणों ने बेच दिया। जानकारी होने पर अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे, ठेकेदार और ट्रैक्टर चालक को लकड़ी भरी ट्राली सहित पकड़कर चौकी बंजरिया पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि सूचना वन विभाग को दे दी है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

भव्य शुभारम्भ
दिनांक: 09.04.2024 से
SHRI GIRIJAPATI ENTERPRISES
Deals in: PVC, UPVC & CPVC PIPES AND FITTINGS
Prop.: Pushpa Rathore
Mob.: 8755020117
264, Kunwarpur City Station Road, Near P.N. Bank, Bareilly

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी विवाहित पुत्री ब्रोनिका स्पैनसर को जालसाजी, गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। निब्यूलस स्पैनसर निवासी 161 फाईक एन्क्लेव, पीलीभीत बाईपास रोड, जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अयान खान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **गुड्डू खान पुत्र नियाज हुसैन निवासी केशवापुर पोस्ट भल्लिया बुजुर्ग थाना गोला जिला खीरी।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सूचना
मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 15/01/2023 को हो गया, उनका कक्षा 10 सनद/सर्टिफिकेट घर में कही खो गया, जिसका मुझे अपने पति के डेथ क्लेम के लिए बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश में आवश्यकता है। शहनाज पत्नी स्वर्गीय श्री मुस्तजीब अहमद खां वार्ड नंबर-11 ठिरिया निजावत खां थाना कैंट, बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम Jaspreet Kaur Monga दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम Jaspreet Kaur है। भविष्य में मुझे Jaspreet Kaur नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **जसप्रीत कौर पुत्री गुरूशरन सिंह निवासी हुण्डाल खेल तह. सदर जिला शाहजहाँपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र गंगाप्रसाद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता न होगा। **महेन्द्र पाल पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम पिपरिया तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

सूचना
देवकी उपाध्याय उर्फ दीपा उपाध्याय पत्नी स्व.शिवदत्त उपाध्याय को दोनों नामों से जाना जाता है और दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। **निवासी 914 पीलीभीत बायपास रोड, राज नगर कॉलोनी बरेली पोस्ट - शामतगंज उत्तर प्रदेश 243005।**

धर्म दर्शन

शक्ति और आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र

संपूर्ण वैदिक साहित्य और भारतीय आध्यात्म शक्ति की उपासना प्राय: मां के रूप में की गई है। यही नहीं शक्ति के तामसिक रूपों में हाकिनी, यक्षिणी, प्रेतिनी आदि की पूजा भी तांत्रिक और साधक मां के रूप में करते हैं। मां शब्द से उनकी आक्रमकता कम हो जाती है और माना जाता है कि वह व्यक्ति को पुत्र व अज्ञानी समझ क्षमा कर अपनी कृपा बरसती हैं। नवरात्र में प्राय: वातावरण में ऐसी क्रियाएं होती हैं, जिनसे इस समय पर शक्ति की साधना, पूजा और अर्चना करने से प्रकृति शक्ति के रूप में कृपा करती है।

भारतीय संस्कृति में वसंत को ऋतुराज की उपाधि दी गई है। इसी ऋतु में पड़ने वाले चैत्र शुक्ल पक्ष के नौ दिन आद्याशक्ति की आराधना को समर्पित होते हैं। इसीलिए वासंतिक नवरात्र सदा से ही शक्ति पूजा का पर्वकाल रहा है।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है। रामायण काल में भगवान राम ने भी नवरात्र के उत्तम व्रत को किया था। इस व्रत के प्रभाव से ही पराक्रमी एवं मायावी शत्रु रावण को परास्त किया था। देवर्षि नारद ने भगवान श्री राम को इस अनुष्ठान को सम्पन्न करने का उपदेश दिया था। नवरात्र न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

चैत्र नवरात्र आत्मशुद्धि और मुक्ति के लिए। वैसे सभी नवरात्र का आध्यात्मकि दृष्टि से अपना महत्व है। आध्यात्मकि दृष्टि से देखें तो यह प्रकृति और पुरुष के संयोग का भी समय होता है। प्रकृति मातृशक्ति होती है इसलिए इस दौरान देवी की पूजा होती है गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि संपूर्ण सृष्टि प्रकृतिमय है और वह सिर्फ पुरुष हैं। यानी हम जिसे पुरुष रूप में देखते हैं वह भी आध्यात्मकि दृष्टि से प्रकृति यानी स्त्री रूप है। स्त्री से यहां मतलब यह है कि जो पाने की इच्छा रखने वाला है वह स्त्री है और जो इच्छा की पूर्ति करता है वह पुरुष है।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी को सृष्टि निर्माण का काम शुरु किया था। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में पहला अवतार लेकर पृथ्वी की स्थापना की थी। भगवान विष्णु का सातवां अवतार जो भगवान राम का है वह भी चैत्र नवरात्र में हुआ था। इसलिए धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्र का बहुत महत्व है। इस नवरात्रि में देवी की 9 शक्तियों के अलावा 9 विद्या भी पूजी जाती हैं। 9 औषधियां भी पूजन में शामिल की जाती है। इस नवरात्रि में ध्यान, चिंतन और मनन के अतिरिक्त आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास किए जाते हैं। साधक की साधना इस नवरात्रि में अधिक फलदायी होती है।

नवरात्र के नौ दिनों में मनुष्य अपनी भौतिक, आध्यात्मकि, यांत्रिक और तांत्रिक इच्छाओं को पूर्ण करने की कामना से व्रतोपवास रखता है और ईश्वरीय शक्ति इन इच्छाओं को पूर्ण करने में सहायक होती है। नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है। किंतु शक्ति का यह विचार भी सभी प्राणियों के कल्याण हेतु है-सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते!

यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। पूरे देश में इक्यावन शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। शक्ति पूजा की पूरे भारत में एक गौरवशाली परंपरा रही है। शक्ति पूजा प्रणाली, एक समय प्राचीन भारत में शक्ति पूजा के केंद्रों के माध्यम से प्रचलित थी, जिन्हें शक्तिपीठों के नाम से जाना जाता था। शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माना जाता है कि सतयुग में सती देवी के शरीर के अंग गिरे थे।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है।

नवरात्र-अवधि में व्रत का महत्व

शीतकाल की समाप्ति तथा ग्रीष्मकाल के दस्तक देने का पर्व है वसन्त ऋतु। प्रकृति में नव-सृजन शुरू होता है। वातावरण मनमोहक हो जाता है। इस वातावरण में होने वाले आध्यात्मिक पर्व वासन्तिक नवरात्र में व्रत-उपवास के साथ दैवी-शक्तियों के संचय करने का विधान है। श्रद्धालुजन व्रत रहते हैं। इस नवरात्र-व्रत के दौरान फलाहार के निहितार्थ को गहराई से समझने से लगता है कि साधना-उपासना-यज्ञ-अनुष्ठान-दान-तप से जो प्राकृतिक ऊर्जा का "फल" मिलता है, उसका आहार किया जाए। जिस प्रकार हम हर दिन जीवन के लिए आहार के रूप में भोजन लेते हैं, उसी तरह शरीर में विद्यमान ऊर्जा-शक्ति को भी रिचार्ज करते रहना पड़ता है। जब हम अनाज के रूप में भोजन करते है तो शरीर के रसायनों को उसे सुपाच्य करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस प्रक्रिया को विश्राम देने की भी आवश्यकता है। लिहाजा इस अवधि कोई दूध, दही, कोई फलाहार, कोई-कोई तो सिर्फ जल और वायु पीकर आंतरिक यंत्र-तंत्र को मंत्र की तरंगों से सशक्त करता है। उदाहरण लें तो किसी वाहन के पहिए में हवा कम है तो वाहन-संचालन प्रभावित हो जाता है। हमारा शरीर में इसी वायु से संचालित है। शरीर वायु का समुचित प्रयोग मूलाधार से सहस्रार को एक्टिवेट करता है। यही भगवान विष्णु-योगेश्वर कृष्ण का चक्र मानना उचित प्रतीत होता है। इसीलिए योग आदि के जरिए शरीर में हवा का अधिक से अधिक उपयोग उत्तम स्वास्थ्य देने वाला होता है। व्रत में पथ्य का अनुसरण और अपथ्य का निषेध किया गया है। जीवन में हम उसी पथ को चुनते है जो सुगम हो और कांटों से मुक्त हो। ऐसे पथ जिसमें गंदगी, दुर्गन्ध, रास्ता-जाम हो, उससे हर कोई बचना चाहता है। प्राय: रास्तों में सड़क के किनारों पर गन्दगी, अतिक्रमण होते रहते हैं, तो उसे सक्षम संस्थान हटाते हैं। शरीर की भोजन-नलियों तथा अन्यान्य हिस्सों में अवरोध को हटाने के लिए व्रत तथा फलाहार का विधान मेडिकल साइंस भी बताता है। इसी के साथ शरीर को हर हाल में जीने के लिए तैयार करने का उपक्रम भी व्रत रखकर फलाहार करना है।

फलाहार का सीधा सा अर्थ है कि मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उपयोगी है। हल-बीज-खाद से उपजायी गयी वस्तु की जगह लम्बी अवधि तक गर्मी-जाड़े से लड़ते हुए जो पेड़ फल दे रहे हैं उसमें विशेष ऊर्जा-तत्व हैं। इसलिए भी फलाहार कर इस ऊर्जा को सञ्चित किया जाए। वर्ष भर शरीर तंत्र को एक ही पद्धति से काम करने से बदलना भी है फलाहार के माध्यम से हो जाता है। बदलाव नयापन लाता है। हम 6 घण्टे सोते हैं यानि इस अवधि में आंखें देखने के काम को वरतती यानि विरत रहती हैं। आंखों के इस व्रत का ही परिणाम कि ये आंखें दूसरे दिन देखने में सक्षम रहती है। मौन-शक्ति का भी यही लाभ है। इस प्रकार शरीर के आंतरिक तंत्र का मौन ही है व्रत, उपवास और हल्के फलाहार की प्रक्रिया।

मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता

इस जगत की उत्पादिका, संरक्षिका और संहारिका पर ब्रह्मरूपा मां महाशक्ति की आराधना और इसी अवधि में पड़ने वाली चैत्र-नवरात्रि, नवरातें, नवरात्र तथा श्रीहरि विष्णु के अंश अवतार के रूप में पूजित मर्यादापुरूषोत्तम के अवतरण से पावन 'चैत्रामनवमी'। भारतीय प्रायद्वीप के मूलनिवासी हिन्दुओं में रची-बसी उपासना पद्धति और धर्म संबंधी वैचारिक स्वतंत्रता की तुलना विश्व के किसी भी देश के धर्म से नहीं की जा सकती है। उदाहरणार्थ, यह हिन्दू समाज ही है, जहां शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य और सौर(सूर्य पूजक) सभी परस्पर मत भिन्नता के रहते हुए साथ-साथ फले फूले। यही नहीं अनीश्वरवादी जैन और बौद्धधर्म भी लोकप्रिय हुए। और तो और चार्वाक जैसों को अपना आदर्श मानने वाले 'नास्तिक' भी पल्लवित और पुष्पित हुए। सभी ने अपने मत का मनचाहा प्रचार-प्रसार किया और बहुमूल्य वैचारिक ग्रंथों की रचना किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

सामान्य हिन्दू, चाहे किसी भी मत या सम्प्रदाय का हो, बिना किसी संकोच के उसने 'शक्ति' की महत्ता को स्वीकार किया। प्राय: सभी हिन्दू, अपने उपास्यदेव के नाम से पहले स्वाभाविक रूप से 'शक्ति' का नाम लेता है, यथा-सीता-राम, राधे-श्याम, लक्ष्मी-नारायण, गौरी-गणेश, सावित्री-सूर्य इत्यादि। यहां यह स्वीकार करने में कोई संकोच कदापि नहीं है कि भारत की सिन्धु घाटी उत्खनन के अतिरिक्त अन्य प्राचीन सभ्यताओं में भी पुरातात्विक साक्ष्य मातृपूजा या मातृसत्ता का अस्तित्व प्रमाणित करते हैं, किन्तु यह मात्र हमारा समाज ही ऐसा रहा जिसने मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता को स्थायित्व प्रदान किया और उसको अमर बनाया। भारत में अनेक रूपों में पूज्य मातृशक्ति के रूप में निरन्तर चली आ रही 'शक्ति-उपासना' का विशेष पल्लवन पौराणिक तथा तंत्रसाहित्य मे सर्वाधिक विस्तार से वर्णित हुआ है। पुराणों में, नारायण या विष्णु के साथ लक्ष्मी, शिव के साथ शिवा, ब्रह्मा के साथ सरस्वती, गणेश के साथ अम्बिका तथा सूर्य के साथ सावित्री के चरित और महात्म्य का, विशद विवरण है। इन सभी का परिचयात्मक विवरण भी अत्यन्त बृहद आकार का और श्रमसाध्य है। हिन्दू महाशक्तियों में भी सर्वाधिक सम्मानित और लोकप्रिय हजारों नामों और रूपों में पूजित शिवशक्ति के भी शांत या सौम्य तथा रौद्र या उग्र, दो स्वरूप रहे हैं। उदाहरणस्वरूप सौम्य, शांत या कोमल रूप में यदि वह, उमा, गौरी, पार्वती, भगवती, जगन्माता, अम्बिका आदि है तो रौद्र या भयानक रूप में वही, दुर्गा, काली, कपाली, चण्डिका, चण्डी, भैरवी, श्यामा आदि नाम/रूप से पूजित या उपास्या है। यहां यह स्पष्ट करना अति आवश्यक है कि इन कुछ नामों के अतिरिक्त उनके असंख्य नाम और रूप विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित हैं।

ब्रह्म की अनिर्वचनीयता

यदि मन्यसे सुवेदेति दभ्रमेवापि नूनं त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपं यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमांस्यमेव ते मन्ये विदितम्।।

आचार्य शिष्य से कहते हैं "यदि तुम सोचते हो कि मैंने ब्रह्म को भलीभांति जान लिया है "तो निश्चित रूप से तुमने उस ब्रह्म का वह थोड़ा सा ही रूप जाना है जो तुममें और देवताओं में व्यक्त हुआ है। अतः तुम्हें इस विषय पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

आचार्य शिष्य को यह बता चुके थे कि यह ब्रह्म दुर्विज्ञेय अर्थात् कठिनाई से जानने योग्य है। शुद्ध चित्त वाले किसी मेधावी शिष्य को यह ब्रह्म ज्ञात हो सकता है, परंतु किसी किसी को नहीं भी ज्ञात हो सकता। आचार्य ने यह भी उपदेश दिया था कि "जो तू आत्मा है, वही ब्रह्म है"। इससे आचार्य की यह आशंका स्वाभाविक थी कि कहीं शिष्य यह न समझ बैठे कि स्वयं को जान लेने अथवा आत्मा को जान लेने मात्र से ही उसने ब्रह्म को पूर्णरूपेण जान लिया है।

इसी संभावित आशंका का निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि हमारे द्वारा संकेत से बताए गए ब्रह्मतत्व को सुनकर यदि तू ऐसा मानता है कि मैं उस ब्रह्म को भलीभांति जान गया हूं, तो यह निश्चित है कि तूने ब्रह्म के स्वरूप को थोड़ा जाना है। यदि तुम केवल उस परब्रह्म के अंशभूत जीवात्मा अथवा देवताओं के रूप में मन, बुद्धि, प्राण, इन्द्रिय आदि में स्थित ब्रह्म के अंश को ब्रह्म समझते हो, तो तुम्हारा यह समझना यथार्थ नहीं है। ब्रह्म इतना ही नहीं है। इस जीवात्मा मे और समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त जो ब्रह्म की शक्ति है, वह सब मिलाकर भी ब्रह्म का एक अंश मात्र ही है। अतएव तेरा समझा हुआ यह ब्रह्म तत्व तेरे लिए पुनः विचारणीय है, ऐसा मैं मानता हूं।

बरेली

सार-संक्षेप

सोशल मीडिया पर प्रेम, घर छोड़कर दिल्ली पहुंची किशोरी

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को सोशल मीडिया से एक युवक से प्यार हो गया। किशोरी सहेली की मदद से प्रेमी के साथ दिल्ली चली गई। किशोरी की मां ने सहेली और प्रेमी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के मुताबिक उनकी नाबालिग बेटी दिल्ली की रुचिका से सोशल मीडिया पर बात करती थी। बेटी दो अप्रैल को रात आठ बजे पड़ोस में रहने वाली सहेली से मिलने की बात कहकर घर से गई लेकिन वापस नहीं लौटी। उसका फोन भी बंद जा रहा है। उनका कहना है कि घर से जाने से पहले बेटी ने अपना सिम उनके मोबाइल में डाला था। उनके फोन पर रुचिका का फोन आया था तो उन्होंने बेटी से पूछा था तो बेटी ने बताया कि वह उसकी दोस्त है, जो दिल्ली रहती है और उसका एक दोस्त यूसुफ है। उनका आरोप है कि यूसुफ ने उनकी बेटी से शादी करने और गलत धंधों में धकेलने की नीयत से अपहरण किया है। उन्हें शक है कि यूसुफ और रुचिका उनकी बेटी की हत्या कर सकते हैं।

दरोगा के बयान दर्ज करेंगे सीओ नवाबगंज

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा वेद सिंह के नोट गिनने के वायरल वीडियो के मामले में नवाबगंज सीओ हर्ष मोदी दरोगा और थाना प्रभारी जयशंकर सिंह का बयान दर्ज करेंगे। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मामले की जांच सीओ को सौंपी है। मामले में थाना प्रभारी दरोगा को पहले ही क्लीनचिट दे चुके हैं।

गेहूं खरीद में मंडल प्रदेश में पहले स्थान पर

बरेली, अमृत विचार : गेहूं खरीद में बरेली मंडल प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिलों में शाहजहांपुर सबसे आगे चल रहा है। सोमवार को आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गेहूं खरीद की समीक्षा हुई। जिसमें बरेली मंडल में 11.29 लाख एमटी के सापेक्ष अब तक 7179 एमटी गेहूं खरीद होना पाया गया। शाहजहांपुर में 5900, पीलीभीत में 1036, बरेली में 199 और बदायूं में 43 एमटी गेहूं खरीद हुई है। मंडलायुक्त ने बरेली और बदायूं में कम गेहूं खरीद पर दोनों जिलों के डिप्टी आरएमओ को गेहूं खरीद में प्रगति लाने के निर्देश दिए। शाहजहांपुर में मात्र 62 प्रतिशत किसानों का सत्यापन होने पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि किसानों का गेहूं खेतों से खरीदने के लिए मोबाइल क्रय केंद्र संचालित हैं। आरएफसी के चारों जिलों के अपर जिलाधिकारी, आरएमओ, डीडी मंडी, डीआर कॉपरेटिव आदि मौजूद रहे।

जाली लगवाने के लिए यूटा ने दिया ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : मतदान केंद्रों पर कक्षों में जाली लगवाने के लिए यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में बहुत सीमित धनराशि मुहैया कराई जाती है। वह भी मार्च में ही समाप्त हो चुकी हैं। अब स्कूलों के पास किसी तरह की ग्रांट नहीं बची है जिससे जाली लगवाई जा सके। उन्होंने पंचायत सचिव या ग्राम प्रधान को अपने स्तर से जाली लगवाने की मांग की। जिला महामंत्री हरीश बाबू, हेमंत कुमार, राज पलियाल, सत्येंद्र पाल सिंह, रवि कुमार, राजेश कुमार, देवराज भारती, वीरेंद्र सिंह, हेमंत कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

पीएचडी आरडीसी का रिजल्ट जारी करने की मांग

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय का पीएचडी वाणिज्य आरडीसी का रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं किया गया है। इससे छात्र परेशान हैं और शोध कार्य नहीं कर पा रहे हैं। छात्रों का 27 जनवरी और 29 जनवरी को विषय विशेषज्ञ के समक्ष दो दिवसीय इंटरव्यू हुआ था। इसके बाद छात्रों को बताया गया था कि उनका शोध सेलेक्ट होने पर ईमेल से सूचना दी जाएगी। इस मामले में फाइल कुलपति के पास भी भेजी जा चुकी है। समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव और रिसर्च स्कॉलर फैज मोहम्मद और रिसर्च स्कॉलर प्रशांत यादव ने रिजल्ट जल्द घोषित करने की मांग की है।

पूरनपुर का किराया लेकर बरेली में उतार दिया, यात्रियों का हंगामा

जयपुर से आ रही थी निजी बस, सवारियों के साथ मारपीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जयपुर से पूरनपुर जा रही डग्गामार बस के ड्राइवर ने यात्रियों को सेटेलाइट के पास उतार दिया। यात्रियों से पूरनपुर तक का किराया लिया था। जब यात्रियों ने हंगामा किया तो ड्राइवर और उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस के पहुंचने पर ड्राइवर और बस संचालक भाग गया। पुलिस ने तहरीर न मिलने पर बस को बिना कार्रवाई किए छोड़ दिया।

मारपीट के बाद बरेली में खड़ी बस।

टिकट दिखाता एक यात्री।

पूरनपुर निवासी आफाक खां ने बताया कि उनके यहां के कई लोग राजस्थान के जयपुर में नौकरी करते हैं। रविवार रात को कई लोग डग्गामार बस से पूरनपुर के लिए निकले थे। कंडेक्टर ने प्रति सवारी आठ सौ रुपये वसूल किए। बरेली में सेटेलाइट के पास सभी सवारियों को उतार दिया और कहा कि दूसरे वाहन से चले जाओ। लोगों ने विरोध किया तो ड्राइवर और संचालक ने गालीगलौज की और मारपीट शुरू कर दी, जिसमें गुलाम गौस, शहान खां, कल्लू खां समेत कई लोगों को चोट लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर ड्राइवर और बस संचालक भाग गए। पुलिस कर्मियों ने तहरीर देने को कहा तो पीड़ितों ने तहरीर देने से मना कर दिया। चौकी इंचार्ज सेटेलाइट सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि यात्रियों ने तहरीर नहीं दी है। शिकायत करते तो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाती।

बच्चा वार्ड से दो मोबाइल चोरी

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में दो मोबाइल फोन चोरी हो गए। मरीजों के परिजनों ने सोमवार को वार्ड प्रभारी से शिकायत की। उन्होंने बताया कि रात में उन्होंने वार्ड में ही लगे बिजली के बोर्ड में मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाए थे। किसी काम से बाहर गए और वापस आए तो मोबाइल गायब था। इस पर वार्ड प्रभारी ने शिकायत करने वालों से कहा कि वह अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें। उन्होंने सुरक्षा गार्ड को भी चेतावनी दी।

बच्चों के सामने बीवी को दिया तीन तलाक

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर में पति ने बच्चों के सामने महिला को तीन तलाक दे दिया। पति ने दिल्ली की महिला से निकाह कर लिया। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव मनपुरिया दलेल निवासी परवीन ने बताया कि उनका निकाह वर्ष 2001 में इरशाद मोहम्मद के साथ हुआ था। उनके छह बच्चे हैं। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति शराब पीकर मारपीट करने लगा। जेठ शमशाद, जेठानी अमन निशा, भांजी दामाद मुख्तयार, भांजी शमशीरन के कहने पर इरशाद ने दूसरा निकाह कर लिया। 30 मार्च को पति दूसरी महिला को घर ले आया। इसी को लेकर विवाद हुआ, तब इरशाद, शमशाद, मख्त्यार, अमन निशा और शमशीरन ने उनकी पिटाई की और बच्चों के सामने ही इरशाद ने तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने इरशाद, शमशाद, अमन निशा, मुख्त्यार, शमशीरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अंतरिक्ष विज्ञानी तैयार करने के लिए इन्वर्टिस में इसरो बनाएगा नोडल सेंटर

- नोडल सेंटर की कक्षाओं में शामिल होने को 12 तक कराना होगा रजिस्ट्रेशन

बरेली, अमृत विचार : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में नोडल सेंटर संचालित करेगा। सेंटर से अंतरिक्ष विज्ञान के अध्ययन के लिए प्रेरित करने का अभियान चलाया जाएगा। नोडल सेंटर में अंतरिक्ष विज्ञान के रहस्यों का वैज्ञानिक समाधान बताने वाली ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि इससे विश्वविद्यालय से आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम ने कहा कि इससे विद्यार्थियों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. आरके शुक्ला ने कहा कि इसरो जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की निगरानी में चलने वाले कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। नोडल सेंटर से विज्ञान के साथ कृषि व अन्य विषयों के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई का अवसर प्रदान किया जाएगा।

नोडल समन्वयक डा. अवधेश शर्मा ने बताया कि यह केंद्र विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में ग्रह विज्ञान से लेकर वायुमंडलीय अनुसंधान और खगोल भौतिकी से लेकर माइक्रोग्रैविटी अध्ययन तक के विषयों पर नई खोज करेगा। नोडल सेंटर की कक्षाओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिभागियों को 12 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इच्छुक प्रतिभागी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध वेबलिंक के जरिए भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मच्छरों की भरमार

बरेली, अमृत विचार : प्रेम नगर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में गंदगी के चलते मच्छर पनप रहे हैं। परिसर कूड़ा गाड़ियों का स्टोर रूम बनकर रह गया है। मच्छरों से मरीज और कर्मी परेशान हैं। अस्पताल परिसर में चालक कूड़े भरे वाहन खड़े करते हैं। इस वजह से यहां गंदगी रहती है। अभी तक कीटनाशक का छिड़काव भी नहीं किया गया है। प्रभारी डॉ. शालिनी ने बताया कि अब तक परिसर कीटनाशक का छिड़काव नहीं किया गया है।

अस्पताल में खड़ीं कूड़ा गाड़ी।

सेटेलाइट तिराहे पर पुलिस के सामने रास्ता रोककर खड़े हो रहे ऑटो चालक

बरेली : सेटेलाइट तिराहे पर पुल के नीचे ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में सोमवार को ऑटो वाले खड़े हो गए। इसकी वजह से रेड लाइट पर जाम में कई वाहन फंस गए।

पब्लिक नोटिस

मेरे मुवक्किल Cholamandalam Investment and Finance Co. ltd. शाखा बरेली की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहजीब खां पुत्र श्री हसीन खां निवासी 11/354 शहदाना बेदी टोला पुराना शहर बरेली के है वह एक किता मकान पुराना नं. 234 नया नं. 244 रकवा 125.41 वर्गमी. कॉकर टोला पुराना शहर बरेली में स्थित है को श्रीमती अफरोज आदि से खरीद करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे हैं। उपरोक्त जगह का एक किता बैनामा दिनांक 02.08.1997 बही नं. 1 जिल्द 406 पृष्ठ 119 से 140 दस्तावेज नं. 3182 जो कि नन्हें खां के हक मे था वास्तव में कहीं खो गया है। बैनामा खोने के सम्बन्ध में दिनांक 08.04.2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या Cholamandalam Investment and Finance Co. ltd. शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है उक्त ऋण तहजीब खां पुत्र श्री हसीन खां निवासी 11/354 शहदाना बेदी पुराना शहर बरेली को प्रदान कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना एडवोकेट
पैनल एडवोकेट
बगिया चैम्बर नं. 1, निकट पोस्ट ऑफिस सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली
मो. 9837205613

द्रौपदी कन्या इन्टर कॉलेज, बरेली

विज्ञप्ति

द्रौपदी कन्या इण्टर कॉलेज, बरेली की प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 12.05.2024 को प्रात: 10 बजे दिन रविवार को विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगा, मतदाता सूची विद्यालय के संस्था बोर्ड पर चस्पा है। यदि कोई आपत्ति हो तो 10 दिनों के अन्दर सभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करें। उक्त आपत्तियों पर विज्ञापन के दिनांक से दो सप्ताह में निराकरण किया जायेगा, तद्उपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सभी सदस्य चुनाव में प्रतिभाग करने हेतु उपस्थित होने का कष्ट करें।

डॉ. शशि प्रभा
प्रबन्धक
द्रौपदी कन्या इण्टर कॉलेज, बरेली

शिवांशु की हत्यारोपी तनु को पुलिस ने भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बदायूं के सिविल लाइंस थाना निवासी शिवांशु की हत्या कर शव सुभाषनगर में फेंकने वाली आरोपी तनु को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस फरार आरोपी सनी की तलाश कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शिवांशु की मौत गला दबाने से हुई थी। उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। बदायूं पुलिस ने तनु से सख्ती से पूछताछ की तो बताया कि शिवांशु को खाना खिलाने के बाद सुला दिया। रात में करीब 11 बजे जब शिवांशु गहरी नींद में सो गया तो सनी शराब पीकर आया। उसके बाद तनु शिवांशु के पैरों पर बैठ गई और सीना दबा दिया।

वहीं सनी ने पूरी ताकत से रस्सी से उसका गला दबा दिया। उसके बाद उसे चादर उढ़ा दी। शिवांशु की हत्या के बाद दोनों वहीं पर बैठे रहे और सुबह का इंतजार करने लगे। सुबह को सनी चोकर की बोरी लेकर आया और शव को फेंक दिया।

भरोसा परखने के लिए रची हत्या की साजिश

पुलिस पूछताछ में आया कि तनु की दोस्ती नेटवर्किंग मार्केटिंग का काम कर रहे सनी से हो गई। सनी ने लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर तनु को अपने साथ मिला लिया। वहीं शिवांशु भी सनी का दोस्त था। एक दिन तनु और शिवांशु को सनी ने देख लिया। इस पर सनी ने तनु का भरोसा परखने के लिए शिवांशु की हत्या की साजिश रची और फिर हत्या कर दी।

बेटी को स्वावलंबी बनाने के लिए कराया नर्सिंग का कोर्स

कादरचौक थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव में शिक्षा का स्तर कम है, लेकिन पिता होमगार्ड महेश कुमार ने किसी की परवाह न करते हुए तनु को नर्सिंग कोर्स करने के लिए वर्ष 2021 में बरेली भेज दिया। तनु के गांव के कुछ लोगों ने बताया कि उसके पिता और मां बहुत सीधे हैं। बड़ी बहन की मौत हो गई है, जबकि तीन भाई छोटे हैं। बेटी की हरकत से होमगार्ड पिता आहत हैं, क्योंकि उन्हें बेटी को स्वावलंबी बनाने के लिए बरेली के एक कॉलेज से नर्सिंग की कोर्स कराया था। उसने कुछ अस्पतालों में नौकरी भी की। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार महेश से कहा भी बेटी की शादी कर दो। महेश जब भी तनु से शादी को कहते तो वह उनसे कह देती कि आप को बेटी पर भरोसा नहीं है, जो गांव के लोगों की बातों में आ गए।

गुमशुदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र महेश जो मानसिक रूप से अवस्थ है, दिनांक 13.03.2024 को घर से बिना बताये कहीं चला गया है। काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। जिस किसी को मिले कृपया सूचित करने का कष्ट करें।

हुलिया : उम्र लगभग 35 वर्ष, रंग गेहूँआ, कद 5 फुट 3 इंच, पता : झखरा, मोहम्मदी खीरी। रोहित कुमार +9176074 78998

सुरेश चन्द्र उपनिरीक्षक/अवर निरीक्षक
मो. 952591117

श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, दो लोगों की गई जान

पूरनपुर के सिरसा मार्ग पर गोमती पुल के पास हुआ हादसा

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: सिरसा जंगल मार्ग पर गोमती पुल के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली बाइक से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार समेत दो की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लोगों की मदद से बचाव कार्य कर घायलों को सीएचसी भिजवाया। हादसे के बाद परिजन पहुंचे तो कोहराम मच गया।

सिरसा जंगल में स्थित इकोत्तर नाथ मंदिर में अमावस्या के दिन मेला लगाता है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी हरिओम वर्मा ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मंदिर परिसर में लगा मेला देखने जा रहे थे। उनके साथ टैक्टर-ट्रॉली में 20 लोग सवार थे। उधर, दिलावरपुर गांव निवासी शिवम (18) पुत्र रामदेव बाइक पर मेला जा रहा था। साथ में उनकी चचेरी बहन सुमन पुत्री राजाराम, भाभी सोनी पत्नी धर्मपाल, उनके बेटे अन्नू व रितिक बाइक पर सवार थे। रास्ते में गांव गुलड़िया भूप सिंह से सिरसा जंगल जाने वाले मार्ग पर गोमती पुल के नजदीक पहुंचने पर ओवरटेक करते वक्त बाइक और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर खेत में पलट गई। इससे मौके पर चीख पुकार मच गई। कुछ ही देर में राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी पूरनपुर भिजवाया। जहां ट्राली में सवार 17 वर्षीय विशाल पुत्र छोटेलाल और बाइक चालक शिवम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद मौके पर पड़ी ट्रैक्टर-ट्राली।

आज कोर्ट में हाजिर हो सकते हैं सोना तस्कर

रामपुर, अमृत विचार : लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत से फरार हुए नगर के 30 आरोपियों की गिरफ्तारी के मामले में कस्टम विभाग एवं टांडा पुलिस छापेमारी कर रही है। जबकि लखनऊ पुलिस छह तस्करों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। सूत्रों की माने तो 29 तस्कर चार अप्रैल को लखनऊ हवाई अड्डे से फरार हुए थे। उनकी मंगलवार को हाजिर होने की तारीख है। सोना तस्करों ने सोमवार को जमानत के लिए अपना वकील कर लिया है। लखनऊ एयरपोर्ट से 29 सोना तस्करों के एक साथ फरार होने का मामला बेहद गंभीर हो गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ से कस्टम अधिकारियों एवं पुलिस की टीम नगर में कई दिन से दबिश दे रही है, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली है।

कटघर में छेड़छाड़ से तंग आकर किशोरी ने छोड़ दिया स्कूल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : छेड़छाड़ से तंग आकर किशोरी ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। उसने एक बार पहले भी एसएसपी से गुहार लगाई थी। कार्रवाई न होने पर पीड़िता सोमवार को फिर एसएसपी कार्यालय पहुंची थी।

पीड़िता ने बताया कि वह कक्षा-9 की छात्रा है। वह कटघर थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली है। उसने बताया कि स्कूल आते-जाते उसके गांव का युवक उसका रास्ता रोकता है और छेड़छाड़ करता है। किशोरी ने पिता से शिकायत की तो आरोपी ने उसके पिता से भी गाली-गलौज कर मारपीट करने की कोशिश की थी। आरोपी शादीशुदा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी करीब ढाई साल पहले एक महिला को बहला-फुसला कर ले आया था, उसकी गोद में लड़का था। अब उसके एक और बेटी हुई है। इसके बाद भी वह छात्रा को अपनी हरकतों से स्कूल छोड़ कर घर बैठने पर मजबूर कर दिया है। छात्रा ने बताया कि आरोपी की हरकतों के कारण ही वह कक्षा-नौ की वार्षिक परीक्षा भी नहीं दे पाई। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद वह स्कूल नहीं गई। उसका स्कूल घर से करीब दो किमी दूर पंडित नगला पुलिस चौकी क्षेत्र में पड़ता है। पीड़िता ने बताया कि वह सात भाई-बहनों में सबसे छोटी है। दो बड़ी बहनें हैं और इसके बाद उसके चार बड़े भाई हैं लेकिन, आरोपी न उसके माता-पिता का दबाव मानता है और न ही भाइयों का, वह इन सबको धमकाता है।

छात्रा ने बताया कि आरोपी उसकी मां से भी गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दे चुका है। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता गरीब हैं। स्कूल की फीस तक समय से अदा नहीं कर पाते हैं। उसकी मां बकरी पालती हैं।

सार-संक्षेप

बैंक में नकब लगाकर 4 लाख ले गए नकाबपोश

संभल, अमृत विचार : खिड़की की जाली उखाड़कर प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक के स्ट्रांग रूम में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने चार लाख रुपये पार कर दिए। वारदात को अंजाम देते तीनों बदमाश सीसीटीवी में कैद हुए हैं। बैंक में चोरी की सूचना पर पुलिस अधीक्षक पहुंचे और मुआयना किया। बदमाशों की धरपकड़ को टीमों का गठन किया गया है। नखासा थाना क्षेत्र के देहपा गांव में नकाबपोश बदमाशों ने बैंक शाखा में चोरी को अंजाम दिया। संभल-हसनपुर मुख्य मार्ग पर प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा है, रविवार आधी रात को तीन नकाबपोश पीछे की ओर लगी खिड़की की जाली उखाड़कर भीतर दाखिल हुए। फिर शौचालय में घुसकर स्ट्रांग रूम की दीवार में नकब लगाया और स्ट्रांग रूम में पहुंचे और वहां रखी दो आलमारियों के ताले तोड़कर चार लाख रुपये चोरी कर लिए। सोमवार सुबह बैंक शाखा भवन की पिछली खिड़की की जाली उखड़ी देख लोगों को शक हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर शाखा प्रबंधक बबलू विश्वकर्मा पहुंचे तो देखा कि आलमारियों के ताले टूटे थे और चार लाख की नकदी गायब थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

नहाते समय गंगा में तीन युवक डूबे, दो को बचाया

गजरौला, अमृत विचार : तिगरी गंगा में स्नान करते समय तीन युवक डूब गए। इनमें से दो युवकों को गोताखोरों ने बचा लिया। देर शाम तक तीसरे की तलाश जारी रही। तीनों युवक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आए थे। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मूंड़ाखेड़ा निवासी बुजुर्ग महिला प्रेमवती का सोमवार को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार करने के लिए तिगरी श्मशान घाट लाए थे। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रिश्तेदार गए हुए थे। इनमें मैनाठेर थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव निवासी कुशल (25) पुत्र घासीराम अपनी मौसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तिगरी आया था। अंतिम संस्कार के बाद मोहल्ले के लोग व रिश्तेदार भी गंगा में स्नान कर रहे थे। उनके साथ कुशल भी स्नान करने लगा। नहाते समय वह अचानक अधिक पानी में डूब गया। उसकी आवाज सुनकर वहां मौजूद अन्य रिश्तेदारों ने शोर मचाया तो गोताखोर आ गए। लेकिन वह नहीं मिला।

पुलवामा की घटना का लिया बदला : नड्डा

धामपुर (बिजनौर), अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सपा-कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के आधे नेता जेल में और आधे बेल पर हैं। पुलवामा की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि तुमने बहुत बड़ी गलती की है, तुम्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इसके 10 दिन बाद ही एयर स्ट्राइक की गई। लेकिन कांग्रेस के नेता इसके प्रमाण मांगते रह गए। मुरादाबाद मार्ग स्थित प्रियंका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में सोमवार को वह जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाएं गिनाईं और विकास कार्यों का भी जिक्र किया। कहा कि भाजपा सरकार सबको साथ लेकर चलती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाया गया।

काठगोदाम एक्सप्रेस का इंजन फेल, रेल संचालन बाधित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कटरा और तिलहर के बीच डाउन लाइन पर काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस का इंजन फेल हो गया। इस दौरान रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। रोजा से गया दूसरा इंजन ट्रेन में जोड़ा गया। डाउन लाइन पर सवा दो घंटे रेल संचालन बाधित रहा। नई दिल्ली-लखनऊ मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस आदि ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रही। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। काठ गोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस रविवार की रात दो बजकर 58 मिनट पर बरेली से आ रही थी। कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया और कंट्रोल व तिलहर रेलवे स्टेशन मास्टर को सूचना दी। लोको पायलट ने इंजन को ठीक करने का प्रयास किया। लेकिन इंजन ठीक नहीं हुआ और लोड नहीं उठा रहा था। कंट्रोल ने रोजा स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि एक इंजन तिलहर स्टेशन पर भेजा जाए। रोजा से एक इंजन तिलहर स्टेशन पर गया और इंजन को ट्रेन में जोड़ा गया। इस दौरान नई दिल्ली-लखनऊ मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस ट्रेन को पीछे स्टेशन पर रोक दिया गया था।

ओवरटेक करते समय भिड़ीं रोडवेज बसें, पांच घायल

कादरचौक, अमृत विचार : ओवरटेक करने के प्रयास में बरेली डिपो की रोडवेज बस टनकपुर डिपो की रोडवेज बस में पीछे से जा घुसी। दोनों बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में पांच यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को कादरचौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सोमवार सुबह बरेली और टनकपुर डिपो की दो रोडवेज बसें यात्रियों को लेकर कादरचौक की ओर से बदायूं की ओर जा रही थीं। सुबह लगभग सवा आठ बजे टनकपुर डिपो की बस गांव असरासी के पास पहुंची। इसी दौरान बरेली डिपो की रोडवेज बस ने उसे ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान सामने से एक वाहन आ गया। टनकपुर डिपो की बस ने वाहन चालक को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते ओवरटेक करने की कोशिश कर रही बरेली डिपो की बस पीछे से जा घुसी। यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

पूर्व डीजीपी विजय कुमार सपत्नीक भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने सोमवार को पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वह कुछ दिन पहले सेवानिवृत हुए थे, उनके मछलीशहर या कौशांबी से प्रत्याशी बनने की चर्चा भी तेज हो गई है।

भाजपा मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनको सदस्यता दिलाई। झांसी के विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वह 1988 में आईपीएस बने। बतौर ट्रेनी एसपी पहली पोस्टिंग नवंबर 1989 से नवंबर 1990 तक शाहजहांपुर में रहे। गोरखपुर, नैनीताल, बरेली, पीलीभीत, बांदा, महाराजगंज, मुजफ्फरनगर के एसपी रहे। वर्ष 2000 में सवा दो साल तक गोरखपुर के एसएसपी भी रहे। कई और जोन की जिम्मेदारी भी संभाली। 2022 में उनको डीजी विजिलेंस बनाया गया। कार्यवाहक डीजीपी आरके विश्वकर्मा के सेवानिवृत होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी का कार्यभार संभाला। 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत होने के बाद भाजपा में शामिल हुए।

नीट-पीजी 2020 बैच की काउंसिलिंग शुरू

लखनऊ। सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी-2020 बैच के एमडी-एमएस (विशेषज्ञ) चिकित्सकों की तैनाती के लिए काउंसिलिंग सोमवार से शुरू हो गई है। पंजीकरण के साथ ही प्रपत्रों का सत्यापन 12 अप्रैल तक होंगे। अनिवार्य सेवा बांड के तहत इन्हें दो साल के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा संचालित काउंसिलिंग में 12 से 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी, 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित होंगे।

बरेली के व्यापारी और उसके अज्ञात साथियों पर रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कोर्ट के आदेश पर चौक कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई विवेचना शुरू

अमृत विचार: शहर के एक सोने-चांदी जेवर के कारीगर ने बरेली के व्यापारी पर साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर गाली-गलौज, धमकी दिए जाने और पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित कारीगर ने कोर्ट के आदेश पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी प्रभाकर वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सोने-चांदी की कारीगरी का काम घर से करता है। 10 मार्च 2022 को अयोध्या के बाजार में सोने की अंगूठी आदि जेवर बेचने जा रहा था। सुबह के समय ट्रेन के अंदर से एक व्यक्ति उसका बैग उठा ले गया, जब उसे पकड़ने की कोशिश की तब वह ट्रेन से कूदकर भाग गया। बैग में बरेली के थाना कुतुबखाना के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी मनोज रस्तोगी की 290 ग्राम सोने की अंगूठी आदि रखी थी, जो कि चोरी हो गई। भय के कारण उसने घटना की सूचना थाने पर नहीं दी थी। वह लखनऊ-बरेली वालों से माल लेकर बेचने का भी काम करता है, जिस कारण उसका कोई जीएसटी व पक्का बिल आदि नहीं मिलता है। जब उसने मनोज को अंगूठी के साथ बैग चोरी की जानकारी दी तो वह गुस्से में आ गया। उसने मनोज से लिए गए माल को उसे धीरे-धीरे अदायगी के रूप में वापस कर दिया। इसके बावजूद आरोपी ने माल की शुद्धता को लेकर विवाद की स्थिति पैदा कर दी। आरोप लगाया कि 28 मई 2022 को जब वह घर पर नहीं था, तब आरोपी अपने चार-पांच साथियों के साथ मय असलाह के घर में घुस आया और उसे जान से मारने के लिए तलाश करने लगे और परिवारीजनों को गालियां दी।

युवाओं को जागरूक करने के लिए टर्निंग 18 अभियान

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में युवाओं को जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर टर्निंग 18 अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग युवाओं और शहरी मतदाताओं की निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग कर रहा है।

24 घंटे में बम से ट्रेन को उड़ाने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोपी गुड्डू मन्सूरी को जीआरपी ने 24 घंटे के अंदर ही कालपी थाना क्षेत्र के कानपुर-झांसी हाईवे पास स्थित दुर्गा मंदिर के निकट से गिरफ्तार कर लिया।

जीआरपी थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि आरोपी मूलतः जालौन का निवासी है। पुलिस ने अफवाह फैलाने में उपयोग किये गये मोबाइल फोन को आरोपी के पास से बरामद किया। रविवार को आरोपी ने क्षेत्रीय सुरक्षा नियंत्रण कक्ष उत्तर रेलवे को मोबाइल से सुचना दी थी कि वह बरौनी ग्वालियर ट्रेन को बम से उड़ाने वाला है। एसपी व दो सीओ के नेतृत्व में पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकवाकर हर बोगी की सघन तलाशी ली पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। 24 घंटे के अन्दर सोमवार को उन्होंने आरोपी गुड्डू मन्सूरी को गिरफ्तार कर लिया।

वृंदावन में क्रूज सेवा का विरोध

मथुरा, एजेंसी : वृंदावन के जुगल घाट से क्रूज सेवा शुरू करने के खिलाफ निषाद समुदाय के सैकड़ों नाविकों ने हड़ताल का आह्वान किया है। नाविकों ने सोमवार को मथुरा की सांसद हेमा मालिनी को एक ज्ञापन सौंपा। हेमा मालिनी ने नाविकों को आश्वासन दिया कि वह इस मामले को संबंधित अधिकारियों के सामने उठाएंगी। सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि मैं जिला प्रशासन से बात करूंगी और देखूंगी कि कैसे निषाद समुदाय के हित तथा क्रूज यात्रा के बीच संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

हम गुंडे लगते हैं तो दुर्विजय हमारे चेले:शिवपाल यादव

बदायूं, अमृत विचार : अमृत विचार : भाजपा उम्मीदवार दुर्विजय सिंह शाक्य के गुंडो का सरदार बताने पर शिवपाल सिंह यादव ने तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अगर वह वह गुंडों के सरदार हैं तो दुर्विजय उनके चेले हैं।

सपा प्रत्याशी ने गुन्नौर में आयोजित एक नुक्कड़ सभा में वोट न देने पर हिसाब-किताब करने की बात कही थी। इसका वीडियो वायरल होने पर भाजपा की ओर से तीखा सियासी प्रतिक्रिया हुई। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने 6 अप्रैल को शिवपाल को गुंडों का सरदार बताया। इसका भी वीडियो वायरल हुआ था। सोमवार को पत्रकारों ने शिवपाल सिंह से उन्हें गुंडों का सरदार बताने के बावत पूछा तो उन्होंने कहा कि अगर वह भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय को गुंडे लगते हैं तो दुर्विजय उनके ही चेले हैं। कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का अपमान हुआ है। सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य का भी अपमान हुआ।

उत्तराखंड

बाबा का हत्यारोपी अमरजीत सिंह महीने भर रहा था बिलासपुर में

संवाददाता, रुद्रपुर

- फरार साजिशकर्ता सुल्तान के घर ठहरा था और कराया था पैर का इलाज

अमृत विचार: नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी अमरजीत सिंह ने हत्याकांड को अंजाम देने से पहले अपने पैर का उपचार सीमावर्ती अस्पताल में करवाया था। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी अपने जिगरी दोस्त सुल्तान के घर बिलासपुर में रुका था और उपचार कराने के बाद हत्या की साजिश भी वहीं रची गई थी।

बताते चलें कि 28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह पर 315 बोर की राइफल से गोली चलाकर हत्या करने का आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा निवासी सिहोरा बिलासपुर यूपी का रहने वाला है और बिलासपुर निवासी सुल्तान सिंह का जिगरी दोस्त है। तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि 28 मार्च को हत्याकांड को अंजाम देने से पहले फरवरी में हत्यारोपी अमरजीत अपने दोस्त सुल्तान के घर पर रुका था और अपने पैर का इलाज सीमावर्ती अस्पताल में कराया था। उपचार के दौरान ही फरार चल रहे सुल्तान सिंह और अमरजीत ने बाबा तरसेम की हत्या की साजिश रची। इसके बाद दोनों ने मिलकर सर्वजीत सिंह निवासी तरनतारन पंजाब को हत्याकांड में शामिल करवाया। हथियार मुहैया कराने से लेकर 10 लाख की सुपारी भी शाहजहांपुर, बाजपुर व बिलासपुर से पकड़े गए साजिशकर्ताओं ने मुहैया कराई थी। बताया जा रहा है कि एक माह तक पैर का उपचार कराने के बाद 28 मार्च को बाबा तरसेम की हत्या की तारीख मुकर्रर की गई। बाबा पर गोली चलाने के दौरान भी अमरजीत के पैर में पट्टी बंधी हुई है। वहीं सुल्तान का नाम भी पुलिस द्वारा किए गए खुलासे में सामने आया है। बताया जा रहा है कि फरार चल रहे सुल्तान पर बिलासपुर यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

बाइक से तस्करी करते 80 किलो मांस बरामद

किच्छा, अमृत विचार: गौ संरक्षण स्क्वायड टीम ने बाइक पर ले जाया जा रहा करीब 80 किलो प्रतिबंधित मांस तथा मांस काटने वाले दो बड़े चाकू सहित बिना नंबर की एक बाइक बरामद की है। गौ संरक्षण स्क्वायड कार्यालय (किच्छा) टीम के उप निरीक्षक प्रवीण सिंह, पुलिसकर्मी दीवान नाथ, पुलिसकर्मी प्रमोद कुमार, पुलिसकर्मी राजकुमार एवं पुलिसकर्मी बलवंत सिंह देर शाम सिरौली कला क्षेत्र से सुरागरसी करते हुए दरऊ चौक पहुंचे। मुखबिर की सूचना के बाद ग्राम सैंजना मोड़ पर पुलिस को एक मोटर साइकिल पर दो आरोपी नजर आए। पुलिस टीम को देखकर दोनों आरोपी मोटर साइकिल पर रखे प्लास्टिक के दो कट्टे छोड़कर खेतों के रास्ते फरार हो गए।

गिरिजा मंदिर परिसर में लगी आग, दुकानें राख

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: नवरात्र से एक दिन पूर्व सोमवार दोपहर प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर की तलहटी पर स्थित दुकानों में भीषण आग लग गई। जिससे 35 से अधिक कच्ची दुकानें राख हो गईं। दुकानों में आग लगते ही मौके पर भगदड़ मच गई। भीषण आग और चारों तरफ गहरा धुआं छाने से घबराए दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने पुल पर चढ़कर अपनी जान बचाई। आग से करीब 40 लाख रुपये से अधिक की क्षति का अनुमान है।

अग्निशन अधिकारियों ने बताया कि दोपहर लगभग 2.07 बजे ऊपर टीले में स्थित गिरिजा मंदिर में जलती धूप के कारण वहां बंधी चुन्नी ने आग पकड़ ली और चुन्नी का जलता टुकड़ा हवा में उड़कर एक दुकान की छत में गिर गया और दुकान में आग लग गई। तेज हवा चलने से आग ने अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते 35 से अधिक कच्ची दुकानें आग की चपेट में आ गई। दुकानों में रखी प्रसाद की थैलियों, चुन्नियां और परवल के प्रसाद ने आग को और तेज भड़का दिया। प्रभावित दुकानदारों ने मंगलवार से शुरू हो रहे नवरात्र को देखते हुए दुकानों में पूजा सामग्री के साथ ही प्रसाद, चुन्नी, श्रंगार के अलावा कोल्ड ड्रिंक, मैगी व अन्य सामग्री भरी थी। आग से एक झटके में दुकानों में रखा सामान व फर्नीचर राख हो गया।

गिरिजा देवी मंदिर की तलहटी में आग लगने के बाद धूं-धूं कर जलतीं दुकानें।

रास्ता तंग होने से नहीं पहुंच सके दमकल वाहन

आग की सूचना मिलते ही रामनगर शहर से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां 15 से बीस मिनट में मंदिर परिसर में पहुंच गई थी लेकिन मंदिर के मुहाने से रास्त तंग होने से फायर वाहन मौके तक नहीं पहुंच सके। दमकल वाहनों के पानी के पाइप भी मौके पर नहीं पहुंचाए जा सके। करीब 45 मिनट में 35 से अधिक दुकानों के स्वाह होने के बाद आग शांत हुई। दमकल विभाग करीब 9 से 10 लाख रुपये के नुकसान का प्रारंभिक आंकलन कर रहा है। लेकिन दुकानदारों का कहना है कि क्षति इससे कहीं ज्यादा हुई है। उनका कहना है कि अग्निकांड में लगभग चालीस लाख रुपये की क्षति हुई है।

तल्लीताल में स्कूल के सामने से छात्रा के अपहरण का प्रयास

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : तल्लीताल क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल के गेट के समीप आठवीं की छात्रा के अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। छात्रा की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से टल गई। छात्रा के शोर मचाने पर लोग मदद को पहुंचे तो आरोपी वाहन लेकर फरार हो गया।

सोमवार शाम स्कूल की छुट्टी के बाद शहर निवासी छात्रा स्कूल गेट के समीप घर के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इस बीच गेट के समीप खड़ी वैन से एक युवक उतरकर उसके पास पहुंचा। युवक छात्रा की मम्मी की ओर से बुलाये जाने की बात कहकर वाहन में बिठाने लगा। जब छात्रा ने मम्मी के घर पर नहीं होने की बात कही तो युवक पापा के बुलाने की बात करने लगा। जिस पर छात्रा ने उससे पापा का नाम पूछ लिया। युवक पापा का नाम तो नहीं बता पाया, मगर छात्रा का हाथ खींच जबरन वाहन में बैठाने लगा। हाथ छुड़ाकर छात्रा समीप ही स्थित दूसरे स्कूल परिसर के भीतर चली गई, जहां सुरक्षा कर्मी व अन्य कर्मचारी बाहर पहुंचे तो संबंधित युवक वाहन लेकर फरार हो गया।

चेकिंग के दौरान 2लाख 95 हजार की नगदी पकड़ी

गदरपुर, अमृत विचार : उत्तराखंड उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर एसएसटी (ई) टीम ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों से 2 लाख 95 हजार रुपये की नगदी पकड़ी। सोमवार को चेकिंग के दौरान दो युवक बाइक संख्या यूके 06 बीबी 6535 पर आते दिखाई दिए। इस पर टीम ने मोहम्मद एजाज की जेब से 1 लाख रुपये और रहमत अली निवासी टाह अलीपुर थाना मिलकखानम के पास से एक लाख 95 हजार रुपये की धनराशि मिली। कोई जानकारी न देने पर टीम ने रुपये जब्त कर लिए।

जिपं अध्यक्ष रेनू ने कांग्रेस छोड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार और उनके पति व पिछड़ा विभाग एआईसीसी दिल्ली के ज्वाइंट को-ऑर्डिनेटर सुरेश गंगवार ने पार्टी को छोड़ दिया। उन्होंने सोमवार को इस्तीफा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को भेजा है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा को भेजे इस्तीफे के बाद रेनू व सुरेश गंगवार ने कहा कि ऊधमसिंह नगर के जिलाध्यक्ष की ओर से प्रदेश और जनपद में पार्टी की बैठकों में नहीं बुलाकर उपेक्षा की जा रही है। इतना ही नहीं नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के लोकसभा प्रत्याशी ने उनसे चुनावों को लेकर चर्चा की और न ही मुलाकात की। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जनपद में नुक्कड़ सभाएं और जनसभाएं कर रहे हैं। इसकी सूचना उन्हें नहीं दी जा रही है। लगातार हो रही उपेक्षा से वह पार्टी से इस्तीफा देते हैं।

- सुरेश गंगवार ने प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और लोस प्रत्याशी पर लगाया उपेक्षा करने का आरोप

गंगवार पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सुरेश गंगवार विरोधी पार्टियों के कार्यक्रमों और उनके नेताओं से नजदीकियां बढ़ाकर पार्टी के अनुशासन को तोड़ रहे थे। ऊधमसिंह नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने उनके कार्य व्यवहार और सोशल मीडिया पर वायरल अश्लील वीडियो की शिकायत प्रदेश कमेटी से की थी। समिति ने जांच के बाद उन्हें 31 मार्च को 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

सिपाही को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचला, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ड्यूटी खत्म कर घर जा रहा बाइक सवार सिपाही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गया। उसे सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

नौसार पीलीभीत रोड खटीमा (ऊधमसिंह नगर) निवासी आशिक अली (40) पुत्र शाहिद अली हल्द्वानी कोतवाली की भोटिया पड़ाव चौकी में तैनात था। चुनाव में उनकी ड्यूटी एफएसटी टीम में लगी थी। उनका परिवार सितारगंज में रहता है। सोमवार सुबह आशिक ड्यूटी खत्म कर बाइक से सितारगंज जा रहा था। सुबह पौने आठ बजे वह गौलापार स्थित एलएससी स्टोन क्रशर के पास पहुंचा था कि ट्रैक्टर-ट्राली ने उसको चपेट में ले लिया। वह संभल पाता कि उससे पहले ट्रैक्टर उनके पेट पर से गुजर गया। घटना के बाद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर आशिक को अस्पताल भिजवाया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए ।

संपादकीय

मदद के नए रास्ते

भारत बड़ी शक्तियों के साथ स्वयं को सुपर पावर के रूप में स्थापित करने का संतुलित प्रयास कर रहा है। इस बात में भी कोई शक नहीं है कि भारत शीघ्र ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी के चलते भारत पड़ोसी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद करेगा और बड़े भाई की भूमिका निभाएगा। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में तेजी आई है। 1970 से 2019 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। 1970 से 2021 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में 20 लाख लोगों की मौत हुई है और 4.3 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमडी)की रिपोर्ट के अनुसार, 101 देशों में अभी भी मौसम को लेकर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली मौजूद नहीं है। आशंका है कि 2030 तक दुनिया में 560 मध्यम से बड़ी आपदाएं हर साल आ सकती हैं। डब्ल्यूएमडी उन विश्वव्यापी प्रयासों का समन्वय करता है जो सटीक और समय पर मौसम के पूर्वानुमान के उत्पादन के लिए आवश्यक हैं। सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकि सहायता की जरुरत है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी नाम से एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान साल 2022 में शुरू किया गया था, जिसमें साल 2027 तक सभी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को बचाने पर केंद्रित किया गया है। अभियान के पहले चरण के तहत चिन्हित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद भारत करेगा। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली खतरे की निगरानी, पूर्वानुमान और भविष्यवाणी, आपदा जोखिम मूल्यांकन, संचार और तैयारी गतिविधियों, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की एक एकीकृत प्रणाली है जो खतरनाक घटनाओं से पहले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए समय पर कार्रवाई करने में सक्षम बनाती है। अब पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया जा सकेगा। राहत की बात है कि जमीन स्तर पर मुश्किलों से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए कुछ नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं। इससे आपदाओं से उभरने के लिए समय रहते बेहतर संसाधनों का निर्माण संभव हो सकेगा।

कोई गणित नहीं अवाम की ताकत का स्पंदन है लोकतंत्र

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है।

यह संवैधानिक खुशफहमी सही है कि भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सत्तर वर्ष से ज्यादा उम्र के हो गए लोकतंत्र ने कई चुनौतियां झेली हैं। उनका मुकाबला भी किया है। एक गंभीर, चिंतामूलक और लंबी बौद्धिक जद्दोजहद के बाद लोकतंत्र का यूरोपीय अवधारणाओं से प्रेरित भारतीय ढांचा खड़ा किया गया। देश के भविष्य के लिए चिंताओं और समस्याओं से रूबरू होते विधायन पुरुषों ने वे संभावित वायदे किए जो किसी स्वतंत्र और विकासशील देश के विचारस्फुरण में सपनों की तरह संघर्षशील आजादी के उसके आंदोलन में खदबदाते रहे थे। आईन के बुनियादी स्थापनाकारों की नीयत, समझ और अध्यवसाय में असाधारण पारदर्शिता और निष्कपटता रही है। भारतीय प्रजातंत्र की संवैधानिक रचना खुले मन से, खुले आकाश की तरह की संविधान सभा के सारगर्भित बहस मुबाहिसे में हुई है। उम्मीद यही थी कि लोकतंत्र का पौधा आजाद भारत में पुख्ता वटवृक्ष की तरह अवाम का संरक्षक बनकर इतिहास में अपनी कुव्वत का लोहा मनवाएगा।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी। सरकार नामक संस्था केवल सहायिका होगी। स्वतंत्र होने का यदि ऐसा बोध हो जाता तो उसे लोकतंत्र कहा जा सकता था।

> ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी।

वैधानिक लोकतंत्र की रचना करते लेकिन आंशिक तौर पर वायदा खिलाफी हो गई। सत्ता के त्रिभुज में विधायिका के लिए बालिग सभी देशवासी निर्वाचक हुए। उन्हें ही 'हम भारत के लोग' कहा गया। पांच वर्ष के लिए विधायिका का चुनाव करते भारत के नागरिक लेकिन कमतर भूमिका अर्थात मतदाताओं में तब्दील कर दिए गए। लोकतंत्र की बुनियादी कारगर ताकत फिर निर्वाचित प्रतिनिधियों में अंतरित हो गई। उनका चुनाव एक संविधानेतर संस्था अर्थात् राजनीतिक पार्टियों के आका अपनी अपनी दार्शनिकताओं, व्यवस्थाओं और स्वार्थी विवशताओं के चलते करने लगे। एक तरह से जनता ने लोकतंत्र के पुर्जे को पांच वर्ष की संविदा या ठेके पर कुछ सैकड़ा प्रतिनिधियों को सौंप दिया। न तो यह आईन की मंशा थी और न ही भारत के 'हम लोगों' की मंजिला हकीकत लेकिन इसके ठीक उलट हो जाने से लोकतंत्र एक मशीन में तब्दील हो गया है। वह कुछ ताकतवर लोगों की जागीर बनकर रह गया है। जनता के धन और योगदान से वह बना है। उन्हें दरिद्र, दीवालिया और दीनहीन करार देने की जुगत और बौद्धिक जुगाली को लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं कहा जा रहा है।

एक नए किस्म का आर्थिक फलसफा वैश्वीकरण, उदारीकरण, बाजारीकरण और निजीकरण का मुखौटा लगाकर संविधान के मकसदों समाजवाद और सार्वजनिक उपक्रमों को कुचलता हुआ नागरिकों की सार्वभौमिकता का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ा रहा है। नागरिकता एक सौ सैंतीस करोड़ 'हम भारत के लोगों' का निरीह परिचय पत्र है। संविधान में लोकतंत्र का सपना उस दौर के सबसे बड़े नेता गांधी ने देखा था। गांधी देश के जनजीवन में स्वप्न भंग के यथार्थ के सबसे बड़े अभिशप्त हैं। उनका जीवन और मरणोत्तर यश निराशा, धोखाधड़ी और वायदा खिलाफी का शिकार बना दिया गया है। नेहरू और अंबेडकर जैसे असाधारण बौद्धिकों ने वेस्टमिन्स्टर प्रणाली लोकतंत्र की भारतीय धरती पर रोपकर एक नए किस्म का राजनीतिक प्रजातांत्रिक मौलिक प्रयोग तो किया। उन दोनों की असाधारण भविष्यमूलक दृष्टि में आम आदमी के पक्ष में पैरवी करती घोषणाओं का अंबार है। यदि वे कारगर हो जातीं, जिसकी संभावना उन्होंने देखी थी, तो हिंदुस्तान का लोकतंत्र दुनिया में नायाब और अजूबा होता। उनकी उम्मीदें बाद की सरकारों ने चिंताओं में बदलीं। चिंताओं को सार्वजनिक विषाद में और विषादमय जनता की पस्तहिम्मती को भुनाते हुए नवधनाड्य वर्ग ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जाल देश में अमरबेलों की तरह उलझा दिया। भ्रष्टाचारवाद, अपराधवाद, संप्रदायवाद, उपनिवेशवाद, पूंजीवाद के कई भाई भतीजे हैं। ये ऑक्टोपस की तरह लोकतंत्र की आत्मा को मिथकीय यमदूतों की तरह जकड़कर अट्टहास कर रहे हैं। हिंसा, खूंरेजी अहंकार, हत्याएं, बलात्कार, लूट, डकैती, आगजनी भारतीय जीवन के नए चोचले हैं। उन्हें ज़म्हूरियत के विकारों की तरह इतिहास बेमन से दर्ज कर रहा है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है। उसके किरदार हर वक्त केवल अभिनय की मुद्रा में दिखाई देते हैं। वे पांच वर्ष में एक बार मतदाताओं को नागरिक समझते उनके विश्वास की कलम से धोखाधड़ी के ब्लैंक चेक पर दस्तखत लेकर उसकी नकदी को लोकतंत्र को कमज़ोर करने की अपनी स्वार्थी जुगत के लिए भुना लेते हैं। सियासती दलों के घोषणापत्र मृगतृष्णा का राजनीतिक संस्करण हैं। लोकतंत्र अहसास की तरह आने का वायदा किए लाया गया था। वह टीस की तरह हर भारतीय के मन में लगातार चुभ रहा है।

यह हसीन मुगालता है कि भारत कभी विश्व गुरु बनने वाला है। यह भी संदिग्ध दावा है कि देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। देश में ऐसा कोई मध्यवर्गीय और गरीब परिवार नहीं है जहां बेरोजगारी का दंश नहीं है। नागरिक आजादी का कैदघर बनाया जा रहा संविधान अभिभावक की भूमिका में होने के बावजूद रक्षक की भूमिका में नहीं है। यह देश कुछ सैकड़ा धनपतियों की मुट्ठी में आ गया है। अवाम का हौसला टूट रहा है। अत्याचार सहने की उसकी ताकत इतनी लचीली है कि उसे विरोध करना संभव नहीं लगता। लोकतंत्र आंकड़ों की अंकगणित नहीं अवाम की ताकत का स्फुरणनामा होता है। जॉन स्टुअर्ट मिल ने कभी कहा था यदि पूरी मनुष्यता के खिलाफ एक व्यक्ति की राय भी कायम है। तो उसकी आवाज़ को खामोश करने से ज्यादा कारगर यह है कि वह एकल आवाज़ गुमराह हो रही मनुष्यता के अहंकार को खामोश कर दे। कहो, लोकतंत्र सच क्या है?

प्रसंगवश

व्यवस्था और व्यक्ति

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

खामियां दो तरह की होती हैं- व्यवस्थागत और व्यक्तिगत। व्यवस्थागत खामियां हैं, बहुत हैं। इसमें मेरी जरा भी असहमति नहीं है। सबसे पहली बात तो यही है कि शिक्षा सरकार के अधीन नहीं होनी चाहिए। न्यायालय की तरह इसे स्वतंत्र होना चाहिए। यह स्वतंत्रता किस तरह की होगी, कैसे होगी, कौन इसके संचालक होंगे, यह अलग से विचारणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कुव्यवस्था के खिलाफ लड़ना कोई खेल नहीं है। सवाल है कि इस कुव्यवस्था में भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं या नहीं? मेरे ख्याल से कर सकते हैं, परंतु करने वाले उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। मेरे देखने में कुछ इस तरह के शिक्षक पाये गए हैं। जो पहले नहीं पढ़ाते थे, वे आज भी नहीं पढ़ाते हैं। इसलिए भी कि उन्हें पढ़ाने के लिए बाध्य करने वाली कोई शक्ति नहीं है। अधिकारी डंडे के बल पर उन्हें उपस्थित तो करवा सकते हैं, लेकिन पढ़वा सकने का कोई उपाय नहीं। अभिभावक या तो अज्ञानी हैं या संगठित नहीं हैं। अभिभावकों की ओर से कोई निवेदन या दबाव शिक्षकों पर नहीं है। इसीलिए खिसियाए शिक्षक कहते हैं कोई सुधार तो हुआ नहीं। अधिकारियों के द्वारा भय पैदा करने से क्या लाभ? ऐसे शिक्षक 9 से 5 तक समय काटकर घर चले जाते हैं। कुछ शिक्षक गपशप, खानपान, हंसी -मजाक में समय आसानी बिता कर घर चले जाते हैं। जो मैनेज करने में माहिर हैं वे आज के समय में भी देर से आते हैं और पहले चले जाते हैं। कुछ शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं, पढ़ाते भी हैं, लेकिन वे बहुत से काम नहीं कर पाते हैं, क्योंकि व्यवस्था उनका सहयोग नहीं करती। लेकिन वे कामचोर नहीं हैं।

असली शिक्षक वे हैं जो विद्रोही हैं। विद्रोही तो वह है जिसे मालूम है पढ़ाई का महत्व, जिसे मालूम है पढ़ाने का ढंग, जिसके पास निरंतर ज्ञान हासिल करने और उसे बांटने की ललक है और इसके लिए वह रास्ता भी निकाल लेता है। बच्चे अगर स्कूल नहीं आ रहे हैं तो वे उन्हें आकृष्ट करने के लिए कोई उपाय करते हैं। सफल नहीं होने पर वे स्वाध्याय के लिए जगह ढूंढ़ लेते हैं। निरर्थक गपशप करने वाले शिक्षकों के साथ बैठकर समय नहीं गंवाते। ऐसे ही शिक्षकों को मैं शिक्षक कहता हूं।

राजनीति और कलाओं का अंतर्संबंध

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

> राजनीति के लिए पक्ष–विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे।

तात्कालिक राजनीति हमेशा क्षुद्र होती है लेकिन सौ-पचास साल बाद वही इतिहास बन जाती है और गंभीर अध्ययन का विषय मानी जाती है। विचित्र बात है कि तात्कालिक राजनीति पर विचार करते हुए लेख लिखना अच्छा नहीं समझा जाता लेकिन उसी समय उसका वर्णन उपन्यास में करना या उसका चित्रण कविता में करना प्रशंसनीय माना जाता है। इसका कारण शायद यह है कि साहित्य उन घटनाओं, चरित्रों को एक तो संवेदना की आंख से देखता है, दूसरे उन्हें निर्वैक्तिक, निर्जीव तथ्य के रूप में अंकित नहीं करता, मानवीय गतिविधियों के प्रसंग में अंकित करता है। मतलब यह कि किसी पात्र को अकेले-अलबेले रूप में न दिखाकर लोगों के साथ, उनके बीच, उनकी भूमिका के संदर्भ में चित्रित करता है। किसी 'नायक' के कार्यकलापों का लोगों पर किस तरह का असर होता है, नायक क्या सोचता है और लोग बाग क्या सोचते हैं, जीवन में मौजूद सामग्री से नायक किन्हें अपने कार्यकलाप का माध्यम बनाता है और लोग बाग किन पहलुओं को आवश्यक समझते हैं, यह सब साहित्य में आता है; न समाज शास्त्र में आता है, न इतिहास में।

फिर भी साहित्यिक अध्ययन में दूसरी विद्याओं का सहयोग लिया जाता है जबकि दूसरी विद्याएं साहित्य को दोयम दर्जे की चीज मानती रही हैं। इधर जब से साहित्य का उपयोग इतिहास के अध्ययन के लिए होने लगा है तबसे कुछ नई विश्लेषण पद्धतियां उभरी हैं, हालांकि उनके लिए साहित्य केवल स्रोत है, इससे ज्यादा उसका कोई महत्व नहीं है। मुझे लगता है कि अगर ऐतिहासिक सत्य जानने के लिए साहित्य का उपयोग किया जाता है तो उसकी साहित्यिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। मतलब यह कि साहित्य केवल अपने समय के सामाजिक (बाह्य) तथ्यों का वृत्तांत नहीं होता, उसमें मनुष्य के सोचने-विचारने का ढंग भी अभिव्यक्त होता है, उसके विश्वासों और सपनों की दुनिया भी रहती है। इतिहास के लिए अगर तोल्स्तोय या प्रेमचंद का उपयोग हो सकता है तो मनोवैज्ञानिक अध्ययन के लिए दॉस्तोएव्स्की या जैनेन्द्र कुमार का उपयोग क्यों नहीं हो सकता? जहां बात शुरू हुई थी, वह प्रश्न था तात्कालिक राजनीति को क्षुद्र मानने और विगत राजनीति को इतिहास का गौरव समझने की। इस संबंध में उदाहरणों की कमी नहीं है। औरंगजेब के समय उसके कार्यकलापों पर पक्ष में बोलना पुरस्कृत होना और विरोध में बोलना जान गंवाना था।

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे। इसीलिए साहित्य अपने अध्येताओं को व्यापक दृष्टि देता है। यह व्यापक दृष्टि अपने स्रोता-पाठक-दर्शक को औरों से बेहतर मनुष्य बनाती है। यही कारण है कि प्लेटो कहते थे कि दार्शनिक तो शासक को आदर्श बनने की शिक्षा दे सकता है लेकिन नागरिक को आदर्श बनाने में साहित्य की सहायता ज़रूरी है।

प्लेटो खुद कवि रह चुके थे, वे दार्शनिक थे, वे साहित्य की प्रकृति और उसकी चालक शक्ति को समझते थे। लेकिन विभिन्न तथ्यों में से अपने अनुरूप तथ्य को चुनकर और अन्य तथ्यों की अवहेलना करके अपना 'नरेटिव' बनाने वाले राजनीतिज्ञ साहित्य को बर्दाश्त नहीं कर पाते। जो राजनीति जिस सीमा तक सीमित तथ्यों से, यानी कुछ सचाइयों के इस्तेमाल और शेष के दमन से अपना 'नरेटिव बनाती है, वह उतना ही साहित्य-संस्कृति के विरुद्ध होती है। इसीलिए तानाशाही सत्ताएं साहित्य को सहन नहीं करतीं। उस बात को यों भी कह सकते हैं कि जो सत्ताएं साहित्य-संस्कृति के प्रति जितना अहिष्णु होती हैं, उनमें तानाशाही की प्रवृत्तियां उतनी ही अधिक होती हैं।

हम यह कह सकते हैं कि कला के अन्य रूपों की अपेक्षा साहित्य के प्रति तानाशाही सत्ताओं का रवैया ज्यादा नकारात्मक होता है क्योंकि कविता, नाटक, उपन्यास आदि साहित्य के रूप भाषा पर निर्भर हैं और भाषा में विचार भी व्यक्त होते हैं, भावनाएं अधिक परिभाषित रूप में आती हैं; जबकि संगीत में केवल स्वर हैं जो संवेदनाएं जगा सकते हैं, विचार नहीं, नृत्य में मुद्राएं हैं जो भावोद्वेलन ला सकते हैं, सामाजिक जीवन के अंतर्विरोधों को उजागर नहीं कर सकते। संक्षेप में, कलाएं जितनी भी हैं, वे मनुष्य के सृजनात्मकता की अभिव्यक्ति हैं, वे संस्कृति की धरोहर हैं लेकिन विचार की दृष्टि से सबसे समर्थ या सशक्त सहित्य है क्योंकि वह भाषा पर निर्भर है और भाषा के बिना विचार की सत्ता नहीं हो सकती।यही कारण है कि तात्कालिक राजनीति चाहे जितनी क्षुद्र हो, उसी समय उसका वर्णन या चित्रण करने वाला साहित्य मूल्यवान होता है क्योंकि वह सत्ताओं के रुख से नहीं, जनता के हितों से परिचालित होता है।

सोशल फोरम

पर्यटक नहीं वरन एक बोझ

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

प्रचंड ग्रीष्म ने अपने आगमन का संदेश देना आरंभ कर दिया है। इस बार शीतकालीन वर्षा लगभग न के बराबर रही है। जल स्रोतों में निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। विगत सालों में फरसौली के अपने जल स्रोत को फावड़ा और कुदाल लेकर साफ सफाई करता था तो अप्रैल/मई के मध्य तक किचन गार्डन के लिए पानी चल जाता था। इस बार दाहिने हाथ ने साथ देना छोड़ दिया है। स्रोतों में पानी कम तो हो ही गया है और ऐसे महानुभावों का आगमन बढ़ गया है जिन्होंने अपनी अतिरेक कमाई से इन छोटी-छोटी पहाड़ियों पर जमीनें खरीदी और आलीशान बंगला बना कर रहते हैं। अर्थात जल स्रोतों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। ये पर्यटक नहीं हैं वरन् आर्थिकी पर एक बोझ हैं। पूरे साल दिल्ली,गोवा, जापान जैसे मनोरम स्थलों का आनन्द लेने के बाद अब उन सबकी आमद धीरे-धीरे इन पहाड़ियों के प्राकृतिक संसाधनों पर एक अतिरिक्त दबाव बढ़ा देगी। मुझे तो अपने पैतृक गांव डौणूं निकलना है। अप्रैल आखिर में गेहूं की कटाई करनी है और अगली फसल धान या दलहन के लिए तैयारी करनी है, इसके लिए गधेरों में उपलब्ध जल का संचयन करते हुए गूलें भी सुधरवाने का कार्य शुरू करना है। अच्छी बात यह है कि जब में छोटा फावड़ा (कसी -स्थानीय भाषा) लेकर निकलूंगा तो दो चार लोग साथ आ ही जाते हैं। जल संरक्षण के लिए फरसौली में तो प्रयास किया ही है। अब धीरे-धीरे पैतृक गांव में भी इसे करना है। मेरे लिए तो अमरीका, जापान, पेरिस,गोवा आदि सब मेरी वो जन्म भूमि है। इन सभी स्थानों के विकास को देखकर मुझे वह आनन्द स्थाई रूप से नहीं मिलता है जो समय पर सिंचित पहाड़ी खेतों में लहलहाती गेहूं पर लहराती हवा को देख कर मिलता है। स्थानीय स्तर पर यहां भवाली में एक श्री नेगी चौहान के सहयोग से जल स्रोतों के जल संवर्धन में प्रयासरत हैं लेकिन दो दिन पहले पता चला कि उनके इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े आ रही है। सोच रहा हूं कि गांव से वापसी के बाद उन लोगों से योगदान के लिए आग्रह करवाता हूं जो पुराने धनवान हैं या सरकारी सेवाओं में अच्छा आर्थिक अर्जन कर इस कार्य के लिए सहयोग देने की स्थिति में हैं। **-फेसबुक वॉल से**

विरोध करना बंद कर दोगे तो आत्महंता हो जाओगे



प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

> मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों को तड़फते मरते देखा।

एम्स (दिल्ली), भारत का सबसे बड़ा अस्पताल। मेरा पैट स्कैन होना था। सुबह नौ बजे से दिन में दो बजे मरीज इंतजार कर रहे थे। मेरी पुत्री इनक्वारी करने गई कि पापा का नंबर कब आएगा। एक मशीन खराब है, दवाई है नहीं। जिन मरीजों को घंटों से कैलूना लगे थे,जब पता लगा कि दवाई खत्म है, मशीन खराब है, उनकी इंतजारी की वाट लग गई है तो वह कुछ बोल न पाए। उनके कैलूना उतारने के लिए डॉक्टर तक न थे।

एक विहार से आया मरीज, दिल का मरीज तो था ही गरीबी की बीमार से भी ग्रस्त था। तीसरी बार भी टेस्ट न होने से इतना हताश, बेरंग हो गया कि उसने गुस्से से पर्ची फाड़ दी। एक डॉक्टर यह देख बौखला गया, बोला, जाओ टेस्ट न होगा। वह रोने लगा। तभी दूसरे संवेदनशील डॉक्टर को उसके रोने से आंसू आ गए। मेरी बेटी के भी आंसू आ गए। संवेदनशील डॉक्टर ने अश्वासन दिया कि हम तुम्हारा टेस्ट करेंगे। भूखे मरीज को बेटी ने खाने को दिया और 500 रूपये ऑफर किए। खाने की चीज तो उसने ले ली पर पैसे न लिए। बहुत कहने पर ले ही लिए। वह दिन संवदेना और बदइंतजामी का था।

होली बीती तो हम फिर अपनी तकदीर अजमाने चले चले। किसी तरह नंबर आया तो मैं भी बहुत से मरीजों के साथ एक छोटे से कौने में गिरफ्तार कर लिया गया। मरीज, मुजरिम से भी ज्यादा गुनहगार है। मुजरिम से तो पुलिस को,औरों को डर लगता है पर बीमार वह पापी, मुजरिम है कि पर्ची काटने वाले से लेकर, गार्ड, नर्स, डॉक्टर, सब उसके बॉस हैं। उनकी एक कृपा की नजर का वह तलबगार, कातरता से इंतजार करता है।

मैंने डॉक्टर से पूछा, हमारा नंबर कब आएगा। वह अकड़ कर बोला, मशीन ठीक हो जाएगी तो नंबर आऐगा। मेरे अंदर गलत के खिलाफ जब उबाल आता है तो उसमें सारे उबाल शामिल हो जाता है। मैंने उग्र हो कर कहा, तो एक बड़े अक्षरों में नोटिस लगा दीजिए ना, यहां जब मशीन दुरूस्त होती है तभी जांच होती है, जिम्मेवारी आपकी। इस पर डॉक्टर सहमा। बोला, मेरा क्या कसूर। जमाने का कसूर। स्थल पर हलचल हुई मशीन ठीक हुई।

मेरा नंबर आया तो दवाई नहीं थी। मैंने कहा, क्या जब दवाई आएगी तब इंजेक्शन लगेग। मैंने मरीजों को इंगित कर एक छोटा सा भाषण देशभक्ति के अंदाज में विरोध करने का आहवान दिया और कहा, मैं यही आमरण अनशन पर बैठता हूं। हम विरोध करते ही नहीं। कुछ नहीं तो पीएम पोर्टल में ही कर दो कम्पलेन। यह भाषण सुन तब घबराए डॉक्टर ने दवाई मंगवाई वह भी किसी परिचारक से। हद ही हो गई। किसी तरह हमारा नंबर आ जाए, किस्मत लहरा जाए यही सब सोचते हैं। उस अपाधापी में गंभीर मरीज भी अपनी बारी के लिए चंगा हो जाता है।

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों को तड़फते मरते देखा। किसी ने उन्हें झांका तक नहीं। सत्तर हजार का एक इंजेक्शन लगा के एक को और बर्बाद कर दिया। अरे मैं विदेश रहा हूं। वहां मरीज को घर से उठा के लाते हैं। इसीलिए जो बाहर गया फिर गया, वापस लौट कर नहीं आता। पर जैसे ही उनके मरीज का नंबर आया, उनकी उग्रता, नम्रता में बदल गई। वह डॉक्टर के आगे झुके जा रहे थे। जिंदगी से अजीज हम बीमार, सताए हुए हम आत्महंता लोग हैं। सारे अस्पतालों में मशीनें जो आदमी से ज्यादा संवेदनशील हैं। आगे चल कर एआई के हवाले ही संवेदनशीलता हवाले हो जाएगी। दोस्तो बीमार न पड़ना चाहे मर जाओ। कसरत करो, कम खा कर गम खाओ पर हालात पर न मुस्कुराओ। विरोध करो। विरोध करना बंद करत दोगे तो धीरे-धीरे आत्महंता हो जाओगे। मैं जब भी गलत के खिलाफ विद्रोह करने का साहस करता हूं तो आनंद से भर जाता हूं। उस दिन मैं आनंदित था, हे मैने कर दिखाया के अंदाज में।

जकात, ज़िगर और जेब

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

एक पंजाबी कहानी है कि एक बच्चा और उसकी मां काफी तंगहाली में जिंदगी बिता रहे थे। मां बच्चे को कुछ खाने पीने का सामान खरीद कर दे देती थी, बेचने के लिए। उसी कमाई से उनका घर चल रहा था। एक दिन बच्चा खाली हाथ घर लौट आया। जब मां ने पूछा की क्या हुआ सामान भी नहीं है और पैसे भी नहीं है। बच्चे ने बताया की आज कुछ भूखे साधू उसे मिल गए। उसने सारा सामान उन्हें ही खिला दिया।

ये सुनकर मां रोने लगी बच्चे ने सहम कर पूछा मां क्या मुझसे कुछ गलती हो गी। तुम रो क्यों रही हो। इस पर मां कहने लगी- गलती तुमसे नहीं शायद भगवान् से हो गई है। मैं तो रो रो कर उसी से फरियाद कर रही हूं किहे, भगवान तूने इस छोटे से बच्चे को जब इतना बड़ा जिगर दिया है तो इसकी जेब का भी कुछ ध्यान रख। उसे भी थोड़ा बड़ा कर। क्या जकात का संबंध जेब से है...शायद हां, शायद ना! जब कोई चीज़ इफरात में हो तो जिगर थोड़ा बड़ा हो सकता है या किया जा सकता है। लेकिन वो लोग सचमुच महान हैं जो छोटी जेब के बावजूद बड़ा जिगर दिखाते हैं। संसार में दान दाता देशों की सूची में मुख्यत विकसित देश और इसके लोग ही है। बिलगेट्स द्वारा शुरू की गई संस्था, जिसमें लोग अपनी कुल संपत्ति का 50 प्रतिशत दान करते है, में भी पश्चिम देशों के लोग ही ज्यादा है यानी दान का सीधा संबंध जेब से है। जितनी बड़ी जेब उतना बड़ा दानी। लेकिन भारत के अमीरों पर ये नियम कम लागू होता है। क्या ज़कात का संबंध ज़िगर से है ...बिलकुल ।

शायद ज़कात/ दान के लिए जिगर की जरूरत सबसे ज्यादा है। जिगर, जेब पर लगी ज़िप के सामान होता है कुछ देने से पहले पर्स की ज़िप यानी जिगर को खोलना पड़ता है। एक बारजब आपका दिल खुल गया तो कोई भी रकम आपको छोटी ही मालूम पड़ेगी। हो सकता है की आप पूरा पर्स ही दे दें ।

क्या ज़कात का संबंध धर्म से है?...जवाब है हां। ज़कात, दान और दसवंद के रूप में धर्म ने भी हम पर कुछ पाबंदियां आयद की है। हमारी कुछ जिम्मेवारियां तय की है। ताकि जरूरत मंदों की मदद की जा सके। आज भी हम दान इंसानियत के नाते कम, धार्मिक दृष्टिकोण से ज्यादा करते है। हमारा मुख्य उद्देश्य पुण्य कमाना या किसी जन्नत का लालच ही रहता है। लेकिन अफसोस कि सबसे अधिक धर्मों और धार्मिक लोगों का देश होने के बावजूद हम संसार में दानदाता देशों की सूची में बहुत निचले पायदान पर रहते हैं। पुण्य लूटने में भी लोग यहां कंजूसी कर जाते हैं। देखा जाए तो भारत मे लोग धार्मिक दान सबसे ज्यादा करते हैं। लेकिन फिर भी दान दाताओं की कम संख्या को देखते हुए ये कहना पड़ेगा कि या तो धर्म हमें प्रेरित नहीं कर पाया या धर्म का डंडा हमें डरा नहीं पाया। लेकिन जो प्रेरित हुए भी, जो डरे भी, जिन्होंने ईमानदारी से दान किया भी। उनका दान भी या तो दान पेटी में बंद रहता है या फिर उसकी बंदर बांट हो जाती है। बहुत कम ही धर्म स्थल है जो दान के पैसे का सदुपयोग करते हैं। बाकी दान यहां धर्म विशेष के लोगों की जेब मे चला जाता है। यही वजह भी है कि दान को धर्म का धंधा बनते देर नही लगती।

दो जाट नेताओं की जंग में बसपा का ओबीसी दांव

जाट लैंड का तमगा, आठ चीनी मिलें और सबसे बड़ी गुड़ मंडी का खिताब यही तो है, शुगर बाउल यानी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर की पहचान, जिसे यहां का कागज और स्टील उद्योग नई उड़ान दे रहा है। वर्ष 2013 में हुए दंगों ने इस शहर को बदनामी और परस्पर अविश्वास का ऐसा जख्म दिया कि लगा था मोहब्बत की सारी मिठास नफरत की दीवार में बदल जाएगी, पर वक्त के मरहम और किसान आंदोलन

बेहतर कानून-व्यवस्था और रालोद का साथ मिलने से तीसरी बार कमल खिलने के बढ़े आसार

ने खेती-किसानी से जुड़े इस इलाके के जाट, गुर्जर और मुस्लिम समुदाय को सारी कड़वाहट भुलाकर फिर से एक कर दिया। हालांकि अब चुनाव आए हैं तो इस गन्ना बेल्ट में सियासी गुड़ फिर पक रहा है। चौपालों पर चर्चा का बाजार गर्म है। कौन किधर जाएगा, इसे लेकर आकलन और कयासों के बीच खापों का समर्थन पाने की होड़ और वोटों की जोड़-तोड़ इस बार रालोद के भाजपा के साथ आने के बाद नए राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे रही है। ऐसे में यह सीट पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे डॉ. संजीव बालियान और सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनौती पेश कर रहे हरेंद्र मलिक के साथ मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति का कड़ा इम्तिहान लेने के लिए तैयार है।

2022 विधानसभा चुनाव में किसको कितने वोट



1. भारतीय जनता पार्टी 2. समाजवादी पार्टी 3. बहुजन समाज पार्टी 4 कांग्रेस

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। मुजफ्फरनगर में चुनावी माहौल गर्म और प्रचार का पारा ऊपर चढ़ रहा है। भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह और रालोद मुखिया जयंत चौधरी सभाएं कर गए हैं। आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को मायावती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा संबोधित करने आने वाली हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अगले हफ्ते रैली कर सकते हैं। इस संवेदनशील इलाके में सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था का रहा है, जिसके बारे में पूछने पर अब अधिकतर लोग संतुष्टि के भाव में सिर हिलाते हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका श्रेय देते हैं। यह बात जहां भाजपा के पक्ष में जाती नज़र आती है, वहीं गन्ना मूल्य और बेसहारा पशुओं की धमाचौकड़ी से लोग परेशान भी हैं। कहीं-कहीं बातचीत में डॉ. बालियान को लेकर थोड़ी बहुत नाराजगी झलकती है, लेकिन भाजपा और रालोद का गठबंठन होने से सारे समीकरण लोग मुफ़ीद मानते हैं। हालांकि यह कहने वालों की कमी नहीं है कि इस बार मुकाबला तगड़ा है।



मुजफ्फरनगर के लोकसभा चुनावी रण में 11 प्रत्याशी हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी के बीच माना जाता है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान दो बार यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पिछली बार रालोद प्रमुख चौधरी अजित सिंह को उन्होंने नजदीकी मुकाबले में हराया था। इस बार हैट्रिक मारने के इरादे से मैदान में हैं। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा के टिकट पर उतरे हरेंद्र मलिक मुजफ्फरनगर के मैदान में तीसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। मलिक पुराने नेता हैं, वह लोकसभा और विधानसभा मिलाकर अब तक नौ चुनाव लड़ चुके हैं। उनके बेटे पंकज भी चार चुनाव लड़ चुके हैं। हरेंद्र मलिक 1985 में खतौली और 1989 से 1996 तक बघरा विधानसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। वर्तमान में उनके पुत्र पंकज मलिक चरथावल से विधायक हैं। हरेंद्र पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर कैराना से चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें महज 70 हजार वोट ही मिले थे। इन दोनें के मुकाबले में उतरे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ठेकेदार और रियल एस्टेट कारोबारी हैं। पहली बार मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। छिटके हुए बसपा के काडर वोटर को समेटने की क्षमता रखते हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिस पर गाजियाबाद में लाठीचार्ज को लेकर दारा सिंह चर्चा में आये थे।



मुस्लिम और जाट मतदाता यहां भाग्य विधाता

- लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता पौने छह लाख गिने जाते हैं, यानी 33 फीसदी तक। जाट करीब 18 फीसदी हैं। लगभग 14 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दलित वोट बैंक भी लोकसभा सीट का परिणाम तय करने में अहम रोल अदा करता है। इसके अलावा गुर्जर और ठाकुर समुदायों का भी इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग 10-10 फीसदी वोट माना जाता है। प्रजापति, सैनी, त्यागी सहित अन्य जातियों के मतदाता भी चुनाव के नतीजा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

2014 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत



1. भारतीय जनता पार्टी 2. बहुजन समाज पार्टी 3. समाजवादी पार्टी 4 कांग्रेस

2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

49.6 %	49.2%
भारतीय जनता पार्टी	सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

18,16,284	9,68,265	8,47,875	144
लोस. सीट पर कुल मतदाता	पुरुष मतदाताओं की संख्या	महिला मतदाताओं की संख्या	थर्ड जेंडर के मतदाता

डॉ. संजीव बालियान- भाजपा

हरेंद्र मलिक - सपा उम्मीदवार

दारा सिंह प्रजापति - बसपा

कभी मुस्लिम सियासत का गढ़ थी सीट पर इस बार नहीं कोई भी उम्मीदवार

- यह सीट पहले मुस्लिम सियासत का गढ़ गिनी जाती थी, लेकिन 2014 और 19 में लगातार दो बार डॉ. संजीव बलियान के सांसद बनने से हालात इतने बदल चुके हैं कि इस बार कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं है। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया था। 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को पराजित किया था। इस तरह 1999 से 2014 तक 15 साल यहां मुस्लिम सांसद ही चुने गए। मुस्लिम प्रत्याशी की जीत की शुरुआत 1967 में भाकपा के लताफत अली खां की जीत से हुई थी। 1977 में लोकदल के सईद मुर्तजा जीते थे। 1980 में जनता दल (एस) के गय्यूर अली खां ने कांग्रेस के नजर मोहम्मद को हराया। 1989 में कश्मीर से आए मुफ्ती मोहम्मद सईद जनता दल के टिकट पर जीते और वीपी सिंह सरकार में गृहमंत्री बने।

भाजपा के पास सिर्फ एक विधान सभा सीट

- विधानसभावार मतदाताओं का हिसाब-किताब देखें तो बुढ़ाना में सर्वाधिक तीन लाख 90 हजार मतदाता हैं। इसके बाद मुजफ्फरनगर में करीब पौने चार लाख, सरधना में साढ़े तीन लाख से ज्यादा, चरथावल में साढे तीन लाख और खतौली में लगभग सवा तीन लाख मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल मुजफ्फरनगर विधान सभा सीट पर जीत मिली थी। रालेद और सपा ने 2-2 सीटें जीत ली थीं।

हिमाचल में भाजपा ने प्रचार में बढ़त बनाई, कांग्रेस प्रत्याशी तय न कर पाई

शिमला

अमृत विचार। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस सभी सीटों पर टिकटों के आवंटन में उलझी है और उनके नेता चुनावी तैयारियों की बैठकों तक ही सीमित हैं। राज्य की चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनावी रण में उतरने से मंडी हॉट सीट बन गई है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कंगना का तूफानी चुनाव प्रचार देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उनके चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाले हैं। प्रदेश भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों की बैठकों तक सीमित है। कांग्रेस अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार से दूर महज बैठकों में ही उलझे हुए हैं। प्रदेश में बेशक लोकसभा चुनाव आखिरी चरण में पहली जून को होने हैं, जिसके लिए अभी दो माह का समय है। लेकिन भाजपा ने चुनावी रण में अपने दिग्गजों को उतार कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। पूरे प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़े हुए है। वहीं कांग्रेस सरकार के मंत्री व पार्टी के आला नेता कार्यालयों तक ही सिमटे हैं। कांग्रेस का चुनाव प्रचार धरातल पर नहीं उतरने से पार्टी कार्यकर्ता मायूस हो रहे हैं। भाजपा ने हमीपुर और शिमला लोकसभा सीटों पर 13 मार्च और मंडी व कांगड़ा सीटों पर 24 मार्च को उम्मीदवारों का ऐलान किया था। वहीं छह विधानसभा सीटों पर 26 मार्च को उम्मीदवार घोषित किये गए थे। सभी सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तय होने के बाद भी कांग्रेस में टिकटों की उलझन है। कांग्रेस नेताओं की माने तो चारों लोकसभा सीटों पर जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस दिनों स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रदेश में अपने उम्मीदवार तय करने के लिए जनता की टोह ले रही है। कांग्रेस में मंडी लोकसभा सीट से प्रतिभा सिंह, शिमला से दयाल प्यारी और भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, हमीरपुर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और कांगड़ा से पूर्व मंत्री आशा कुमारी के नाम चर्चा में हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस अपने नेताओं को जीत की क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण और बेदाग छवि के पैमाने पर परख रही है। भाजपा ने छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायकों को टिकट दी है। इससे पिछला विस चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार नाराज हैं। कांग्रेस इन असंतुष्ठ भाजपा नेताओं पर नजरें जमाए हुए है। खासतौर पर लाहौल-स्पीति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक रवि ठाकुर को टिकट देने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा को भाजपा मना नहीं पाई है। ऐसे में उन्हें कांग्रेस टिकट दे सकती है। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, कुटलैहड़, सुजानपुर, गगरेट, लाहौल-स्पीति और बडसर में उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के बाद इन हलकों में चुनाव हो रहे हैं। इन चुनाव हलकों के कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा ने इन्हें उपचुनाव में टिकट देकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। हिमाचल विधानसभा में उपचुनाव के परिणाम कांग्रेस और भाजपा के लिए बहुत अहम रहने वाले हैं। दरअसल 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्ताधारी कांग्रेस के 34 और भाजपा के 25 विधायक हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक हैं। इन्होंने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है, लेकिन अध्यक्ष ने अभी तक इनके इस्तीफे स्वीकार नहीं किये हैं।

कंगना के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार विक्रमादित्य सिंह

मंडी लोकसभा सीट से हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने को तैयार नजर आ रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह मंडी से भाजपा उम्मीदवार बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने को राजी हैं। ऐसे में कांग्रेस कंगना रनौत के सामने युवा चेहरे विक्रमादित्य सिंह पर दांव खेल सकती है। कांग्रेस नेता और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, वह आलाकमान के हर आदेश का पालन करेंगे, पहले भी उनके पिता-माता मंडी से सांसद रह चुके है। उनकी मां प्रतिभा सिंह तीसरी बार मंडी से सांसद हैं। मंडी की जनता उनके साथ जुड़ी है। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत का मंडी सीट से हारना तय है।

नाचो-गाओ उत्सव मनाओ...

त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटों के लिए 19 अप्रैल को त्रिपुरा वेस्ट और 26 को त्रिपुरा वेस्ट सीट पर मतदान होना है। इस राज्य की अपनी अनोखी जन जातीय संस्कृति और दिलचस्प लोक कथाएं हैं। यह दृश्य राजधानी अगरतला में आयोजित त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा की चुनावी रैली का है, जिसमें बड़ी संख्या में रंग बिरंगे परिधानों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इसकी बड़ी वजह यह रही कि राज्य में भाजपा के खिलाफ विधान सभा चुनाव लड़ी राजघराने से जुड़ी त्रिपुरा मोथा पार्टी अब भाजपा सरकार में शामिल हो चुकी है। रैली में मोथा पार्टी के मुखिया प्रद्योत विक्रम मानिक्य देव बर्मा भी शामिल हुए।

मध्य प्रदेश में 13 लोकसभा सीटों पर 175 उम्मीदवार

अमृत विचार। मध्यप्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो चुकी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में नामांकन और नाम वापसी के बाद इन 13 सीटों पर 175 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। पहले चरण की छह सीटों पर 88 और दूसरे चरण की सात सीटों पर 87 प्रत्याशियों के बीच लोकसभा का मैदान मारने की चुनौती है। दूसरे चरण में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को छह प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया। रीवा और होशंगाबाद में किसी ने नाम वापस नहीं लिया है।

दूसरे चरण की 7 सीटों रीवा, सतना, होशंगाबाद, टीकमगढ़, बैतूल, खजुराहो और दमोह पर 87 प्रत्याशी लोकसभा के रण में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना लोकसभा सीट लड़ रहे हैं। इसके बाद 14-14 खजुराहो और रीवा लोकसभा सीट से एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। दमोह में 13, होशंगाबाद में 12, टीकमगढ़ में 7, बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

सतना की तरह जबलपुर में भी सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। रविवार को जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी थी।

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान वाली सीटों में अब सीधी से 17, शहडोल से 10, मंडला में 14, बालाघाट में 13 और छिंदवाड़ा से 15 प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

दिल्ली में भाजपा की राह में कांटे बिछाने का प्रयास

कांग्रेस-आप का साथ

महेश शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कांग्रेस-आप लोकसभा चुनाव की रणनीति में मुफीद मानकर चल रही हैं। कोशिश केजरीवाल की गिरफ्तारी को मतदाताओं की सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को वोट ट्रांसफर कराने की पुख्ता तैयारी की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने अपने हिस्से की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक दिल्ली की बची तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह यह है कि पार्टी बदले माहौल को भांपकर इंटरनल सर्वे करा रही है। आंकड़े बताते हैं कि अगर मतदाता ने 2014 के चुनाव के पैटर्न पर दोनों दलों के पक्ष में वोटिंग की तो भाजपा से लड़ाई की राह आसान हो सकती है। लेकिन इसके लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य तथा समन्वय को मजबूत बनाने के साथ वोट एक दूसरे के पक्ष में ट्रांसफर कराने की बड़ी चुनौती है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी को सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को अपने वोट ट्रांसफर कराने की कवायद

दिल्ली की सभी सातों सीटों पर 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। अबकी 2024 के लोकसभा चुनाव दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर-पूर्व दिल्ली, दिल्ली पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली की सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

2014 व 2019 में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग लड़ीं थी पर अबकी चार पर आप और तीन पर कांग्रेस के साझा प्रत्याशी भाजपा के सामने मुकाबले में होंगे। 2019 में भाजपा ने सातों सीटों पर 56.9 फीसदी वोट पाकर सभी सीटें जीत ली थी। तब 1.28 करोड़ वोटरों में 86.19 लाख वोट पड़े थे। भाजपा को 49 लाख 8 हजार 549 वोट मिले थे। कांग्रेस 22.6 फीसदी यानी 19.54 लाख वोट पाकर दूसरे नंबर पर रही थी। सात में पांच सीटों पर वह रनर थी। आम आदमी पार्टी को 18.2 फीसदी यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे। दोनों दलों का वोट और वोट का फीसद जोड़ें तो 40.8 फीसदी यानी 35 लाख 25 हजार 587 वोट होता है।

लेकिन अब दूसरी तरफ 2014 का लोकसभा चुनाव पर दृष्टिपात करें तो भाजपा ने सातों सीटें जीती थी। भाजपा को 46.6 फीसदी वोट अर्थात 38 लाख 38 हजार 850 वोट मिला था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिला। पार्टी दूसरे नंबर पर थी। कांग्रेस सभी सीटों पर तीसरे नंबर पर थी। उसे 15.2 फीसदी यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिला था। दोनों दलों के वोट प्रतिशत को मिला दें तो यह 48.3 फीसदी यानी 39 लाख 75 हजार 965 वोट तक जा पहुंचता है जो कि भाजपा के मिले वोटों से ज्यादा है। ऐसे में वोटिंग पैटर्न 2014 के लोकसभा चुनाव वाला होने से भाजपा के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है। हालांकि दिल्ली वेस्ट (पश्चिम दिल्ली) सीट अपवाद है। वहां पर कांग्रेस और आप के वोट मिला लें तो भी भाजपा आगे रही थी। 2024 में आप पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ रही है बाकी पर कांग्रेस। आपकी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ कहती हैं कि गठबंधन की सफलता वोटों की निर्बाध अदला-बदली पर निर्भर है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से जनता मे उपजी सहानुभूति के माहौल में यह संभव है। हालांकि तथ्य यह भी है कि दिल्ली में

कांग्रेस को नुकसान पहुंचाकर आप के वोट बढ़े हैं। 2009 के चुनाव से तुलना करें तो 2019 में कांग्रेस को 34 फीसदी का नुकसान हुआ। भाजपा को 22 फीसदी मतों का लाभ हुआ तो आप को 18 फीसदी का लाभ। अन्य को छह फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा।

अनुसूचित वर्ग के नौकरशाहों में भाजपा से नेतागिरी का बढ़ा क्रेज

पहले वॉमसेफ के जरिए दलित आंदोलन में लेते थे रुचि, अब भाजपा-संघ की भाने लगी है विचारधारा

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। कितने चेहरे लगे हैं चेहरों पर, क्या हकीकत है और सियासत क्या...,नौकशाहों में नेतागिरी की दूसरी पारी के बढ़ते क्रेज पर शायर सागर खय्यामी का यह शेर सटीक बैठता है। आजादी के बाद अनुसूचित वर्ग के नौकशाहों की पसंद में कांग्रेस ही सर्वोपरि रही, फिर 45 साल बाद बसपा ने खूब लुभाया। अब बीते एक दशक से मोदी और योगी की राजनीति ने ऐसे नौकरशाहों को वॉमसेफ से ज्यादा भाजपा और संघ का दीवाना बना दिया है।

ताजा घटनाक्रम पर गौर करें तो, हाल में ही सेवानिवृत हुए प्रदेश के कार्यकारी पुलिस महानिदेशक रहे विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ लोकसभा चुनाव के बीच सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वे तेज-तर्रार दलित अफसरों में गिने जाते थे और मायावती के खास भी रहे। पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने तो बीते विधानसभा चुनाव से पहले नौकरी से वीआरएस लेकर भाजपा की सदस्यता ली थी। जाति से जाटव अरुण के पिता श्रीराम अरुण भी डीजीपी रहे हैं। असीम अरुण ने मुलायम-अखिलेश के गढ़ कन्नौज में अनुसूचित वर्ग के वोटों का हाथी से मोहभंग करने का गुरुतर दायित्व निभाने में बड़ी भूमिका निभाई। नतीजा रहा कि पहली बार विधायक बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनाम में समाज कल्याण मंत्री बनाया।

इससे पहले 2017 में बसपा सुप्रीमो मायावती के खास रहे पूर्व आईपीएस बृजलाल ने भी भाजपा के सत्ता में आने के बाद सदस्यता ली। माना जाता है कि अरुण ने शायद बृजलाल के राजनीति में आने के बाद ही खुद को राजनीति में जाने का मन बनाया था।

असीम अरुण | ब्रजलाल | रामबहादुर | विजय कुमार

- **असीम अरुण ने तो छोड़ दी थी शानदार नौकरी, ब्रजलाल, रामबहादुर के बाद विजय कुमार हुए मुरीद**

उप्र की ठोको पॉलिसी में बृजलाल का रहा सहयोग

पासी दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बृजलाल वर्ष 2010-12 तक उप्र में डीजीपी थे। उनकी छवि एक कड़क पुलिस अधिकारी के साथ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की रही है। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तब बृजलाल के लगातार संपर्क में थे, जब उन्होंने अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ ठोको पॉलिसी के तहत बड़ा अभियान छेड़ा था। हालांकि योगी की इस ठोको पॉलिसी का विपक्ष लगातार विरोध करता रहा है। पहले सरकार ने बृजलाल को राज्य एसटी एससी कमीशन का चेयरमैन बनाया है। इसके बाद 2020 में उन्हें राज्यसभा का सांसद बना दिया।

आईएएस रहे रामबहादुर भी भाजपा व संघ के बने पोषक

पूर्व आईएएस राम बहादुर ने भी सेवा निवृत्त होकर दूसरी पारी बसपा की राजनीति से शुरू की थी, वे मायावती के खासे करीब भी रहे। लखनऊ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने कुछ कड़े फैसले लिए थे, जिसमें अवैध अतिक्रमण हटवाना भी शामिल था। वह कांशीराम द्वारा स्थापित आल इंडिया बैकवर्ड एंड माइनारिटी कम्युनिटी एम्पलाई फेडरेशन के सदस्य भी थे। राम बहादुर ने मोहनलालगंज से वर्ष 2017 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव भी लड़ा था, लेकिन अब मोहभंग होकर भाजपा और संघ की विचारधारा के पोषक बन गए हैं।

कांग्रेस की चुनावी सभाएं जल्दः अविनाश पांडे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रदेश के पहले व दूसरे चरण की सीटों पर चुनावी सभाएं जल्द शुरू होंगी। रायबरेली व अमेठी सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा सही समय पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सभी 80 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा। प्रदेश प्रभारी सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने देश की जनता के सामने घोषणा पत्र को नये संकल्प के रूप में पेश किया है। देश के राजनीतिक इतिहास में यह पहला घोषणा पत्र है जो जनता की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि रणनीति के तहत अभी रायबरेली व अमेठी के प्रत्याशी घोषित नहीं किये गये हैं, पर दोनों क्षेत्रों की जनता का गांधी परिवार से लगाव है। लोगों की भावनाओं को केन्द्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही पहला कदम बेरोजगारी दूर करने के लिए उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली व सभा पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चर्चा हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव के साथ इंडिया गठबंधन की रैली जल्द होगी।

नगीना से प्रत्याशी चंद्रशेखर के खिलाफ देश में सर्वाधिक मुकदमे

सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की सूची में देश में पांचवें स्थान पर

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव में नगीना संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्रशेखर पर देश भर में सर्वाधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है।

इसमें कहा गया है कि आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर के खिलाफ कुल 36 मामले दर्ज हैं। जिसमें से 78 धाराएं गंभीर मामलों में दर्ज की गईं हैं। आईपीसी की अलग-अलग 167 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

चुनाव सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के देश भर के प्रत्याशियों का वित्तीय, आपराधिक और शैक्षणिक विवरणों की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में उप्र. में पहले चरण के चुनाव की 8 सीटों पर उतरे 80 प्रत्याशियों का भी ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक नगीना सीट पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण पर देश भर में सबसे ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा, सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की फेहरिस्त में देश में पांचवें स्थान पर हैं।

चंद्रशेखर के सर्वाधिक केस सहारनपुर में

चंद्रशेखर पर सरकारी अधिकारी को उसका काम करने से रोकने के मकसद से चोट पहुंचाने के, हत्या के प्रयास से संबंधित, डकैती की सजा से संबंधित समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। दरअसल, नगीना लोकसभा सीट पर पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास चंद्रशेखर ने जो हलफनामा जमा कराया गया उसके अनुसार इन पर कुल 36 मामले दर्ज हैं। इनमें से 26 केस सहारनपुर की अलग-अलग अदालतों में चल रहे हैं जो जनपद की ही विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में 1, दिल्ली में 2, मुजफ्फरनगर में 2, लखनऊ में 1, हाथरस में 1, अलीगढ़ में 2 और नगीना में 1 मामला दर्ज है।

कद्दावरों से तय होता रहा राजनीतिक दलों का कद

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचारः सूबे की सियासत में आजादी से ही अलग पहचान बनाने वाले गोंडा जनपद में मतदान में भी बड़े दांव दिखाए हैं।

यहां के मतदाताओं ने पार्टियों के बजाए कद्दावरों को महत्व देते रहे। यही कारण रहा गोंडा संसदीय सीट पर देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी और केंद्रीय मंत्री रहे बेनी प्रसाद वर्मा जैसे सरीखे नेताओं को देश की सदन में जाने का मौका मिला। यह रवायत आज भी कायम है। बात हम बीते पांच चुनाव परिणामों के करें तो जनता के मूड की मैपिंग समाने आ जाती है। जिस तरह कद्दावर प्रत्याशियों के आने से पार्टियों का वोट प्रतिशत उछाल मार कर आगे बढ़ा वहीं कमजोर प्रत्याशियों को मजबूत दल का साथ मिलने के बाद भी मुंह की खानी पड़ी और वोट प्रतिशत भी धराशायी हो गया।

देश की सबसे बड़ी पार्टियों में शुमार कांग्रेस और भाजपा को भी कई बार मतदाताओं ने प्रत्याशी चयन में चूक का झटका दिया। यही नहीं प्रदेश की सियासत में पांव जमा रही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पहली बार सदन भेजने का काम भी जनता ने कद्दावर नेता को चुनकर बड़ी पार्टियों को हैरत में डाल दिया। भले ही बसपा के किसी भी प्रत्याशी को जीत नहीं मिली लेकिन 2009 के चुनाव में उम्मीदवार के कद के कारण बसपा भी वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। यही नहीं वोट प्रतिशत में निचले पायदान पर पहुंच चुकी कांग्रेस को भी 2009 में ही कद्दावर नेता का साथ मिला तो मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ जीत का स्वाद भी 20 साल बाद चखने को मिला और मुख्यधारा में पार्टी की वापसी हुई।

1999 में जीत हासिल करने के बाद भाजपा भी हासिए पर चली गई। 2004 का चुनाव मजबूती से तो लड़ी जीत के करीब नहीं पहुंच सकी। दस साल बाद भाजपा को भी जिले के कद्दावर नेता का साथ मिल गया। फिर क्या था भाजपा के सपनों को पंख लगे और जीत का सिलसिला 2019 तक जारी रहा। इस बार भी भाजपा ने कद्दावर नेता पर ही दांव चला है। फिलहाल सपा ने भी कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद पूर्व में क्षेत्र की नुमाइंदगी कर चुके राष्ट्रीय स्तर के नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री को दावेदार बनाकर मैदान में उतार दिया है। इस बार दो कद्दावरों के बीच मुकाबला रोचक होने की दिशा में दिख रहा है।

आंकड़े

- **उम्मीदवारों के कद के हिसाब से घटते बढ़ते रहे मत प्रतिशत**

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट मिले
कीर्तिवर्धन सिंह, विजेता	5,08,190
विनोद कुमार पंडित सिंह, उपविजेता	3,41,830

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कीर्तिवर्धन सिंह	
सपा	नंदिता शुक्ला	
बसपा	अकबर अहमद डंपी	

गोंडा

निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	सदस्य	दल
1957	दिनेश प्रताप सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	राम रतन गुप्ता	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	सुचेता कृपलानी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	आनंद सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	सत्यदेव सिंह	जनता पार्टी
1980, 84 व 89	आनंद सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	बृजभूषण शरण सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1996	केतकी देवी सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1998	कीर्ति वर्धन सिंह	समाजवादी पार्टी
1999	बृजभूषण शरण सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2004	कीर्तिवर्धन सिंह	समाजवादी पार्टी
2009	बेनी प्रसाद वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	कीर्तिवर्धन सिंह	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े



राजनीतिक दलों के कितने सफल खेवनहार साबित होंगे छोटे दल

सपा से कुछ दलों ने नाता तोड़ा तो कुछ अन्य दलों ने आगे बढ़कर मिलाया हाथ

- **रालोद, निषाद पार्टी, सुभासपा, अपना दल के साथ मिशन- 80 साधने की तैयारी**

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। चुनाव का माहौल हो और चर्चा उत्तर प्रदेश की राजनीति पर चले तो जाति और क्षेत्रवाद अछूता नहीं रह सकता। यही कारण है कि इस बार भी लोस चुनाव में अलग-अलग क्षेत्रों, जाति व समाज में प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों अथवा कथित छोटे दलों का महत्व बढ़ा हुआ है।

उप्र. के चुनावी संघर्ष में भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने हैं। भाजपा से तो सपा के ही दो सहयोगी दल टूट कर मिले। इसमें पहले सुभासपा और अब रालोद शामिल हैं। अपना दल एस और निषाद पार्टी पहले ही शामिल है। इधर सपा को उसके पुराने सहयोगियों ने छोड़कर झटका दिया तो कुछ अन्य दलों ने साथ देकर संबल भी दिया। रालोद और अपना दल कमेरावादी के नाता तोड़ने के बाद लोकदल और महान दल सपा का साथ देने को आगे आए।

मिशन 80 साधने में सहयोगी बने अपना दल (एस) और रालोद

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा की सहयोगी हैं। इनका साथ पाकर पार्टी का कुर्मी वोट बैंक मजबूत होता है। इस बार प्रत्याशी उतारने को खाते में दो सीटें मिलनी हैं। दूसरा हाल ही में सपा को छोड़ भाजपा का दामन थामने वाला राष्ट्रीय लोकदल 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन और 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा-सुभासपा के साथ गठबंधन में शामिल रहा था। अब भाजपा के मिशन 80 को साधने में जुटा है। पिछले चुनाव एक भी सीट नहीं जीते और इस बार बिजनौर और बागपत से उम्मीदवारी मिली है।

सुभासपा और निषाद पार्टी का भी है साथ

वहीं, सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर भी 2017 के विस चुनाव में भाजपा गठबंधन से चुनाव लड़े। पार्टी ने चार सीटें जीतीं। योगी सरकार में मंत्री बने। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ हो लिए और 6 सीटें जीतीं। फिर चुनाव बाद भाजपा में आ गए। इस बार लोस चुनाव में प्रत्याशी उतारने को एक सीट मिली है। घोसी से बेटा अरविंद राजभर मैदान में है। एक और दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद 2019 में भी भाजपा के साथ थे, अब भी हैं। पिछले चुनाव में संजय निषाद के बेटे प्रवीण संतकबीरनगर से भाजपा के सिंबल पर लड़े व सांसद बने। इस बार भाजपा के टिकट पर संतकबीरनगर से प्रवीण निषाद फिर लड़ेंगे।

राजनीतिक लाभ को साथ रखते हैं छोटे दल

देखा गया है कि, जातियों की राजनीति करने वाले छोटे दल जिस बड़े दल के साथ जुड़ जाते हैं, उनका समर्थक वोटर उनके साथ चला जाता है। बड़े दलों की कुछ वोटों से हारने की स्थिति वाली सीटें पक्की हो जाती हैं। बदले में छोटे दल अपने बड़े आधार वाले क्षेत्रों में बड़ी पार्टियों से कुछ सीटें मांगकर अपना आधार बढ़ाने का प्रयास करते हैं। हालांकि छोटे दलों की मदद से बड़े दल ज्यादा सीटें जीतते हैं। इसी राजनीतिक गुण-गणित का ध्यान रखते हुए भाजपा व सपा अपने से कम वोट शेयर वाले दलों से हाथ मिलाने को उत्सुक हैं।

भ्रष्टाचारियों को पालती है भाजपाः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग भ्रष्टाचार खुद करते हैं, भ्रष्टाचारियों को खुद पालते-पोसते हैं और आरोप विपक्षी दलों पर लगाते है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक न जाने कितने भ्रष्टाचार किये हैं। इन सबकी जांच हो जाएगी तो यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार साबित होगा।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि, भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद जनहित में फैसले लेने के बजाय देश की संवैधानिक और सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं से भाजपा के लिए चंदे की वसूली करायी। तमाम कम्पनियों पर छापे डालकर उन्हें पहले डराया गया और बाद में चंदा वसूला गया।

चुनावी गतिविधियां

जागरूक करने को टर्निंग 18

लोकसभा चुनाव में युवाओं को जागरूक करने को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ''टर्निंग 18'' अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग युवाओं और शहरी मतदाताओं की निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग कर रहा है। इसके तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'टर्निंग 18' और 'यू आर द वन' जैसे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ने की पहल की जा रही है जो 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के अनुरूप है।

मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए सब लगा रहे जोर

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में लखनऊ की दोनों सीटों पर मतदान बढ़ाने पर जोर है। राजनीतिक दल ही नहीं, चुनाव आयोग भी आधुनिक तरीके से प्रचार करने में जुट गया हैं। राज्य का चुनाव आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी कम वोटिंग वाले क्षेत्रों में जहां जागरुकता अभियान चला रहे है। निगम वाहनों से प्रचार करने की तैयारी में है। वहीं राजनीतिक दल भाजपा व इंडिया गठबंधन का मुख्य फोकस उन तहसीलों में है, जहां पिछली बार वोटिंग प्रतिशत 55 फीसदी से कम रही। इनमें लखनऊ सीट पर कैंट में 50.77 जबकि मोहनलालगंज की सरोजनीनगर सीट पर 55.49 वोटिंग प्रतशित कम रही। 2019 के चुनाव में लखनऊ सीट पर करीब 54.22 फीसदी वोटिंग हुई, जो औसतन कम है। लोकसभा चुनाव में 70 का आंकड़ा छोड़ों लखनऊ शहर अभी 60 का आंकड़ा छू नहीं पाया है। इसलिए मोहनलालगंज की अपेक्षा लखनऊ शहर में राजनीतिक दल यहां जोर मारे हैं ताकि अपना वोट बैंक बढ़ाया जा सके। सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा बताते हैं कि मध्य-पश्चिम में हमारा वोट बैंक मजबूत है। अन्य तीन जगह वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए गली-गली प्रचार, सोशल मीडिया के अलावा पार्टी द्वारा कराए गए कार्यों का सहारा लिया जा रहा है। वे कहते हैं कि अगर वोट प्रतिशत बढ़ गया तो हमारे हिस्से आएगा और आसानी से राजनाथ के हैट्रिक वाले रथ को रोक सकेंगे। वहीं चुनाव आयोग पोस्टर आदि के जरिए वोट का महत्व बता रहा है। वहीं दलों के प्रत्याशी रील्स के जरिए भी अपने-अपने इलाकों में वोटों के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राजनाथ सिंह का प्रचार करने वाले भाजपाई नेता कहते हैं कि हमारा वोट शेयर 2019 में 56 फीसदी से ज्यादा था, जो इस बार बढ़कर 60 के करीब पहुंच जाएगा। क्योंकि जनता भाजपा के काम से खुश है। लखनऊ लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर इस बार 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

हमें कचरा गाड़ी समझाएंगी वोट का महत्व

- राजधानी में सुबह उठते ही गली-गली में कूड़ा उठाने वाले भार वाहनों से कानों में गूंजती है आवाज- गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल...। मगर अब इन्हीं वाहनों से मतदान करने की अपील रोज सुनाई देगी यानी कचरा गाड़ी एक-एक वोट का महत्व समझाएंगी। दरअसल, राजधानी में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हो रहा है। ऐसे में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाएगा। चुनाव आयोग की मानें तो लखनऊ में मतदान बढ़ाने पर पूरा फोकस है। इसके लिए चौपाल, नुक्कड़-नाटक, मैराथन, साइकिल रैली निकाली जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों में भी वोट का महत्व समझाया जाएगा।

2019 में लखनऊ उत्तर में 55.42 फीसदी जबकि मोहनलालगंज सीट पर मलिहाबाद में महज 65 फीसदी मतदान

2019 में मतदान प्रतिशत के आंकड़े



लखनऊ में चुनाव

5वें चरण में मतदान

26 अप्रैल	अधिसूचना की तिथि
3 मई	नामांकन करने की अंतिम तिथि
4 मई	नामांकन पत्रों की जांच
6 मई	नाम वापसी की तिथि
20 मई	मतदान की तिथि
4 जून	नतीजे आएंगे



विशेषज्ञ बनने के बाद स्वास्थ्य विभाग छोड़ नहीं सकेंगे डॉक्टर

पहले जमा कराए जा रहे मैट्रिक से एमबीबीएस के मूल दस्तावेज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस डॉक्टर अगर चिकित्सक विशेषज्ञ (पीजी) बनने के बाद विभाग में नहीं लौटे तो उनका करियर खत्म हो जाएगा। पीजी के लिए भेजने से पहले विभाग डॉक्टरों के मैट्रिक से एमबीबीएस तक के मूल दस्तावेज जमा करा ले रहा है। वह किस मेडिकल कॉलेज से और किस विषय में कब तक पीजी कर रहे हैं, इसका ब्योरा भी पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। पीजी कोर्स पूरा होते ही स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिल जाएगी।

सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने साल 2014-15 में विभाग के एमबीबीएस चिकित्सकों को पीजी कराने की योजना लागू की थी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में एक साल सेवाएं देने वाले डॉक्टर को 10 प्रतिशत, दो साल वालों को 20 प्रतिशत और तीन साल सेवाएं देने वालों को अधिकतम 30 प्रतिशत अंक की सुविधा प्रदान की गई थी।

नीट पीजी उत्तीर्ण करने वाले विभाग के दर्जनों डॉक्टर अंकों के आरक्षण का लाभ लेकर पीजी करने जा रहें हैं। किंतु पीजी (विशेषज्ञ बनने के बाद) करने के बाद इक्का-दुक्का डॉक्टर ही विभाग की सेवा में लौटते हैं। एक करोड़ जुर्माना या 10 साल सेवा का बांड भरने के बाद भी ज्यादातर चिकित्सक उच्च निजी संस्थान या विदेश में कॅरियर शुरू कर देते हैं।

दरअसल स्वास्थ्य विभाग के पास पीजी करने गए डॉक्टरों की उपलब्धता का कोई रिकार्ड ही नहीं है। इन डॉक्टरों की जानकारी के लिए एक पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल में कौन सा डॉक्टर किस विषय में और किस मेडिकल कॉलेज से पीजी करने गया है, इसका ब्योरा दर्ज है। प्रत्येक बैच के डॉक्टर का पीजी कोर्स पूरा होने के बाद विभाग को जानकारी मिल जाएगी। अब विशेषज्ञ बनने के बाद सभी डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग में ज्वाइनिंग देनी होगी।

इस संबंध में डॉ.राजा गणपति (निदेशक स्वास्थ्य विभाग) ने कहा कि साल 2021 से पीजी करने जाने वाले एमबीबीएस डॉक्टरों के हाईस्कूल, इंटर व एमबीबीएस के मूल अंक पत्र व प्रमाणपत्र आदि प्रपत्र विभाग में जमा करा लिए जाते हैं। ये प्रपत्र उन्हें बांड अवधि पूरा होने के बाद ही वापस किए जा रहे हैं। 2021 के बाद के डॉक्टर विभाग नहीं छोड़ सकेंगे। गत वर्ष 7 जून 2023 से एक पोर्टल बनाया गया है, जिस पर पीजी करने गए डॉक्टरों की पूरी कुंडली उपलब्ध है।

धनंजय सिंह के मामले में ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण, रंगदारी और आपराधिक साजिश के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व उनके सहयोगी विक्रम सिंह की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड तलब किए हैं, साथ ही राज्य सरकार को उक्त मामले पर आगामी 22 अप्रैल तक जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, उन्हें धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में पूर्व सांसद और उनके सहयोगी को जौनपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे वर्तमान अपील में चुनौती दी गई है। गत 10 मई 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि अभियुक्त जघन्य अपराधी है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 24 अप्रैल को सुनिश्चित की गई है।

रामनवमी को कुछ बड़ा होना था मैं उस मिशन का छोटा हिस्सा था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस की पूछताछ में आतंकी ने बताया मुझे मिशन की पूरी जानकारी नहीं

अमृत विचारः रामनवमी को लेकर बड़े आतंकी हमले की तैयारी थी। किस रूप में थी, क्या करना था? इसकी जानकारी पकड़े गए तीनों आतंकियों को नहीं है। हां मिशन रामनवमी से जरूर जुड़ा हुआ था। यह खुलासा एटीएस की पूछताछ के दौरान हुआ है। वहीं एटीएस सूत्रों के मुताबिक आतंकी अल्ताफ को 14 की उम्र में आतंकियों द्वारा कश्मीर से अपहरण करके पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद ले जाया गया था। उसे हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी कैंप में ट्रेनिंग दी गई थी। जब वह भारत वापस नहीं लौट सका तो मुजफ्फराबाद में चाय की दुकान खोलकर रोजी-रोटी कमाने लगा।

एटीएस की पूछताछ में अल्ताफ ने बताया कि वह सिर्फ एक छोटा सा कारिंदा है। उसे सिर्फ हैंडलर द्वारा निर्देश दिए जाते थे। मिशन की पूरी जानकारी नहीं दी जाती थी। एटीएस की पूछताछ में उसने बताया कि उसे पूर्ण जानकारी नहीं है कि उन्हें रामनवमी में क्या करना है। लेकिन यह भी सही है कि वहां पर कुछ बड़ा करने जा रहे थे। अल्ताफ, सैयद गजनफर और तीसरा नासिर अली की आर्थिक मदद के लिए हवाला के जरिए रकम मुहैया कराई जा रही थी। एटीएस द्वारा इनपुट दिए जाने के बार जम्मू-कश्मीर पुलिस वहां पर अल्ताफ द्वारा दिए गए ब्योरे के हिसाब से जांच में जुटी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस एटीएस को एक-एक लीड की सूचना भी दे रही है। गौरतलब हो कि एटीएस ने तीन अप्रैल को भारत-नेपाल सीमा के पास फरेंदा नामक गांव से तीनों आतंकियों को गिरफ्तार किया था। तीनों के पास से आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, और कश्मीर के बैंकों के एटीएम भी बरामद हुए थे। अल्ताफ के पास से एयरटेल का सिम, पाकिस्तानी पहचान पत्र, भारतीय आधार कार्ड, 2029 की समय-सीमा तक वैध पाकिस्तानी पासपोर्ट सहित अन्य कई वस्तुएं बरामद हुईं थीं।

सार-संक्षेप

भारत में निर्मित विदेशी शराब कर योग्य सूची में नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल प्रवेश अधिनियम, 2007 के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब को कर योग्य वस्तुओं की नई अनुसूची में नहीं रखा गया है, इसलिए अधिकारियों के पास इस पर कर लगाने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के खिलाफ अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को रद्द करते हुए दिया, साथ ही संबंधित प्राधिकारी को याची को सुनवाई का अवसर प्रदान करने तथा अधिनियम, 2007 के तहत कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में शामिल वस्तुओं पर विचार करते हुए एक तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि 2007 के अंतर्गत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अधिनियम, 2007 के तहत अंतिम मूल्यांकन आदेश 30 मार्च 2008 को पारित किया गया था ।उक्त अधिनियम के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कोई कर नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि यह कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में नहीं रखी गई है।

अनुदानित विद्यालयों के छात्रों को मिलेगी ड्रेस

लखनऊ, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित अनुदानित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अभी तक ड्रेस नहीं मिल सकी है। 15 दिन के भीतर छात्रों को स्कूल ड्रेस मिलने की उम्मीद है। बता दें कि प्रदेश में 144 अनुदानित विद्यालयों का संचालन समाज कल्याण विभाग करता है। विद्यालय में लगभग 14 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस देने का मामला उच्च न्यायालय पहुंचा था। न्यायालय ने ड्रेस की सुविधा देने के विषय में चार सप्ताह में निर्णय लेने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिवों का हलफनामा भी तलब किया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालय के अध्यापकों को वेतन समाज कल्याण विभाग की ओर से दिया जाता है। जबकि ड्रेस बेसिक शिक्षा विभाग को देनी है। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं शीघ्र ड्रेस दी जाएगी।

323.33 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

लखनऊ, अमृत विचार : चुनाव आचार संहिता के तहत हो रही कार्रवाई के तहत 323 .33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते दिन 323 .33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 77,37,344 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 46,74,954 व निजी स्थानों से 30,62,390 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 5,00,283, पोस्टर के 21,94,185, बैनर के 13,39,062 व अन्य 6,41,424 मामलों में कार्रवाई की गई। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1087 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2006 मामलों में कार्रवाई की गई।

धर्मपाल की बिजनौर में संगठनात्मक बैठक आज

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मंगलवार बिजनौर भाजपा जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे से विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे। जबकि मंत्री सोमेन्द्र तोमर सहारनपुर में दोपहर 12 बजे विभिन्न एनजीओ समूहों की बैठक को सम्बोधित करेंगे। राज्यसभा सदस्य बाबू राम निषाद मंगलवार को मुरादाबाद के सरस्वती विद्या मंदिर ठाकुरद्वारा में दोपहर एक बजे पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

दरोगा को सड़क पर गिराकर युवकों ने लात-घूसों से पीटा

वाराणसी, एजेंसीः

- चेकिंग के लिए बाइक रोकी तो नाराज हुए युवक

वाराणसी के गोदौलिया चौराहे पर बिना नंबर प्लेट की एक बाइक के बारे में पूछने पर गले में भगवा गमछा डाले अराजकतत्वों ने दशाश्वमेध थाने के एक दरोगा के साथ गालीगलौज और मारपीट की। साथ ही उनका बैच और स्टार नोच कर सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही दरोगा को बाद में देख लेने की धमकी दी।

फतेहपुर के बावन, गाजीपुर के मूल निवासी दरोगा आनंद प्रकाश की तहरीर पर सोमवार को दशाश्वमेध थाने में नितिश सिंह, नितेश नरसिंघानी, राहुल सिंह, सन्नी गुप्ता, गप्पू सिंह और 15 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसी कैमरों की फुटेज और घटना के दौरान के वीडियो की मदद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं दरोगा आनंद प्रकाश ने बताया कि रविवार रात गोदौलिया चौराहे पर चेकिंग के दौरान बाइक के पेपर मांगने पर नाराज युवकों ने अभद्रता की।

जब हुई शिकायत तब मिला पेंशन का लाभ

लखनऊ, अमृत विचार : झांसी में वृद्धावस्था पेंशन के लाभ से वंचित पात्र बुजुर्गों को शिकायत के बाद योजना का लाभ मिल सका। दो सौ में से 116 को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। झांसी के आठ गांव के दो सौ बुजुर्गों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा था। पेंशन न मिलने का मामला झांसी के स्थानीय विधायक के संज्ञान में आया। विधायक ने जानकारी समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को दी।

केशव को अखिलेश ने कहा- गुंडा, तो अफजाल ने माफिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर सपा मुखिया के बाद माफिया मुख्तार अंसारी के सांसद भाई अफजाल अंसारी ने हमला बोला। अखिलेश यादव की माफिया से रिश्तेदारी के बयान पर अफजाल अंसारी ने कहा कि केशव प्रसाद खुद माफिया हैं। उन पर 16 मुकदमें हैं और 302 के भी मुल्जिम हैं।

उपमुख्यमंत्री ने माफिया मुख्तार अंसारी के घर शोक मनाने गए सपा मुखिया पर तंज कसा था कि अखिलेश की माफिया से रिश्तेदारी है, वह रिश्तेदारी निभाएं। हमारी माफिया से दुश्मनी है, हम दुश्मनी निभाएंगे। हम माफिया और अपराधी पर कानून के हिसाब से कार्रवाई करते रहेंगे। इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जवाबी हमला बोलते हुए कहा कि केशव प्रसाद मौर्य से बड़ा गुंडा कौन हो सकता है, आप अगर गुंडे की तस्वीर देखोगे, तो उनकी भी लगा दो एक तस्वीर। इस वक्त लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। इस देश के लोग सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे। मुख्तार अंसारी को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जो छवि पेश की गई है वो असली नहीं है।

अखिलेश का वर्तमान और भविष्य अंधकार में : मौर्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें सबसे गुंडा कहने के सपा मुखिया के बयान पर जवाब दिया कि अखिलेश यादव बहुत तनाव में हैं। चुनाव हार रहे हैं, सपा का खाता खुलने वाला नहीं है, उनका वर्तमान और भविष्य दोनों अंधकार में है। तनाव में मेरे खिलाफ बयानबाजी ऐसी करते हैं, उनके गुंडे और बड़े-बड़े अपराधी जेल जा चुके हैं। गुंडों के बल पर बूथ कब्जा नहीं कर सकते, तो सपा जीत नहीं सकती। सपा, बसपा और कांग्रेस का सफाया हो रहा है।

विद्यालय संचालक से 50 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

रामनगर, बाराबंकी

- पैरा मेडिकल कोर्स कराने का झांसा देकर आगरा की संस्था ने ली थी रकम

अमृत विचार : पैरामेडिकल कोर्स कराने का झांसा देकर एक विद्यालय संचालक से रजिस्ट्रेशन व छात्रों की फीस के करीब 50 लाख रुपए ठग लिए गए। कस्बा निवासी विद्यालय संचालक ने ठगी करने वाले संस्था के सचिव सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। न्यायालय के आदेश पर रामनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

यहां के निवासी प्रमोद उपाध्याय सरस्वती शिक्षा मंदिर विद्यालय के संचालक/प्रबंधक हैं। उनका आरोप है कि पंकज पोरवाल सचिव अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन एवं इंद्र पोरवाल प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन निवासी 15 गणेश नगर सुचेता शाहगंज आगरा एवं दो अज्ञात व्यक्ति सहित कुल चार लोग उनके विद्यालय में आए। उन लोगों ने कहा कि वे लोग संस्था चलाते हैं। आयुष पैरामेडिकल काउंसिलिंग ऑफ इंडिया से रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रदेश में हमारी कई संस्था संचालित हैं। उनमें करीब पांच हजार से अधिक छात्र हैं। आप फ्रेंचाइजी ले लीजिए और पैरामेडिकल से संबंधित कोर्स चलाइए। 10 लाख रुपए सिक्योरिटी के रूप में देना होगा। उन्होंने 15 अक्टूबर 2020 को 10 लाख रुपए देकर संस्था में रजिस्ट्रेशन करवा लिया। उन लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी जारी किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने विद्यालय में पैरामेडिकल कोर्स हेतु प्रवेश शुरू कर दिया।

सरकार के खजाने में राज्य कर का योगदान एक लाख 10 हजार करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व में सबसे बड़ा योगदान राज्य कर विभाग का है। वित्तीय वर्ष के समापन के यह आकड़ा सामने आया। कुल 1,10,345.96 करोड़ की राजस्व प्राप्ति अकेले राज्य कर विभाग से हुई है। राजस्व की इस राशि में जीएसटी से 75,157.85 करोड़, जीएसटी प्रतिपूर्ति से 4070.32 करोड़ वैट से 31,113.97 करोड़ की प्राप्त राशि निहित है।

राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती एस ने बताया कि गत वर्ष जीएसटी प्रतिपूर्ति के मद में उत्तर प्रदेश राज्य को 11,290.98 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी। वर्ष 2023-24 में इस मद में पूर्व की अवशेष देयता के रूप में 4070.32 करोड़ की ही राशि प्राप्त हुई है, इस प्रकार राज्य पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 7220.66 करोड़ की राशि कम प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा अनसेटल्ड आईजीएसटी का राज्यों के मध्य वितरण एक पूर्व निश्चित अनुपात में किया जाता रहा है।

अयोध्या व गंगासागर की यात्रा 25 से

लखनऊ, अमृत विचार : आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा 25 अप्रैल से कराएगा। इसमें बैद्यनाथ, गया, पुरी, कोणार्क, गंगासागर, कोलकाता, वाराणसी और अयोध्या की यात्रा शामिल है। यात्रा पैकेज में विष्णुपद मंदिर, स्थानिय मंदिर गया, जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क मंदिर, गंगा सागर, काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी, रामजन्मभूमि और अयोध्या के विभिन्न मंदिरों की यात्रा कराएगा।

चुनाव जीतने के लिए राहुल ने ली पीएफआई की मदद : स्मृति ईरानी

सलोन, रायबरेली

- सांसद बोलीं-रंग बदलते देखा है लेकिन परिवार बदलते पहली बार देख रही हूं

एक महिला से बातचीत करतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सांसद स्मृति ईरानी ने सोमवार को पूर्व सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। स्मृति ईरानी ने कहा कि वायनाड में राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए पीएफआई का समर्थन लिया है। जो हिंदुओं को मारने के लिए लिस्ट बनाता है। ऐसे संगठन की मदद से राहुल गांधी चुनाव क्यों लड़ना चाहते हैं। स्मृति ईरानी सलोन विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं संग बैठक करने पहुंची थीं।

स्मृति बोलीं कि चुनाव हारे और डरकर भागने वाले का नाम राहुल गांधी है। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ेंगे तो जनता को क्या जवाब देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजा है। गांधी परिवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ है तो जो ये 19 लाख नागरिकों को मुफ्त राशन मिल रहा है। कांग्रेस अमेठी को अपना परिवार कहती थी। अगर परिवार था तो परिवार कौन बदलता है, परिवार छोड़कर कौन भागता है। इस मौके पर विधायक अशोक कोरी, मंडल अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-34

बाएं से दाएं

2.1. प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ 2. इच्छा, कामना 3. अभिप्राय 4. याद, स्मृति।

3.1. पैर रखने की छोटी चौकी 2. तकिया।

5. पीने वाले जल को ठंडा रखने के लिए मिट्टी का बनाया हुआ संकरी एवं लंबी गरदन वाला घड़ा।

6.1. गड़गड़ाहट 2. गर्जना 3. धुंधलापन 4. अंधेरा।

9.1. गोंद 2. लसदार या चिपकने वाला पदार्थ 3. लोपन 4. किसी को फंसाने का साधन।

11. अन्न पीसने वाली स्त्री, जीविकोपार्जन हेतु अन्न पीसने का पेशा करने वाली स्त्री।

ऊपर से नीचे

1.1. बिना रोक-टोक के, बेहिसाब, विवेकहीन होकर 2. लगातार, बेतहाशा

4.1. प्रवाही, बहने वाला 2. वहन करने वाला, ढोने वाला।

5.1. (पुराण) एक राक्षसी जो सांपों की माता मानी गई है 2. महाशतावरी नामक औषधि 3. सौंफ 4. (संगीत) एक रागिनी 5. एक नदी।

7. काला होने का भाव।

8. एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जिसका गूदा बहुत मुलायम और मीठा होता है

10. सिलवट; सिकुड़न।



वर्ग पहेली -33 का हल



सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			5	1		4		
		7			2			
				4	9			1
	6					8		
5		2						7
		8	4	7			6	
9				5				
			9		7	5		
		3		6	4			

सुडोकू -112 का हल

4	7	8	1	2	5	6	3	9
3	1	2	7	6	9	8	5	4
9	6	5	4	8	3	1	7	2
8	4	7	9	3	1	2	6	5
5	2	1	8	7	6	4	9	3
6	9	3	2	5	4	7	1	8
1	5	4	6	9	2	3	8	7
7	3	6	5	4	8	9	2	1
2	8	9	3	1	7	5	4	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- प्रतिपदा 20 .30 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवमी 07 .32 तक तत्पश्चात अश्विनी 10 अप्रैल 05 .06 तक।

मेष — आज कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की प्रबल संभावना है। आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे। नए प्रेम संबंधों को लेकर उत्साहित रहेंगे। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है। गुरु तुल्य व्यक्ति से आशीर्वाद प्राप्त होगा।

वृष — आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। मीडिया से जुड़े लोगों के ऊपर कठिन कार्यों का दायित्व आ सकता है। क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें।

मिथुन — आज कोई बड़ा व्यापारिक अनुबंध होने की संभावना बन रही है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। ऑफिस का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप व्यस्त रहेंगे।

कर्क — आज सिर में भारीपन महसूस हो तो चिकित्सक से परामर्श लेने में संकोच न करें। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दांव पर न लगाएं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

सिंह — आज आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। व्यापार में धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। पैतृक संपदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

कन्या — आज सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। उच्च अधिकारी आपको काफी सम्मान देंगे। भूमि और सम्पत्ति में आप निवेश कर सकते हैं। व्यापार में कई परेशानियां सामने आ सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

तुला — आज परिवार में सुख-शान्ति और स्थिरता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं। किसी मित्र से आपको उत्तम सलाह मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। कारोबार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका अनादर करेंगे। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवहार में संयम और सावधानी रखें। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।

धनु — आज घर में स्वादिष्ट भोजन बन सकता है। व्यापार को लेकर बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आपकी इच्छा शक्ति और आत्मबल में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। जमीन से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा।

मकर — आज परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। घर में मांगलिक उत्सव को लेकर ख़रीदारी कर सकते हैं। शरीर में गर्मी के कारण एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।

कुंभ — आज धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसन्द करेंगे। नए व्यवसाय को शुरू करने की योजना बना सकते हैं। मित्रों के माध्यम से शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। गुरुतुल्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

मीन — आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। पिता का सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त होगा। घर में आपका मन नहीं लगेगा। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। आज किसी से धन उधार न लें। खानपान में शुद्धि का ध्यान रखें।

आज की फिल्में

मैं तेरा दुश्मन — सुबह : 10 .44	द मास्क — सुबह : 11 .45
प्रेम दीवाने — शाम : 05 .41	रश आर 3 — रात : 09 .00
सूर्या एस 3 — सुबह : 10 .56	प्यासा सावन — सुबह : 11 .40
रुस्तम — रात : 08 .00	हीरोपंती 2 — रात : 09 .05
	लाल रंग — सुबह : 09 .30
	बधाई हो — रात : 09 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 09 .05 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पति- सुनो मुझे अलादीन का चिराग मिला है।
पत्नी- वाह आपने उससे क्या मांगा?
पति- मैंने कहा कि वह तुम्हारे दिमाग को 10 गुना और बढ़ा दे।
पत्नी- तो क्या उसने ऐसा कर दिया?
पति- वह हंसने लगा और बोला शून्य को किसी से भी गुणा कर दो वह शून्य ही रहता है।
अलादीन और पति दोनों गायब हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	74,742.50	22,666.30
चढ़ा	494.28	152.60
प्रतिशत में	0.67%	0.68%

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1880, राज श्री 1340, फॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1450, सचिन 1610, सूरज 1475, अवसर 1675, राग गोल्ड 1700, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1745, स्वास्तिक 1850। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900, रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	83800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	82500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	87500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72900
सोना गिन्नी (प्रति नग)	54300-54500
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	71,650
सोना रवा	71,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	80,300
चांदी (999)	80,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	71500
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	70500
सिल्वर (पक्की)	800 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,350
चांदी आभूषण	80,000

350 रुपये की उछाल के साथ रिकॉर्ड स्तर पर चमका सोना

2024 में अबतक सोने की कीमत 71 हजार के पार, 7,700 रुपये चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

बहुमूल्य धातुओं की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग बढ़ने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, 2024 में अबतक सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढ़त है।

चांदी की कीमत में भी 800 रुपये की उछाल

सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी ऊंचाई पर बंद हुई।

बीएसई और एनएसई 20 मई को रहेंगे बंद

नई दिल्ली। प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुंबई में 20 मई को होने वाले आम चुनाव के दिन कोई कारोबार नहीं होगा।

दोनों प्रमुख शेयर बाजारों ने उस दिन कारोबारी अवकाश की घोषणा की है। बीएसई और एनएसई ने सोमवार को कहा कि इक्विटी, शेयर वायदा एवं विकल्प तथा एसएलबी यानी प्रतिभूति उधार देने या लेने वाले खंड में कारोबार नहीं होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्र में कहा कि मुंबई में 20 मई सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीएसई और एनएसई 20 मई को बंद रहेंगे। इसके अलावा, शेयर बाजार ईद-उल-फितर (ईद) और राम नवमी के अवसर पर क्रमशः 11 अप्रैल और 17 अप्रैल को बंद रहेंगे। इसके साथ एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर कारोबारी अवकाश रहेगा।

वित्तीय वर्ष में मोटर वाहन की बिक्री में 10 % की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में यात्री वाहन, तिपहिया वाहन और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री के दम पर मोटर वाहन खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2023-24 में दोहरे अंक की वृद्धि देखी गई। डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,45,30,334 इकाई हो गई, जबकि 2022-23 में यह 2,22,41,361 इकाई थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र ने दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन (पीवी), ट्रैक्टर तथा वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के दम पर विभिन्न खंड में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि खासकर यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों की पिछले वर्ष रिकॉर्ड बिक्री हुई। वहीं मार्च में कुल पंजीकरण सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,27,177 इकाई रहा। मार्च 2023 में 3.43 लाख इकाइयों की तुलना में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत घटकर 3,22,345 रही। हालांकि, पिछले महीने दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 15,29,875 इकाई हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 14,50,913 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,05,222 इकाई हो गई।

ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स का चौथी तिमाही में चार गुना मुनाफा

नई दिल्ली। ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 41.62 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 9.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय पिछले साल की समान तिमाही के 439.50 करोड़ रुपये से बढ़कर 514 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 का मुनाफा 47.01 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 42.35 करोड़ रुपये था। कुल आय 1,404.66 करोड़ रुपये से घटकर 1,300.50 करोड़ रुपये हो गई।इस बीच, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आठ अप्रैल, 2024 को हुई बैठक में सभी मौजूदा शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 20 पैसे का लाभांश देने की सिफारिश की है।

इस हफ्ते महंगाई और कंपनियों की आय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी जारी रहने के आसार हैं। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के नतीजे, अमेरिका और भारत में रिटेल महंगाई के आंकड़े और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पिछली बैठक का ब्योरा बाजार की दिशा तय करेंगे। अप्रैल के पहले हफ्ते घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सेंसेक्स निफ्टी अंततः बढ़त पर बंद होने में कामयाब रहे। बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 ने 22,619 का ऑलटाइम हाई बनाया एक फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ।

अपनी ईवी में भारतीय बैटरी का उपयोग करेंगी हुंडई और किआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से हुआ समझौता

दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी और किआ कॉर्पोरेशन ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के स्थानीयकरण के लिए घरेलू बैटरी निर्माता एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। हुंडई मोटर समूह ने कहा, हुंडई मोटर कंपनी और समूह की कंपनी किआ कॉर्पोरेशन ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विस्तार योजनाओं के तहत प्रमुख भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हुंडई मोटर और किआ के अध्यक्ष एवं प्रमुख ह्युई वोन यांग ने कहा कि सरकार के कार्बन तटस्थता लक्ष्यों के कारण भारत वाहन विद्युतीकरण के लिए एक प्रमुख बाजार है, जो स्थानीयकृत बैटरी उत्पादन के जरिए लागत प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल करना महत्वपूर्ण बनाता है। बता दें, हुंडई मोटर इंडिया अपना हाई-वॉल्यूम ईवी मॉडल पेश की घोषणा पहले ही हो चुकी है।



राष्ट्रीय

हमने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म किया : प्रधानमंत्री मोदी

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद से दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया और कभी उनका दर्द नहीं समझा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी लेकिन उन्होंने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे अमाबाल गांव में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों की जरूरतों और आजादी के बाद दशकों तक उनके दर्द को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

पिछले वर्ष राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में यह मोदी की पहली जनसभा थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी, भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब का होता है। भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था।

यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है।

मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस खत्म कर दिया।

भ्रष्टाचार पर की चोट तो दे रहे सिर फोड़ने की धमकी

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। राज्य के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच चल रही है, इसलिए अब नाराज होकर वे लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

आंध्र प्रदेश में पुलिस की तलाशी में हाथ लगा 16 किग्रा सोना

कालापरु (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने सोमवार को एलुरु जिले के कालापरु 'टोल गेट' पर वाहनों की तलाशी के दौरान 16 किलोग्राम सोना और 31 किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन व्यक्ति सोने और चांदी के आभूषणों की इस खेप को विजयवाड़ा से कोनसीमा जिले के अमलापुरम ले जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया, अधिकारियों ने सोने-चांदी से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया, जो संतोषजनक नहीं पाया गया। उन्होंने खेप ले जा रहे व्यक्तियों से आगे के सत्यापन के लिए और दस्तावेज पेश करने को कहा। इस बीच, अधिकारियों ने आगे की पूछताछ और प्रक्रियाओं के लिए आभूषणों को एलुरु समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) में स्थानीय खजाना कार्यालय में भेज दिया। गहनों के अलावा, पुलिस ने हनुमान जंक्शन से एलुरु जा रहे एक अलग दल से 15 लाख रुपये नकद भी जब्त किए। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 13 मई को होने हैं जबकि मतगणना चार जून को होगी।

मोदी के राजनीतिक पूर्वज थे मुस्लिम लीग समर्थक

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले पर पलटवार किया है। खरगे ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री के वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में कांग्रेस के घोषणापत्र पर अरोप लगाते हुए टिप्पणी की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी सभा में तीखा हमला करते हुए कहा था, कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है। वहीं खरगे ने पलटवार करते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतियों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। आज भी वो आम भारतीय नागरिकों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस के 'न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, महात्मा गांधी के आह्वान व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने दशक में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत में अपनी सरकार बनाई।

देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा : नड्डा

नई दिल्ली। भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का एजेंडा करार दिया है। उन्होंने, सोमवार को कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस जिस तरह से बहुसंख्यकों के खिलाफ साजिश और राजनीति कर रही है, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा है, इसके बावजूद पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमादा है और बाज नहीं आ रही है। आगे बोले- मैंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र है या मुस्लिम लीग का है? देश को बांटने और सत्ता हथियाने के लिए कहां तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

सिविल सेवा प्री परीक्षा को इंफाल की जगह चुन सकते हैं अन्य केंद्र

नई दिल्ली। यूपीएससी ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने इस साल की सिविल सेवा प्री परीक्षा के लिए मणिपुर के इंफाल की जगह अन्य केंद्र चुन सकते हैं। परीक्षा इस साल 16 जून को होगी। यूपीएससी ने फैसला किया है कि जिन्होंने इंफाल चुना है, वह 80 अधिसूचित में से कोई भी केंद्र चुन सकते हैं। यूपीएससी की यह घोषणा दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आई है। आयोग ने कहा कि केंद्र बदलने का विकल्प यूपीएससी की वेबसाइट पर आठ अप्रैल से 19 अप्रैल तक रहेगा। उम्मीदवार सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच अनुरोध भेज सकते हैं।

हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ संजय सिंह की याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने आप के नेता संजय सिंह की गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को रद कर दी, जिसमें की शैक्षणिक योग्यता पर टिप्पणी के लिए मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में पहले ही कहा है कि पक्षों के लिए उपलब्ध सभी दलीलें खुली हैं और निचली अदालत के न्यायाधीश आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होंगे।

एनआईए ने टीएमसी के 3 नेताओं को जारी किया समन

कोलकाता। एनआईए ने भूपतिनगर विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए टीएमसी के तीन नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने टीएमसी के तीनों नेताओं को पेश होने को कहा है। टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को सोमवार को यहां एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। पिछले हफ्ते भी जांच एजेंसी ने तीनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीएमसी के गिरफ्तार किए गए दो नेता हमारे अधिकारियों के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

जश्न का जुलूस

नागपुर : महाराष्ट्र में लोग गुड़ी पड़वा को बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं, जिसे संवत्सर पड़वो से जाना जाता है, पर्व की पूर्व संध्या पर पारंपरिक पोशाक पहनकर जुलूस में भाग लेतीं मराठी महिलाएं। ● एजेंसी

त्वरित कार्रवाई सूखा प्रबंधन को लेकर कर्नाटक सरकार की याचिका पर की सुनवाई

जल संकट पर शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सूखा राहत फंड जारी ना करने को लेकर केंद्र और कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होनी चाहिए। इस मामले में कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

पीठ कर्नाटक सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें राज्य सरकार ने आरोप लगाया गया था कि केंद्र सरकार कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए राज्य को वित्तीय सहायता नहीं दे रही है। कोर्ट ने मामले को दो सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए पोस्ट किया गया है। केंद्र की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरामनी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश मांगेंगे। पीठ ने कहा, "हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। वकील डीएल चिदानंद के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि खरीफ 2023 सीज़न के लिए संचयी रूप से, 48 लाख हेक्टेयर से अधिक में कृषि और बागवानी फसल के नुकसान की सूचना मिली है, जिसमें 35,162 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान है। वहीं, इसमें कहा गया है कि एनडीआरएफ के तहत भारत सरकार से 18,171.44 करोड़ मांगे है।

हर यूट्यूबर को जेल में नहीं रख सकते, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक यूट्यूबर की जमानत बहाल करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को जेल में नहीं डाला जा सकता है। यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा,अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोग जेल में होंगे? पीठ ने आरोपी ए. दुरइमुरुगन सत्तई की जमानत रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया।

शराब घोटाला: आईएएस अधिकारी और बेटे के खिलाफ ईडी का मामला रद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया। कोर्ट ने कहा-अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद करते हुए कहा-दोनों पर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन में कोई मामला बनता है। पीठ ने कहा, यदि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है, तो अपराध का मामला नहीं बनता है।

उपराज्यपाल की बैठक से दूर रहे मंत्री, गृह मंत्रालय को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनी हुई सरकार दिल्ली की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं

उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक पत्र लिखकर दिल्ली सरकार की शिकायत की। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद गृह मंत्रालय को भेजी गई यह दूसरी शिकायत है। इसमें कहा गया है कि चुनी हुई सरकार दिल्ली की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि, मंत्री बुलाने पर भी समस्याओं को दूर करने के लिए बैठक में नहीं आ रहे हैं। बैठक नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सुविधा, पानी की उपलब्धता के लिए ग्रीष्मकालीन कार्य योजना, शिक्षा, परिवहन, पर्यावरण सहित अन्य मुद्दों पर समस्या बनी हुई है। एलजी कार्यालय ने मंत्री को 29 मार्च और दो अप्रैल को बुलाया था, लेकिन मंत्री बैठक में नहीं आए। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत और आतिशी ने भी बैठक से दूरी बनाई। उपराज्यपाल के प्रधान सचिव के अपने पत्र में लिखा कि मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की समस्याओं को दूर करने में बाधा न आए, लेकिन मंत्रियों ने बैठक की अनदेखी करी। इन बैठक में शामिल नहीं होने का तर्क अस्पष्ट है। यह दिल्ली के नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाले मामलों के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। पत्र में ने चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय व डॉ. हेडगेवार आरोग्य संस्थान में बुनियादी चिकित्सा आपूर्ति की गंभीर कमी पर प्रकाश डाला था।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
साई सुदर्शन (जीटी)	05	191
रियान पराग (आरआर)	04	185

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	04	09
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
गेराल्ड कोएत्जे (एमआई)	04	07

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	04	03	01	00	06	+1.528
लखनऊ सुपर जायंट्स	04	03	01	00	06	+0.775
चेन्नई सुपरकिंग्स	05	03	02	00	06	+0.666
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	05	02	03	00	04	-0.797
मुंबई इंडियंस	04	01	03	00	02	-0.704
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	05	01	04	00	02	-1.370

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी।

सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है। पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

जडेजा-देशपांडे और मुस्तफिजुर का जलवा, केकेआर को 7 विकेट से रौंदा

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34, सुनील नरेन ने 27 और अंगकृष रघुवंशी ने 24 रन बनाए

सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 67 रनों की बेहतरीन पारी खेली

रवींद्र जडेजा

चेन्नई, एजेंसी

रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 67 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 14 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है।

चेन्नई ने 138 रनों के छोटे लक्ष्य को धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी के जरिए चेज करने का प्रयास किया, लेकिन चौथे ओवर में वैभव ने चक्रवर्ती के हाथों रचिन रविंद्र 15 रन पर कैच आउट कर चेन्नई को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और डेरिल मिचेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़ते हुए टीम को जीत की दहलीज की ओर धकेला। इसी दौरान 13वें ओवर में डेरिल मिचेल 25 रन बनाकर आउट हो गये। उन्हें सुनील नरेन ने बोल्ड किया। गायकवाड़ ने 58 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 67 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने आखिरी ओवरों में 18 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 28 रन बनाये। चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। गायकवाड़ ने चौका मार कर टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है। वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिये और सुनील नारायण ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कोलकाता ने कप्तान श्रेयस अय्यर और 34 रन, सुनील नारायण 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य दिया था। सोमवार को एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।



तुषार देशपांडे

कोलकाता 137/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे	00	01	0/0
सुनील नरेन का तीक्षणा बो जडेजा	27	20	3/2
अंगकृष रघुवंशी पगबाधा जडेजा	24	18	3/1
श्रेयस अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर	34	32	3/0
वेंकटेश अय्यर का मिचेल बो जडेजा	03	08	0/0
रमनदीप सिंह बो तीक्षणा	13	12	0/1
रिंकू सिंह बो देशपांडे	09	14	0/0
आंद्रे रसेल का मिचेल बो देशपांडे	10	10	2/0
अनुकूल रॉय नाबाद	03	03	0/0
मिचेल स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर	00	03	0/0
वैभव अरोड़ा नाबाद	01	01	0/0

गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0

चेन्नई 141/3

17.4 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रचिन रविंद्र का चक्रवर्ती बो अरोड़ा	15	08	3/0
ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद	67	58	9/0
डेरिल मिचेल बो नारायण	25	19	1/1
शिवम दुबे बो अरोड़ा	28	18	1/3
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	01	03	0/0

गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0

खेल डायरी

भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब

सेन एंटोनियो (अमेरिका)। भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे थे।

गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका

टोरंटो। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा।

अमेरिका ने पहले टी-20 में कनाडा को हराया

ह्यूस्टन। कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। अमेरिका ने 133 रनों के लक्ष्य को 17.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेरिका के स्टीवन टेलर ने 22 रन बनाये। कप्तान मोनांक पटेल ने 34 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा एंड्रीस गौस ने भी 35 गेंद पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये। एरोन जोन्स तीन रन बनाकर आउट हुये।

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच का निधन

लंदन। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, "हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया।" वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। टॉटनहम फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन का सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है।

सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया

मोंटे कार्लो। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी।

किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को मिली मान्यता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पंच और किक के समन्वय के साथ फुल कांटेक्ट फाइट के तौर पर प्रसिद्ध मार्शल आर्ट किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की लखनऊ में हुई वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का मान्यता पत्र प्रदान किया।

किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मान्यता के प्रपत्र सौंपते उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव।

इस बैठक में अरविंद शेरवालिया को महासचिव और सुशील कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में उपाध्यक्ष पद पर डा. संदीप चौधरी, मुख्य सलाहकार सतीश कुमार, सहसचिव अभिषेक मौर्या व निलेश यादव चुने गए। इसके अलावा एडमिन सेक्रेटरी आदित्य मकोरवाल व तातामी हेड सोनू सैनी बनाए गए। लखनऊ से आकाश मौर्य, बनारस से संतोष राइ, कानपुर से शहबे आलम, गाजीपुर से अब्दुल सलाम, रामपुर से प्रेम सिंह, अलीगढ़ से कुलदीप कुमार सहित अन्य जिलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय बताया कि किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश वर्तमान में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संघ है, जिसे भारत सरकार के खेल मंत्रालय से इस खेल के शासी निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। इसके साथ ही वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन (वाको) से भी मान्यता प्राप्त है और वाको अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से भी मान्यता मिली है।

दिल्ली की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स

नयी दिल्ली, एजेंसी

अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है।

विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी खेला था। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

बॉलीवुड हलचल

अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन पर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर जारी

नयी दिल्ली, एजेंसी। ''पुष्पा 2 : द रूल'' फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर जारी किया। 'पुष्पा 2 : द रूल' का निर्देशन सुकुमार ने किया है। यह 'पुष्पा 1 : द राइज' का सीक्वल है जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था और मलयालम स्टार फहद फासिल एक पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में थे। प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर टीज़र साझा किया। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी। एक्स पर पोस्ट में कहा गया है, ''इसके आगमन का जश्न मनाएं। पुष्पा : 2 का टीजर रिलीज है। अभिनेता अल्लू अर्जुन को 42वें जन्मदिन की शुभकामनाएं।' अल्लू अर्जुन ने आधी रात को उनके हैदराबाद में स्थित घर के बाहर आए प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुष्पा : 2 के टीजर की तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मैं जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मेरा हृदय आभार से भरा है। कृपया मेरे धन्यवाद को इस टीजर के साथ स्वीकार करें।'

'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में दिखेंगे अनन्या- आदित्य

मुंबई, एजेंसी। अमेजन फैशन के नए कैम्पेन ''फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल'' में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर दिखायी देंगे। अमेजन फैशन ने अपने नए कैम्पेन, "फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल" को लांन्च करने की घोषणा की है। अमेजन के इस नए कैम्पेन में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ दिखाई देंगे। प्रज्ञा शर्मा, डायरेक्टर-कंज्यूमर मार्केटिंग, अमेजन इंडिया ने कहा, हम अपना नया कैम्पेन, ''फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल'' पेश करते हुए बहुत ही उत्साहित हैं। इस कैम्पेन का उद्देश्य अमेजन फैशन को फैशन के शौकीनों के लिए वन-स्टॉप ऑनलाइन डेस्टिनेशन बनाना है। कपड़ों, जूतों, घड़ियों, एक्सेसरीज़ आदि के विशाल संग्रह के साथ, अमेजन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों के सुझावों जैसे ''वियर इट विथ'' जैसे फीचर्स के साथ अपने लुक को आसानी से संवारने में मदद करता है। आसान रिटर्न, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज डिलीवरी जैसे खास फीचर्स के साथ, हम फैशन शॉपिंग के अनुभव को लगातार बेहतरीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।'' आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं जुनून की हद तक फैशन का शौकीन हूं, ऐसे में मैं हमेशा सुकून भरी स्टाइल की तलाश में रहा हूं। मैं अमेजन फैशन के नए कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेजन फैशन पर शॉपिंग करना बेहद आसान और सुविधाजनक है। यहां सन ग्लासेस, वॉचेज़, शूज़ के विशाल संग्रह के साथ हमेशा समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलती है। जिसके कारण शॉपिंग करते वक्त आपको अंदाजा नहीं लगाना पड़ता है। अमेजन की यह सुविधा मुझे अपनी वार्डरोब और भी स्टाइलिश बनाने में मदद करती है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे ऐसी स्टाइलिंग पसंद है, जिससे मुझे सुकून मिले, और साथ ही मैं आत्मविश्वास भी महसूस हो।

हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं रणबीर कपूर

मुंबई, एजेंसी। रॉकस्टार, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले कपूर खानदान के चश्मोचिराग बॉलीवुड के स्टार रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। वह बॉलीवुड की फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं। रणबीर का कहना है कि बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्में करने के बजाये भारतीय सिनेमा में योगदान देना चाहते हैं। रणबीर कपूर ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं बॉलीवुड में अपना नाम बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यदि आप सच में दुनिया भर में नाम कमाना चाहते हैं, तो आपको इसे अपने कल्चर और कैरेक्टर के साथ करना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

दक्षिण कोरिया ने दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह किया प्रक्षेपित

सोल। दक्षिण कोरिया ने अपना दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्पेसएक्स के एक लाइव फुटेज में दिखाया गया है कि दक्षिण कोरिया के स्वदेशी सैन्य जासूसी उपग्रह सहित 11 उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8:16 बजे रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रक्षेपण के लगभग 45 मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। दक्षिण कोरिया ने 2025 तक पांच सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है, जिसमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर से लैस दूसरा उपग्रह भी शामिल है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर से लैस पहला उपग्रह पिछले साल दिसंबर में प्रक्षेपित किया गया था।

45 मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में कर दिया गया स्थापित

11 उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 8:16 बजे हुआ रवाना

सेना को 'संयुक्त संस्कृति' विकसित करने की जरूरत : सीडीएस जनरल

नई दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को सशस्त्र बलों द्वारा एक 'संयुक्त कार्य संस्कृति' विकसित करने का आह्वान किया ताकि देश की समग्र युद्ध क्षमता को बढ़ाने वाली संरचनाएं बनाकर प्रत्येक सेना की क्षमताओं को एकीकृत किया जा सके।

जनरल चौहान तीनों सेनाओं के सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' को संबोधित कर रहे थे। इसमें तीनों सेनाओं- थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच 'संयुक्तता और एकीकरण' को आगे बढ़ाने के लिए नए विचारों, पहल और सुधारों पर मंथन किया गया। सीडीएस जनरल चौहान ने भारत की सेनाओं को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने के मद्देनजर पारंपरिक सैन्य अवधारणाओं को नया दृष्टिकोण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। अपनी तरह के इस पहले सम्मेलन में मुख्य रूप से थिएटर कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव करना है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने प्रत्येक सेना की विशिष्टता का सम्मान करते हुए सशस्त्र बलों के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और 'चिंतन' की शुरुआत की।

नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए भारत निभाएगा सलाहकार की भूमिका

मौसम की बेहतर समझ को दूसरों की मदद करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें।

आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा। भारत के प्रयास संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। महापात्र ने कहा कि भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की पहल के प्रथम चरण के तहत दुनिया भर में चिह्नित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद कर रहा है। आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है।

जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्थाओं को हो रहा है नुकसान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी पूर्वानुमान और चेतावनी से जुड़ी जानकारी मुहैया करेगा और संबंधित देशों के संचार मंत्रालयों को डेटा आदान प्रदान और चेतावनी की सूचना देने के लिए एक प्रणाली विकसित करने में मदद के वास्ते इसमें शामिल किया गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, 101 देशों (52 प्रतिशत) के पास अब पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों से पता चलता है कि 1970 से 2019 के बीच मौसम और जलवायु से संबंधित आपदाओं की संख्या पांच गुना तक बढ़ गई है। पानी से संबंधित आपदाएं विश्व स्तर पर सबसे आम हो गई हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों ने लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया।

एक नजर

पाक की सीनेट के सभापति का चुनाव आज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने सीनेट के सभापति और उपसभापति के चुनाव के लिए नौ अप्रैल को संसद के उच्च सदन का सत्र बुलाया है। सीनेट के शीर्ष पदों का चुनाव जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध के बावजूद कराया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार रात की गई घोषणा के मुताबिक, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सीनेट की बैठक मंगलवार को सुबह नौ बजे बुलाई है। सीनेट की रिक्त सीट पर उपचुनाव में जीते सदस्य शपथ लेंगे। पाकिस्तान की 96 सदस्य सीनेट के 85 सीनेटर शपथ लेंगे, क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा की 11 सीट के लिए चुनाव को टाल दिया है।

रूस में 10,400 घरों में भरा बाढ़ का पानी

मास्को। रूस के पश्चिमी साइबेरिया के वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक में बाढ़ में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति विभाग ने सोमवार को बताया कि ऑरेनबर्ग क्षेत्र के 6,100 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा, 33 हजार लोगों के लिए कुल 33 अस्थायी आवास केंद्र तैनात किए गए हैं। ऑरेनबर्ग क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 10 अप्रैल तक बाढ़ का स्तर बढ़ सकता है और यह स्तर 25 अप्रैल से पहले सामान्य होने की उम्मीद है।

गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध से ट्रंप का इनकार

न्यूयॉर्क (अमेरिका)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गर्भपात के मुद्दे पर उनके रुख को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बीच सोमवार को जारी एक वीडियो में गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से इनकार करते हुए कहा कि इसका निर्णय राज्यों पर छोड़ा जाना चाहिए। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' वेबसाइट पर पोस्ट वीडियो में कहा कि हर कोई कानूनी दृष्टिकोण से गर्भपात चाहता है, राज्य वोट या कानून या संभवत: दोनों के जरिए इसका पता लगाएंगे। वीडियो में यह नहीं बताया कि वह कितने सप्ताह की गर्भावस्था में गर्भपात पर रोक लगाने के पक्ष में हैं। उन्होंने गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से इनकार किया।

विधायक अंबा प्रसाद ईडी के सामने हुईं पेश

रांची। झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद कथित धनशोधन से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश हुईं। प्रसाद (36) यहां ढाई बजे ईडी कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि बरकागांव की विधायक प्रसाद को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज कराने के लिए चार अप्रैल को पेश होने को कहा गया था। लेकिन प्रसाद स्वास्थ्य मुद्दों का हवाला देकर पेश नहीं हुईं। उनके पिता एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने चार अप्रैल को कहा था कि प्रसाद ने ईडी से स्वास्थ्य के आधार पर समय मांगा है। साव कथित रंगदारी एवं जमीन हड़पने के मामलों की जांच में तीन और चार अप्रैल को ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए थे।

भाजपा विधायकों को विधानसभा से निकाला

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में हुई कथित अनियमितताओं के संबंध में सोमवार को चर्चा की मांग कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शल की मदद से दिल्ली विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया। भाजपा विधायक जल बोर्ड में हुई कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उनके अनुरोध को खारिज कर दिया और विपक्षी सदस्यों को बैठने के लिए कहा। जब भाजपा विधायक अड़े रहे तो गोयल ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया।

30.92 करोड़ के नकली नोट के साथ 5 दबोचे

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट के पास पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सोमवार को बताया कि नकली नोट का कारोबार चलाने वाला गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था और उन्हें विभिन्न कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कोष के तहत 40 लाख रुपये देने पर एक करोड़ रुपये दिलाने का वादा करता था। यह ठगी करने का नया तरीका है। जालसाजों के इस नेटवर्क ने कई ट्रस्ट से संपर्क किया।

अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने निकालीं रैलियां

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसए ने 'मोदी का परिवार मार्च' किया आयोजित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को मोदी का परिवार मार्च रैलियों का आयोजन किया गया था। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे। सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए। सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अबकी बार 400 पार की सामूहिक आकांक्षा को प्रदर्शित किया। कहा गया है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी मोदी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।

अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने भारत में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में रैली निकालते ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के सदस्य और समर्थक। ● एजेंसी



पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने वाले को 80 कोड़ों की सजा

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में कराची की एक अदालत ने एक शख्स को अपनी पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने और अपने बच्चों को अस्वीकार करने के मामले में 80 कोड़े मारे जाने की दुर्लभ सजा सुनाई है। पाकिस्तान में आम तौर पर इस तरह की सजा नहीं दी जाती है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मालिर शेहनाज बोह्यो ने आरोपी फरीद कादिर को कम से कम 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई।

विवादास्पद निर्णय कज्फ अपराध (हद का प्रवर्तन) अध्यादेश, 1979 की धारा 7(1) के तहत लिया गया है, जिसमें जो कोई भी कज्फ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। न्यायाधीश ने अपने फैसले में लिखा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आरोपी झूठा है और उसने शिकायतकर्ता पर उसकी बेटी के नाजायज होने के संबंध में कज्फ का आरोप लगाया था। इस कारण उसे दोषी ठहराया जाता है और कज्फ अध्यादेश 1979 की धारा 7 (01) के तहत 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई जाती है। न्यायाधीश के फैसले में यह भी कहा गया कि आरोपी को केवल कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है, वह जमानत पर इस शर्त पर रहेगा कि वह कोड़े मारने की सजा दिए जाने के संबंध में इस अदालत द्वारा निर्दिष्ट समय और स्थान पर उपस्थित होने तथा एक लाख रुपये की जमानती बौंड जमा कराने के लिए सहमत हो।

70 के दशक में जिया उल हक के समय मिलती थी ऐसी सजा

क्या था पूरा मामला

फरीद कादिर (दोषी) की पूर्व पत्नी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी शादी फरवरी 2015 में हुई थी और वह कम से कम एक महीने तक फरीद के साथ रही थी। दिसंबर 2015 में फरीद की पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया। फरीद की पूर्व पत्नी ने कहा, मेरे पति गुजारा देने या यहां तक कि मुझे और हमारी नवजात बेटी को अपने घर वापस ले जाने तक नहीं आए। मैंने पारिवारिक अदालत में मामला दायर किया और आदेश मेरे पक्ष में आया। अदालत ने फरीद को बेटी और मेरे भरण-पोषण का इंतजाम करने का निर्देश दिया लेकिन मेरे पति ने अदालती कार्यवाही के दौरान अदालत में दो आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें बच्ची के लिए डीएनए परीक्षण और अपनी बेटी को अस्वीकार करने की मांग की गई। बाद में इन आवेदनों को फरीद ने वापस ले लिया। दूसरी ओर, आरोपी फरीद ने अपनी पूर्व पत्नी की ओर से लगाए गए आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने उसके साथ केवल छह घंटे बिताए थे। फरीद ने कहा कि मैं और मेरी पत्नी केवल छह घंटे साथ रहे। फिर वह घर चली गई और फिर कभी नहीं लौटी।

सेना को हमेशा ही रहना होगा तैयार : जनरल मनोज पांडे

वेलिंगटन डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित करते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सशस्त्र बल से 'ब्लैक स्वान' घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने का सोमवार को आह्वान किया और असमान्य घटना से आश्चर्यचकित नहीं होने को कहा। 'ब्लैक स्वान' घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली ऐसी घटनाएं हैं, जिनके बारे में सामान्य परिस्थितियों में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है।

जनरल पांडे ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया। वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन में, जनरल पांडे ने प्रौद्योगिकी के शस्त्रीकरण, विशेष रूप से सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक विभिन्न क्षेत्रों में इसके विस्तार को रेखांकित किया। जनरल पांडे ने खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने, नीतियां बनाने, तैयारी करने के लिए सेना के तीनों अंगों के बीच आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया।

आरएसएस के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है संगठन भाजपा ने की शिकायत

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं से जुड़ा एक संगठन लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दल के खिलाफ दुष्प्रचार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नाम का दुरुपयोग कर रहा है। पार्टी ने निर्वाचन आयोग में इसकी शिकायत करते हुए 'कड़ी कार्रवाई' की मांग की।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, मीडिया विभाग के सह प्रभारी संजय मयूख और ओम पाठक समेत पार्टी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से संपर्क किया और इस संबंध में एक शिकायत देकर इस 'फर्जी' संगठन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कांग्रेस को नोटिस जारी करने की मांग की। इस आरोप पर कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि संगठन भ्रम पैदा करने के लिए गैरकानूनी तरीके से आरएसएस के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है जबकि उच्चतम न्यायालय ने भी 1925 से पंजीकृत आरएसएस के नाम और शैली के तहत इस संगठन का पंजीकरण नहीं करने के सहायक सोसाइटी रजिस्ट्रार के फैसले को चुनौती देने वाली उस की याचिका को खारिज कर दिया है।

आधुनिक युग में भी हो रहे द्रौपदी के चीरहरण शर्मनाक : हाईकोर्ट

चंडीगढ़, एजेंसी

● पंजाब में महिला से अर्द्धनग्न परेड कराने के मामले पर अदालत ने लिया स्वत: संज्ञान

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस बर्बर और शर्मनाक घटना का स्वतः संज्ञान लिया जिसमें तरन तारन की एक महिला से उसके बेटे के ससुराल वालों ने मारपीट की और अर्द्धनग्न अवस्था में परेड कराई। अदालत ने कहा कि यह घटना महाभारत में कौरवों के कहने पर हुए 'द्रौपदी के चीरहरण' की याद दिलाती है।

यह मामला पंजाब के तरन तारन जिले का है जहां 55 वर्षीय महिला से उसके बेटे के ससुराल वालों ने पहले मारपीट की और फिर अर्द्धनग्न अवस्था में उसकी परेड कराई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला का बेटा एक लड़की के साथ भाग गया था और उसने लड़की के परिवार वालों की मर्जी के बगैर शादी कर ली थी। जिससे क्षुब्ध ससुराल वालों ने 31 मार्च को इस घटना को अंजाम दिया। न्यायमूर्ति संजय वशिष्ट ने मीडिया में आई खबरों के जरिए इस बर्बर और शर्मनाक घटना पर स्वतः संज्ञान लिया और मामले पर जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई करने का फैसला किया।

न्यायमूर्ति ने कहा कि मुझे महाभारत काल में घटी वह घटना याद आ रही है जब कौरवों के आदेश पर द्रौपदी का चीरहरण हुआ था और भीष्म पितामह सहित पांडवों की चुप्पी के परिणामस्वरूप अंततः महाभारत में हजारों लोगों का रक्तपात हुआ। इसके सदियों बाद, एक साधारण आदमी आज यह उम्मीद नहीं करता है कि 'न्याय प्रणाली' प्रशासन की नाक के नीचे घट रहीं ऐसी घटनाओं पर मूकदर्शक बनी रहेगी।

मालदीव की निलंबित मंत्री ने भारतीय ध्वज का उड़ाया मखौल

माले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने की वजह से इस साल जनवरी में निलंबित की गईं मालदीव की मंत्री मरियम शिउना ने अब भारत के राष्ट्रीय ध्वज का मखौल उड़ाया है और विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के खिलाफ एक पोस्टर में ध्वज के कुछ हिस्सों को शामिल किया है।

युवा मामलों की पूर्व उप मंत्री मरियम शिउना ने विवाद बढ़ने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट की सामग्री के लिए माफी मांगी है। उन्होंने लिखा, मैं अपनी हालिया पोस्ट के बारे में बात करना चाहती हूं जिसने ध्यान आकर्षित किया और आलोचना हुई। जिसके कारण हुए किसी भी भ्रम या अपराध के लिए पूरी गंभीरता से माफी मांगती हूं। यह मेरे संज्ञान में लाया गया है कि मालदीव की विपक्षी पार्टी एमडीपी के खिलाफ प्रतिक्रिया देने के दौरान इस्तेमाल की गई छवि भारतीय ध्वज से मिलती जुलती है।

पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी भीड़

मेस्क्वाइट (अमेरिका), एजेंसी

मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली खगोलीय घटना -पूर्ण सूर्य ग्रहण- का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने बादल छाए रहने की आशंका जाहिर की है।

वर्मोंट और मेन के साथ-साथ न्यू ब्रंसविक और न्यूफाउंडलैंड में ग्रहण के अंत में सबसे अच्छे मौसम की उम्मीद है। ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है। घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने रविवार को क्लीवलैंड के ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर में बताया, बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। कम से कम, बर्फबारी नहीं होगी।

डलास के बाहर एक ट्रेलर रिसॉर्ट में रह रहे गोथम (इंग्लैंड) के क्रिस लोमास ने कहा, यह सिर्फ अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने के बारे में है।" बदली छाई रहेगी या धूप खिलेगी इस अनिश्चितता ने रोमांच को और बढ़ा दिया है। पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब चार मिनट 28 सेकंड तक रहेगा। सात साल पहले अमेरिका के तटीय क्षेत्र में दिखे सूर्य ग्रहण के नजारे से इस बार यह लगभग दोगुना ज्यादा समय तक दिखेगा। अमेरिका में इस तरह का अगला सूर्यग्रहण इसके बाद करीब 21 साल बाद नजर आएगा।

मैक्सिको में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने के लिए दूरबीन लगाकर तैयारियां करते लोग।

कर्नाटक-आंध्र सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

कोलार (कर्नाटक)। कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित एक चौकी पर एक निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को कोलार जिले में मुलबागल तालुक के नांगली थानाक्षेत्र में नांगली चौकी पर उसने जिलेटिन की 1200 छड़ें, सात बक्से डिटोनेटर तार एवं छह डिटोनेटर जब्त किए जिन्हें एक निजी कार में ले जाया जा रहा था। उसके अनुसार एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके फरार साथी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पता करने के लिए सभी कोणों की जांच की जा रही है कि कहीं यह सामान अवैध उत्खनन के लिए तो नहीं ले जाया जा रहा था।

बदलता युग | वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा की जारी, पांच साल से चल रहा था काम

'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप

25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा पर्याप्त संशोधन के बाद किया गया अनुमोदित

वैटिकन सिटी, एजेंसी

वैटिकन ने सोमवार को लिंग परिवर्तन सर्जरी और किराए की कोख (सरोगेसी) को मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन करने वाले गर्भपात एवं इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं।

सिद्धांत कार्यालय, वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा जारी की जिस पर पांच साल से काम चल रहा है। हाल के महीनों में पर्याप्त संशोधन के बाद, इसे 25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित किया गया, जिन्होंने इसके प्रकाशन का आदेश दिया। वैटिकन ने इसमें लिंग सिद्धांत या इस विचार को अस्वीकार किया कि किसी व्यक्ति का लिंग बदला जा सकता है। घोषणा में कहा गया है कि ईश्वर ने पुरुष और स्त्री को जैविक रूप से अलग-अलग प्राणियों के रूप में बनाया है तथा भगवान की इस योजना के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए या खुद को भगवान बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि लिंग परिवर्तन सर्जरी और सरोगेसी मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन रकने वाले गर्भपात और इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं। यह दस्तावेज अमेरिका सहित कुछ देशों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हो रही कुछ प्रतिक्रियाओं के समय आया है। अमेरिका में रिपब्लिकन नीत राज्य विधानसभाएं ट्रांसजेंडर युवाओं और कुछ मामलों में वयस्कों के लिए चिकित्सा देखभाल को प्रतिबंधित करने वाले विधेयकों पर विचार कर रही हैं।

क्या होती है सरोगेसी

सरोगेसी में एक व्यक्ति किसी और के लिए बच्चे को पालने और जन्म देने के लिए सहमत होता है। बच्चे के जन्म के बाद, जन्म देने वाले माता-पिता इच्छित माता-पिता या माता-पिता को हिरासत और संरक्षकता देते हैं। सरोगेसी में जटिल कानूनी और चिकित्सीय चरण होते हैं जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। प्रक्रिया से अवगत होना, पेशेवर सलाह लेना और सहायक नेटवर्क बनाना महत्वपूर्ण है।